RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 12
फरीदाबाद, सोमवार, 15 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

संस्थानों में जेंडर शिष्टाचार
पेज- 12

मौसम फरीदाबाद
अधिकतम 27.01°C
न्यूनतम 13.01°C

क्विक न्यूज

तत्काल फास्टैग अपनाएं, नहीं बढ़ेगी समय सीमा : गडकरी

नागपुर। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि फास्टैग के कार्यान्वयन की समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों को तुरंत इस ई-भुगतान सुविधा को अपनाना चाहिए। फास्टैग टोल प्लाजा पर शुल्क के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान की सुविधा प्रदान करता है। इसे 2016 में पेश किया गया था। टैग अनिवार्य बनाने से यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि वाहनों को टोल प्लाजा के माध्यम से बिना रुके गुजरने की सुविधा दी जाए।

काम की खबर : छह दिन तक बंद रहेगा नीलम पुल

फरीदाबाद। नेशनल हाईवे से एनआईटी को जोड़ने वाला नीलम पुल अगले 6 दिन तक के लिए बंद रहेगा। क्योंकि 5 महीने पहले हुए अग्निकांड में क्षतिग्रस्त हुए चार पिलरों की मरम्मत का काम पूरा हो गया है। अब उसमें बैरिंग बदली जानी है, ताकि पुल का बैलेंस ठीक किया जा सके। इसलिए पुल को बंद किया जा रहा है। पुल के बंद होने से शहरवासियों की समस्या बढ़ जाएगी, इसलिए लोगों को एनआईटी से हाईवे आने-जाने के लिए वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करना पड़ेगा।

पुलवामा की बरसी : जम्मू में सात किलो आईईडी बरामद

जम्म। जम्मू शहर में बस स्टैंड पर आईईडी बरामद हुई है। इलाके में जगह-जगह पर सुरक्षाबलों ने नाके लगा दिए हैं। यह विस्फोटक शनिवार देर रात बरामद किया गया। पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर आतंकी बड़े हमले की फिराक में थे। वहीं जम्मू में आतंकी गतिविधियां तेज होने से सुरक्षा एजेंसियां और भी सतर्क हो गई हैं।

लोगों ने नम आंखों से दी रिंकू शर्मा को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। मंगोलपुरी में रविवार को हजारों की संख्या में लोगों ने रिंकू शर्मा को उनके निवास स्थान पर जाकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों की काफी संख्या थी। यहां पहुंचे लोगों ने रिंकू की मौत पर गहरा दुख जताया और उनके हत्यारों को जल्द और सख्त सजा देने की मांग की। मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल के समीप मुख्य सड़क पर श्रद्धांजलि आयोजित की गई थी, जिसमें दिल्ली के अलावा दूसरी जगहों से भी लोग शामिल होने पहुंचे थे।

वेलेंटाइन-डे लव मैरिज करने वाली महिलाओं ने खेला मैच

पटना। पटना के मनोज कमलिया स्टेडियम में वैलेंटाइन-डे पर महिलाओं ने अनोखा क्रिकेट मैच खेला। मैच की खासियत यह थी कि दोनों टीम में लव मैरिज करने वाली 15-15 खिलाड़ी थीं। मैच के दौरान सभी ने लाल टी-शर्ट पहनी, तो मैदान के चारों तरफ भी लाल-पीले गुब्बारे लगाए गए। मैच की अंपायरिंग लव मैरिज करने जा रहे कपल ने की। वहीं कमेंट्री के लिए प्रेमी जोड़े ही मौजूद थे। मैच का उद्घाटन लव मैरिज करने वाले जोड़े ने ही किया। इस दौरान मोहब्बत से भरे गीत-संगीत से माहौल खुशनुमा बना हुआ था।

कोरोना मीटर

विश्व	
कुल	1,08,623,994
मौतें	2,395,438
ठीक	60,924,320
भारत	
कुल	10,910,589
मौतें	155,734
ठीक	10,613,072

स्रोत: www.covid19india.org

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

सेना को मिले 118 अर्जुन टैंक

8400 करोड़ रुपये की लागत से डीआरडीओ ने किए तैयार

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु और केरल के दौरे पर थे। चेन्नई में उन्होंने 118 हाईटेक अर्जुन टैंक (एमके-1ए) सेना को सौंपे। इस दौरान आर्मी चीफ एमएम नरवणे भी मौजूद रहे। इन टैंकों को डीआरडीओ ने 8400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया है। इसके बाद प्रधानमंत्री केरल पहुंचे।

उन्होंने कोच्चि में बीपीसीएल की 6,000 करोड़ रुपये की प्रोपलीन डेरिवेटिव्स पेट्रोकैमिकल्स कॉम्पलैक्स राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, आज हम जिस कार्य का शुभारंभ कर रहे हैं, उससे सभी सेक्टर्स को फायदा होगा और भारत के विकास को गति मिलेगी। बीपीसीएल कॉम्पलैक्स से फॉरेन एक्सचेंज में फायदा होगा और रोजागार के अवसर बढ़ेंगे।

केरल में 6000 करोड़ रुपये की परियोजना राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

मोदी ने कहा, ऊर्जा और सकारात्मकता से भरा है चेन्नई

मोदी ने तमिलनाडु में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, कोई भी भारतीय आज का दिन नहीं भूल सकता है। दो साल पहले आज ही के दिन पुलवामा में हमला हुआ था। हम उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने उस हमले में अपनी जान गंवा दी थी। हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। उनका साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। आज मैंने देश में बने और डिजाइन किए गए अर्जुन मैन बैटल टैंक देश को सौंपे हैं। प्रधानमंत्री ने चेन्नई में कहा, चेन्नई ऊर्जा और सकारात्मकता से भरा है। यहां जोरदार स्वागत के लिए धन्यवाद। आपके प्यार और स्नेह से अभिभूत हूं। चेन्नई में हमने 3 इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरुआत की। ये प्रोजेक्ट देश के विकास के प्रतीक हैं। ये तमिलनाडु के विकास को दिखाते हैं।

बेंगलुरु की एक्टिविस्ट दिशा 5 दिन के रिमांड पर

ग्रेटा थनबर्ग टूलकिट केस

नई दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर ग्रेटा थनबर्ग के अकाउंट से शेयर टूलकिट केस में गिरफ्तार हुई बेंगलुरु की क्लाइमेट एक्टिविस्ट दिशा रवि से पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिशा ने ही टूलकिट का गूगल डॉक बनाकर उसे सर्कुलेट किया। इसके लिए उसने वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था। वह इस टूलकिट की ड्राफ्टिंग में भी शामिल थी।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने शनिवार को 21 साल की क्लाइमेट एक्टिविस्ट दिशा रवि को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया था। दिशा फ्राइडे फॉर फ्यूचर कैंपेन की संस्थापकों में से एक है। दिल्ली की कोर्ट ने उसे 5 दिन के लिए स्पेशल सेल की कस्टडी में भेजा है। पुलिस उसे रविवार शाम साढ़े 4 बजे साइबर सेल के द्वारका ऑफिस लाई। यहीं उससे आगे पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने बताया कि दिशा ने कबूल किया कि उसने टूलकिट में कई जानकारियां जोड़ीं और उसे एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया। उसने ही टूलकिट एडिट कर इसे ग्रेटा थनबर्ग के साथ शेयर किया था।

देश के हालात : आम और खास आदमी खुद लड़ रहा अपनी लड़ाई

देशभर में ट्रकों की चाबियां कलेक्टरों को सौंपेंगे मालिक

एजेंसी। नई दिल्ली

- ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी पर ट्रक मालिकों का रोष
- देश में विपक्ष बेहद कमजोर हर मोर्चे पर हो रहा फेल
- चक्का जाम की बजाय कामबंदी का तरीका अपनाएंगे

कोरोना के बाद जिस तरह आम और खास आदमी बेरोजगारी, हताशा-निराशा और महंगाई की मार से जूझ रहा है, केंद्र सरकार उस पर मरहम लगाने की बजाय और दंश दे रही है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर लगाम लगाने की बजाय पेट्रोलियम मंत्रालय क्रूड कंपनियों की आड़ लेकर कीमतों को जायज में ठहराने लगा हैं। हालिया बजट पर विश्लेषण करने वाले विशेषज्ञ यह कह चुके हैं बहुत जल्द देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 100 को पार कर जाएंगी। इसका सीधा असर आम और खास हर वर्ग पर बुरी तरह पड़ने वाला है। व्यक्ति की जेब निजी वाहन चलाने से तो ढीली होगी ही, साथ ही घरेलू बजट पर भी बुरा असर पड़ने वाला है। मालवाहक वाहनों की ढुलाई महंगी होने वाली है। एक व्यक्ति चौतरफा मार झेलने से झुंझला रहा है। विपक्ष हर बात को मुद्दा बनाने की फिराक में रहता है। कांग्रेस हर मंच पर लोगों को नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन की याद दिला रही है। हालांकि देश में विपक्ष बेहद कमजोर है। लिहाजा लोग खुद अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

इस कड़ी में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस भी केंद्र सरकार की नाकामयाबी के विरोध में आगे आई है। शनिवार को ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की एक बैठक हुई थी, जिसमें कई तरह के निर्णय लिए गए। ईंधन की कीमतों में बेलगाम बढ़ोतरी पर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रवक्ता राजेंद्र कपूर ने मीडिया को बताया कि पूरे देश भर में जल्द ही विरोध स्वरूप ट्रक मालिक अपने वाहनों की चाबियां कलेक्टर को सौंपेंगे। कपूर ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। कई शहरों में पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर से भी ज्यादा हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों पर सरकार किसी भी तरह का अंकुश नहीं लगा रही है। आशंका है कि यह आंकड़ा 100 रुपये प्रति लीटर के पार भी जा सकता है। इससे नाराज ट्रक मालिकों ने सरकार को चेतावनी दी है कि वह पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर अंकुश लगाएं, अन्यथा 15 दिन बाद सभी ट्रक मालिक अपने वाहनों की चाबियां जिला कलेक्टरों को सौंप देंगे। इसके बाद 3700 संगठन सरकार को पत्र लिखेंगे।

कपूर के मुताबिक किसी भी मालभाड़े में लगभग 65 प्रतिशत तक का खर्च पेट्रोल-डीजल का होता है। ईंधन की कीमतों की बढ़ोतरी से ट्रक चालकों का घाटा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि डीजल की कीमतों में वृद्धि के कारण उनकी लागत बढ़ती जा रही है और उनके पास ट्रकों की ईएमआई चुकाने तक के पैसे नहीं बच रहे हैं। ट्रक चालकों के मुताबिक दिल्ली-मुंबई के बीच ट्रकों का मालभाड़ा औसतन 27-30 हजार रुपये के बीच होता है। यही भाड़ा तब भी मिलता था जब बाजार में डीजल की कीमतें 56 रुपये प्रति लीटर होती थीं। आज जब डीजल की कीमतें 82-85 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुकी हैं, तब भी उन्हें इतना ही माल भाड़ा मिल रहा है।

प्रति किलो मीटर तय करने की मांग

ट्रक चालकों के संगठन सरकार से मांग करेंगे कि उनका माल भाड़ा भी ऑटो-टैक्सी की तरह प्रति किलोमीटर की दर से तय किया जाए। यह किराया तेल कीमतों से लिंक होना चाहिए। तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ इसमें भी बढ़ोतरी की जानी चाहिए। इससे देश के करोड़ों ट्रक मालिकों-चालकों को तेल की बेलगाम तरीके से बढ़ती कीमतों की मार से बचाया जा सकेगा। ट्रक मालिक-चालक इस समय भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

बढ़ रही हैं सब्जी की कीमतें

बाजार में प्याज एक बार फिर 50-60 रुपये के बीच पहुंच चुका है। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे सबसे बड़ा कारण इसका नासिक की मंडियों से खरीद और लंबी यात्रा (भारी मालभाड़े) के बाद लोगों तक पहुंचना है। अन्य सब्जियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो रही है। अगर सरकार डीजल कीमतों पर जल्द काबू नहीं करती है तो इनमें तेज बढ़ोतरी हो सकती है। चिंता की बात यही है कि मालभाड़ा बढ़ते ही उत्पादक कंपनियां अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाएंगी। प्रत्येक उत्पाद की कीमत लगातार बढ़ रही हैं। मालभाड़ा बढ़ते ही सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थ भी महंगे होंगे। किसानों की लागत भी बढ़ जाएगी।

कहां कितनी है पेट्रोल की कीमत: दिल्ली में 88 रुपये से अधिक, औरंगाबाद में पेट्रोल की कीमत 96.37 रुपये प्रति लीटर, भोपाल में 96.69 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 92.26 रुपये प्रति लीटर, इंदौर में 96.77 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में 95.17 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में 95.21 रुपये प्रति लीटर हो चुकी है।

डीजल 84 से 87 रुपये लीटर के बीच: इसी तरह डीजल की कीमतों में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। भोपाल में डीजल 87.20 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में 84.16 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 86.23 रुपये प्रति लीटर, इंदौर में 87.30 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में 84.74 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

चमोली में रेस्क्यू ऑपरेशन के आठवें दिन

13 शव और मिले, 51 हुई मृतकों की संख्या

रेस्क्यू वर्कर्स ने सुरंग से 130 मीटर तक मलबा हटाया

एजेंसी। चमोली

चमोली के तपोवन में रेस्क्यू ऑपरेशन का रविवार को आठवां दिन था। यहां एनटीपीसी स्थित टनल से छह और शव बरामद किए गए हैं। रैणी गांव से भी सात बॉडी मिली हैं। अब तक मिलने वाले शवों की संख्या 51 हो गई है। सुरंग के अंदर एक और बॉडी का पता चला है, जिसे निकालने की कोशिश जारी है। सुबह दो बॉडी बरामद होने के बाद टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया था। रेस्क्यू टीम ने कहा कि हमें अभी भी टनल में फंसे हुए लोगों के बचा लेने की उम्मीद है। इस टनल में अभी करीब 32 वर्कर्स के फंसे होने की आशंका है।

एनडीआरएफ के कमांडर पीके तिवारी के हवाले से कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि टनल के अंदर कुछ लोग अभी भी जीवित हैं। तिवारी ने कहा कि हम अपने अनुभव के आधार पर अभी भी निराश नहीं हुए हैं। हमें लगता है कि टनल में अभी भी ऑक्सीजन मौजूद है और ऐसे गैप भी जिसमें लोग जिंदा रह सकते हैं। हमारे 100 से ज्यादा साइंटिस्ट लगातार रास्ते तलाशने में लगे हुए हैं और इन पर तुरंत अमल किया जा रहा है। टीम टनल में 130 मीटर तक पहुंच चुकी है। इस टनल से लगी एक सुरंग में शुक्रवार और शनिवार को होल किया गया है। इसका मुहाना 75 मिमी चौड़ा है। अब कोशिश इसे 300 मिमी चौड़ा करने की है ताकि कैमरा और पानी बाहर फेंकने वाला पाइप इन्स्टॉल किया जा सके। जिला प्रशासन के अनुसार, मिले दोनों शव उत्तराखंड के निवासी थे। शवों की शिनाख्त अनिल सिंह निवासी कालसी और आलम सिंह निवासी लोयर गांव, गुल्लर घाटी के रूप में हुई है। आलम सीनियर इलेक्ट्रॉशियन था, जबकि अनिल वेल्डर था। अन्य लोग सुरंग से कुछ दूर हो सकते हैं। तलाशी अभियान जारी है।

करीब ढाई किलोमीटर है टनल की लंबाई

उत्तराखंड पुलिस के मुताबिक, आपदा के बाद कुल 206 लोगों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इनमें अभी 153 लोगों की तलाश जारी है। ऋषिगंगा, धौलीगंगा और आसपास की नदियों में लोगों को तलाशने का काम तेज कर दिया है। रेस्क्यू टीम टनल में अंदर के हाल जानने के लिए ड्रोन और रिमोट सेंसिंग उपकरणों की मदद भी ले रही है। इस टनल की लंबाई करीब ढाई किलोमीटर है। इसका ज्यादातर हिस्सा आपदा में आए मलबे से भरा पड़ा है।

आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में 14 की मौत

कुर्नूल (आंध्र प्रदेश)। जिले में रविवार सुबह एक मिनी बस के लॉरी (ट्रक) से टकरा जाने से 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा और आठ महिलाएं शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह 4 बजे हुई। चित्तूर जिले के कुछ लोग एक मिनी बस से हैदराबाद की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया, ये लोग राजस्थान के अजमेर जा रहे थे और प्रारंभिक जांच से लगता है कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। वाहन पहले डिवाइडर से टकराया और फिर इसके बाद पलटते हुए सड़क के दूसरी तरफ एक लॉरी से टकरा गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंचायतों को दो दिन में रिकार्ड जमा करवाने के आदेश

डीडीपीओ व बीडीपीओ के माध्यम से कार्रवाई पूरी करने के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तय समय से देरी से करवाने के बाद अब सभी पंचायतों को अपना-अपना रिकार्ड पूरा करके डीडीपीओ और बीडीपीओ को जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। संबंधित जिला अधिकारी इसी सप्ताह प्रदेश मुख्यालय को रिपोर्ट बनाकर भेजेंगे। जिसके बाद प्रशासन अधिकारियों को तैनात कर दिया जाएगा।

हरियाणा में इस समय 22 जिला परिषद, 6205 ग्राम पंचायत और 142 ब्लाक समितियां हैं, जिनका कार्यकाल 23 फरवरी को पूरा होने जा रहा है। राज्य सरकार पहले ही साफ कर चुकी है। इस बार पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव समय पर नहीं होंगे, जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए जाएंगे। विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि वह पंचायती राज संस्थाओं (ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषरद) का रिकार्ड दो दिन के भीतर पूरा करवाएं।

यमुना जल को केवल स्नान योग्य ही नहीं बल्कि आचमन योग्य भी बनाना है: योगी

मथुरा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वह यमुना जल को 2022 तक केवल स्नान योग्य ही नहीं बल्कि आचमन योग्य भी बनाना चाहते हैं। योगी यहां वृंदावन में यमुना किनारे करीब 65 हेक्टेयर के दायरे में बनाए गए कुंभग्राम के सांस्कृतिक मंच से सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पूर्वाह्न वृंदावन पहुंचकर सबसे पहले बांकेबिहारी के दर्शन किए।

हरियाणा में नहीं होंगी आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

अब अगले साल से लागू होंगे नए नियम

हरियाणा में आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं इस साल भी शुरू नहीं हो पाएंगी। राज्य सरकार ने कोरोना के चलते अपना फैसला बदल दिया है। इस साल भी आठवीं की परीक्षाएं पहले की तरह स्कूल स्तर पर ही आयोजित की जांएगी।

अब अगले साल हरियाणा में आठवीं का बोर्ड बहाल किया जाएगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की अभी तक 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा होती है। पूर्व हुड्डा सरकार ने वर्ष 2008 के दौरान हरियाणा में राइट टू एजुकेशन आरटीई लागू कर दिया था। राइट-टू एजुकेशन एक्ट लागू होने के बाद दस साल पहले आठवीं का बोर्ड हटा दिया गया था। प्रदेश में वर्ष 2009-10 में अंतिम बार आठवीं की बोर्ड परीक्षा हुई थी। पिछले साल जुलाई माह के दौरान यह ऐलान किया गया था कि मार्च 2021 में आठवीं कक्षा की परीक्षाएं बोर्ड के माध्यम से आयोजित की जाएंगी, लेकिन कोरोना के चलते इस बार भी आठवीं की परीक्षाएं बोर्ड के माध्यम से नहीं होंगे। शिक्षा निदेशालय तथा शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

सरकार बिजली कनेक्शन मुहैया कराए, नहीं तो लगाने पड़ेंगे जेनरेटर

एजेंसी। नई दिल्ली

किसान आंदोलन का 81वां दिन

किसान आंदोलन का रविवार को 81वां दिन था। उधर, दिल्ली में 26 जनवरी की हिंसा और फिर आंदोलन स्थलों पर हुई पत्थरबाजी के बाद किसान संयुक्त मोर्चा ने अंदरूनी निगरानी बढ़ा दी है। इसके लिए 150 के करीब वॉलंटियर लाठी और वॉकी टॉकी के साथ जगह-जगह तैनात हैं। वही पूरे दिन ट्रैफिक व्यवस्था भी संभालते हैं। पिछले दिनों बंद रहे इंटरनेट को देखते व्यवस्था के लिए कम्युनिकेशन सिस्टम दुरुस्त किया गया है।

वहीं, दूसरी ओर तीनों कृषि कानूनों की मांग को लेकर कुंडली बॉर्डर पर बैठे किसान अब सरकार पर दबाव बनाने के लिए 18 फरवरी को देशभर में रेल रोको आंदोलन करेंगे। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने सोनीपत रेलवे स्टेशन परिसर और रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। दो रिजर्व बटालियन बुलाई हैं। चार घंटे के लिए रेल रोको आंदोलन को लेकर भी रणनीतियां बनाई जा रही हैं। धरनास्थलों पर बैठे किसान आंदोलन को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए और तेज करने की रणनीतियां बना रहे हैं। अंतिम फैसला संयुक्त मोर्चा की बैठक में होना है कि आगे आंदोलन को किस तरीके से आगे बढ़ाना है। फिलहाल आह्वान किया कि किसी भी कीमत में आंदोलन स्थल पर अशांति न हो और आवागमन व्यवस्था बेहतर रहे।

उधर, भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर कहा कि केंद्र सरकार के विवादित कृषि कानूनों का विरोध तब तक तेज होता रहेगा जब तक कि किसानों की मांगें नहीं मानी जातीं। टिकैत ने यह भी कहा कि गर्मियों में धरना स्थलों पर टिकने के लिए किसानों को एसी और कूलर की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में सरकार को बिजली कनेक्शन देने चाहिए नहीं तो हमें जेनरेटर लगाने पड़ेंगे। जिस तरह लोग हमें पानी उपलब्ध करवा रहे हैं, उसी तरह जेनरेटर के लिए डीजल भी मुहैया करवा देंगे।

दलाल के बयान पर पुतले फूंके गए

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल के दिल्ली बॉर्डर के धरने पर शहीद किसानों के बारे में शनिवार को दिए बयान पर प्रदेशभर में उबाल आ गया है। कहीं दलाल का पुतला फूंका गया तो कहीं फूंकने की तैयारी है। नरवाना के बढोवाल टॉल प्लाजा पर दलाल की शव यात्रा निकालकर पुतला फूंका गया। इसके साथ ही किसानों ने शपथ ली कि गांव और शहर में भाजपा-जजपा नेताओं को नहीं घुसने दिया जाएगा। अंबाला में भी दलाल का पुतला फूंका गया। नांदडी टॉल पर भी रविवार को दलाल का पुतला फूंका गया। पुतला दहन में सैकडों लोग जमा हुए। पुतला दहन के बाद संकल्प लिया गया कि तीनों नए कृषि कानून वापस लिए जाने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

Good Morning!

फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 15 फरवरी 2021 | बोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

बीमारियों से बचने के लिए मास्क को बनाना होगा जीवनशैली का हिस्सा : पटेल

बेशक कोरोना वायरस की वैक्सीन उपलब्ध हो चुकी हैं, लेकिन हमें सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस को नजरअंदाज नहीं करना हैं। कोरोना की वजह से लोग मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन कर रहे हैं। इन नियमों को हमें अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनका पालन करके हम भविष्य में भी कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचे रह सकते हैं। सरकार की गाइडलाइंस को नजरअंदाज कर रहे लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। यह कहना है समाजसेवा के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे राजेश पटेल का। श्री पटेल लॉकडाउन में लगातार गरीब और जरूरतमंदों की मदद करते रहे थे। ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और राजेश पटेल की बातचीत के अंश :-***

जीवन परिचय

नाम : राजेश पटेल
जन्मदिन : 21 मई 1971
पिता : स्वर्गीय लगन प्रसाद
माता : माधुरी देवी
पत्नी : रूपा पटेल
परिवार : बेटा राहुल व बेटी रश्मि
स्कूल : 12वीं - नारायण महाविद्यायल, शिवान, बिहार
उच्चशिक्षा : स्नातक - पटना विश्वविद्यालय
रुचि : समाजसेवा

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

जवाब : वर्ष 1993 मैंने फरीदाबाद आकर टेलब्रोस कंपनी ज्वॉइंन कर ली थी। इसके बाद मैंने दो साल जीबीएम कंपनी में काम किया। दो साल के लिए मैं सउदी अरब चला गया था, लेकिन वहां भारतीय संस्कृति न होने से लौट आया। वापस यहां लौट कर मैंने गुरुग्राम में हीरो ग्रुप की रीको कंपनी ज्वॉइंन कर ली।

● **सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

जवाब : मेरा सेना के साथ काफी लगाव रहा है। मैं सेना में भर्ती होना चाहता था, लेकिन वजन कम होने की वजह से सम्भव नहीं हुआ। जिसके कारण मैंने अपने गांव और आसपास के इलाके में रहने वाले सैनिक परिवारों का ध्यान रखना शुरू कर दिया। मैं उनकी हर सम्भव मदद करता था।

● **सवाल : समाजसेवा की तरफ आपकी रुचि कैसे बड़ी।**

जवाब : ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की कटाई के दौरान काफी प्रदूषण बढ़ जाता है। वर्ष 2008 में मैंने बिहार में एक स्कूली बच्चे को बेहोश होते देखा था। मैंने उसी दिन से ग्रामीण इलाकों में मार्च और अप्रैल के महीने में मास्क वितरण शुरू कर दिया था। अब तक मैं करीब दो लाख मास्क बांट चुका हूं।

● **सवाल : वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान आपने कब शुरू किया था।**

जवाब : वर्ष 2011 में कोहरे के दिनों में मैं राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्वस्थ्य होने के बाद मुझे लगा कि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने की दिशा में कुछ करना होगा। जिसके हमने अपनी टीम के साथ फरीदाबाद और गुरुग्राम में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान छेड़ दिया। हम अब तक करीब डेढ़ लाख वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा चुके हैं।

● **सवाल : क्या आप किसी सामाजिक संस्था के साथ भी जुड़े हुए हैं।**

जवाब : मैं पूर्वांचल की कई संस्थाओं के साथ जुड़ा हुआ हूं। साथ ही मैं डॉ. राजेंद्र प्रसाद फाउडेशन के नाम से अपनी संस्था का संचालन भी करता हूं। मेरी पत्नी रूपा पटेल महिला जनसेवा समिति का नेतृत्व करती है। यह दोनों ही संस्थाएं महापुरुषों की जयंती मनाने के साथ समाजसेवा के कार्य करती हैं।

● **सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

जवाब : उस समय हमने मजदूर परिवारों को लगातार राशन और जरूरत का सामान उपलब्ध कराने का काम किया था। इस दौरान हम लगातार मास्क भी बांट रहे थे।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

जवाब : हमें हर हाल में अपने काम तो करने ही होंगे, लेकिन इस दौरान हमें सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरी सावधानी के साथ पालन करते रहना होगा।

● **सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

जवाब : नियमों के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सरकार को सख्ती करनी होगी।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

जवाब : सरकार ने काफी सोच समझकर लॉकडाउन किया था। इसलिए आज हमारे देश में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

संक्षिप्त समाचार

ग्रेफ के विकास को आठ प्रमुख मुद्दे इंगित

फरीदाबाद। ग्रेफा कन्फेडरेशन आफ आरडबल्यूए ग्रेटर फरीदाबाद व नहरपार विकास मोर्चा की मीटिंग में ग्रेटर फरीदाबाद के आधारभूत विकास के लिए आठ प्रमुख मुद्दों को इंगित किया। कंफेडरेशन व मोर्चा के सदस्यों को मुद्दों के आधार पर आठ टीमों में बांटा गया, जो प्रत्येक मुद्दे पर संगठित होकर कार्य करेंगे। मुद्दों में प्रमुख रूप से सीवर, ओसी, बिजली, फायर स्टेशन, सेफ्टी, रोड, स्ट्रीट लाइट्स, बस, ग्रीन बेल्टों का अतिक्रमण व ग्रेप पर विचार-विमर्श शामिल हैं। सभी टीमें उनके द्वारा किए गए कार्यों पर अगले सप्ताह प्राग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मीटिंग का आयोजन संस्था के मुख्य ट्रस्टी अरुण भारतीय, रोहित रावत, रेणु खट्टर, अधिवक्ता सतेंद्र दुग्गल की अगुवाई व निर्मल कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में किया। जिसमें पूरी प्राणायाम से निशांत रस्तोगी, अंशुमान कौशिक, हरी सिंह, मधुर गुप्ता, गुरदीप गांधी, सेक्टर 85 से दीपा सक्सेना, दिनेश मेहता, आरके श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्ताव, रविंद्र कुमार, सूमर खत्री, नसिमुल हक, शैरी सक्सेना, रविंद्र चौधरी, राजेश मुड़गिल, एमसी गुप्ता, दीपक शर्मा, शरण लाल भाटिया, अभय सक्सेना, इंद्रा कोठारी, विक्रांत गौर, अरुण यादव व सुभाष चंदर भी शामिल हुए। अगली मीटिंग टीमों के प्रगति रिपोर्ट के साथ अगले रविवार होना तय हुआ है।

पंचायती क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

फरीदाबाद। मानव जीवन के लिए खेल एक अहम हिस्सा है। जीवन में खेल को अपना हिस्सा बनाने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल बहुत अच्छे शारीरिक और मानसिक व्यायाम के लिए सबसे अधिक आसान और आरामदायक तरीका है। ये बात भाजपा नेता साहिल नम्बरदार ने पाली गांव के बुद्धि सिंह स्टेडियम में 14 फरवरी से शुरू हुए पंचायती क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर कही। प्रतियोगिता में जिले की 50 टीमें भाग ले रहीं हैं और प्रथम इनाम 51 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 31 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। प्रत्येक मैच आठ-आठ ओवर के होंगे। साहिल नम्बरदार ने कहा कि टूर्नामेंट से गांव की प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। मिशन जाग्रति के संस्थापक महासचिव प्रवेश मलिक ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप सब जिस तरह से इस मैदान में अपना खेल दिखा रहे हैं उसे देख लगता है कि आप सबमें से ही कोई खिलाड़ी कभी न कभी देश के लिए क्रिकेट खेलेगा। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें पहचानने की जरूरत है। प्रतियोगिता में मंच का संचालन राज कुमार भड़ाना कर रहे हैं जबकि उद्घाटन अवसर पर कैप्टन तेज सिंह, नंदी राम भड़ाना, लोकेश भड़ाना, सोनू गुर्जर, सन्नी दत्त एवं पाली की सरदारी मौजूद रही।

वैलेंटाइन डे पर पुलिस दिन भर रही मुस्तैद

फरीदाबाद। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के दौरान फरीदाबाद पुलिस पूरे जिले में मुस्तैद नजर आई। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, क्राइम यूनिट को दिशा-निर्देश जारी किए थे कि फरीदाबाद जिले में किसी भी लड़की, महिलाओं के साथ कोई अभद्र व्यवहार न करें, जिसके चलते सभी सड़कों, पार्कों, बाजार, मेट्रो स्टेशन रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा हॉल, मोल पर निगरानी रखेंगे। जैसा कि आप सभी जानते हैं हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है और कई बार इस दिन देखने को मिलता है कि कुछ शरारती तत्व महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जिसके चलते सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने थाना एरिया में औरतों की सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैद रहे। इस दौरान पुलिस की मुस्तैदी के चलते पुलिस ने महिलाओं के साथ किसी भी तरह का अभद्र व्यवहार नहीं होने दिया गया।

डॉक्टरों ने मरीजों संग मनाया वैलेंटाइन डे

फरीदाबाद। लॉकडाउन के दौरान सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या से ग्रस्त लोगों को बहुत अधिक परेशानी झेलनी पड़ी थी। इसे ध्यान में रखते हुए 'वैलेंटाइन डे' के मौके पर सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल में नि:शुल्क न्यूरोलॉजी कैंप का आयोजन किया। क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नजीब उर रहमान ने मरीजों को गुलाब का फूल देकर एक खुशी भरा एवं सकारात्मक सन्देश दिया। अस्पताल में आयोजित कैंप का 102 लोगों ने फायदा उठाया। कैंप में लोगों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई और उन्हें मस्तिष्क एवं न्यूरो रोगों पर बिना किसी शुल्क के परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. नजीब उर रहमान ने बताया कि कैंप में आये ज्यादातर लोगों में तेज सिरदर्द, गर्दन दर्द और माइग्रेन की समस्या अधिक देखने को मिली। साथ ही लोगों को स्ट्रेस कम लेने की सलाह दी गई। कैंप में आये लोगों ने अस्पताल की इस पहल की बहुत सराहना की।

शहर का तापमान

● अधिकतम 27.05 डिग्री सेल्सियस
● न्यूनतम 13.02 डिग्री सेल्सियस

शहर में आज

- बीके अस्पताल में कोरोना जांच, ओपीडी व वैक्सीनेशन: सुबह 9 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन: सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में किसानों और पीटीआई टीचरों का धरना: सुबह 10 बजे
- माता वैष्णो देवी मंदिर में मां की आरती: सुबह 6 बजे

निवेश गुरु

फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड की छह बंद हुई स्कीमों के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। फंड हाउस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार छह स्कीमों में से पांच में कैश होल्डिंग का पेमेंट करेगा। ये स्कीमें पिछले साल अप्रैल में बंद हुई थीं। फ्रैंकलिन इंडिया लो ड्यूरेशन फंड में निवेशकों को अपने निवेश के मूल्य का करीब 63 फीसदी वापस मिलेगा। वहीं, फ्रैंकलिन इंडिया अल्ट्रा शॉर्ट बॉन्ड फंड में करीब 50 फीसदी वापस होगा। फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड अगले हफ्ते से कैश बांटना शुरू करेगा। लेकिन, फ्रैंकलिन इंडिया शॉर्ट टर्म प्लान में निवेशक सिर्फ 9 फीसदी वापसी की अपेक्षा कर कर सकते हैं।

यूटीलिटी न्यूज

मंत्री ने किया 5 लाख 51 हजार निधि समर्पण

फरीदाबाद। श्री राम जन्म भूमि क्षेत्र तीर्थ निधि समर्पण अभियान हरियाणा की टीम को हरियाणा प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने अपने परिवार की तरफ से श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण में 5 लाख 51 हजार की राशि समिर्पत की है। बता दें कि रविवार सुबह राम जन्म भूमि क्षेत्र तीर्थ निधि समर्पण अभियान हरियाणा की टीम के सदस्य परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा के सेक्टर 8 फरीदाबाद स्थित मकान पर पहुंची। परिवहन मंत्री के बड़े भाई प्रेमचंद शर्मा, ताराचंद शर्मा, टिपरचंद शर्मा, कर्मचन्द शर्मा और भतीजे कुलदीप शर्मा भी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री सहित सभी भाइयों ने मिलकर श्री राम मंदिर निर्माण में 5 लाख 51 हजार का चेक टीम के सदस्य प्रान्त प्रमुख राकेश त्यागी, प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख मंजुल पालीवाल, जिला सह प्रमुख गोरी दत्त, अभियान जिला पालक सुरेंद्र शर्मा को सौंपा।

क्विक न्यूज

गुल्लक तोड़कर किया समर्पण

फरीदाबाद। रविवार को बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर निधि समर्पण किया। यमुना नदी से सटे गांव लालपुर में बच्चों की आस्था को देखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक राजेश कुमार, करन, कमल और देवकरण हैरत में पड़ गए। खेड़ी खंड में बड़े जोर-शोर से निधि समर्पण अभियान चला हुआ है। अभियान में सभी कार्यकर्ता गांव, कॉलोनी व झुग्गियों में जाकर लोगों से समर्पण जुटा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव लालपुर में रविवार को राजेश, करन, कमल और देवकरण उस वक्त हैरत में पड़ गए जब पायल, माही, दक्ष और हर्षिता ने अपनी-अपनी गुल्लक तोड़ कर समर्पण किया। इन सभी बच्चों की उम्र पांच से आठ साल है। स्वयंसेवकों ने सभी बच्चों के कूपन काटे। इस पर आसपास के मकानों के बाहर बैठे लोग अचंभित रह गए।

समृद्ध समाज की स्थापना के लिए पशुओं के प्रति संवेदनाएं जरूरी : डॉ. आर्पित जैन

स्ट्रीट डॉग के लिए डीसीपी डॉ. जैन व आईपीएस अंशु जैन कर रहे बेहतर प्रयास

राजेश दास। फरीदाबाद

पशु-पक्षी और जीव-जंतु पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं। जीव-जंतु भी मानव समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। कुत्ते आदि मानव काल से इंसानों को सुरक्षा प्रदान करते रहे हैं। उस समय इंसान जहां भी बसा कुत्ते भी हमेशा उनके साथ रहे हैं। ऐसे में इंसान को कुत्तों को नजरअंदाज अथवा उन पर अत्याचार नहीं करने चाहिए। कुत्तों के भरण पोषण को हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हम इनका ख्याल रखेंगे और जाने अंजाने इन पर अत्याचार नहीं करेंगे तो यह भी हमें उतना ही प्यार देंगे। जिससे हमें सबसे ज्यादा मानसिक संतोष मिलेगा। यह कहना डीसीपी हैडक्वार्टर एवं एनआईटी डॉ. अर्पित जैन का। डॉ. अर्पित जैन और उनकी आईपीएस पत्नी अंशु जैन स्ट्रीट डॉग के संरक्षण के लिए बेहरत कार्य कर रहे हैं। वे चाहते है कि हर नागरिक को जीव-जंतुओं की जिम्मेदारी अपना कर्तव्य समझ कर उठानी चाहिए। जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनाएं रखने वाला व्यक्ति कभी गलत कार्य या दूसरों पर अत्याचार नहीं कर सकता। इससे समाज में अपराधों में भी कमी आएगी।

जन मुहिम बनाने की जरूरत

डॉ. अर्पित जैन और डॉ. अंशु जैन को जीव-जंतुओं खासकर गली के कुत्तों के लिए काम करते देख अब अन्य पशु प्रेमी भी उनसे जुड़ रहे हैं। जीव-जंतुओं के संरक्षण में जुटी सामाजिक संस्थाएं और अन्य लोग उनके मार्ग दर्शन में कार्य कर रहे हैं। डॉ. जैन का मानना है कि जीव-जंतु हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। इसलिए हमें इनकी उपेक्षा करने की बजाए इनका ख्याल रखना चाहिए। यदि हम इन्हें भोजन देने के साथ प्यार करेंगे तो यह भी हमें प्यार तो देंगे ही साथ ही इससे हमें मानसिक संतोष हासिल होगा।

विदेशों में मानसिक संतुष्टि के लिए लोग डॉग थैरेपी पर हजारों रुपये खर्च करते हैं। यदि हम अपनी गली के कुत्तों का थोड़ा ख्याल रख लें तो हमें मुफ्त में मानसिक संतोष मिल सकता है।

जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए इसे जन मुहिम बनाने की जरूरत है। इनकी संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए लोगों को इनकी नसबंदी की जिम्मेदारी खुद लेनी होगी। ऑपरेशन के दौरान और बाद में कुछ दिन उनका विशेष ख्याल रखने के साथ उसे उसकी जगह पर छोड़ना होगा।

किए कई विशेष कार्य

फरीदाबाद जिले में आने के बाद से डीसीपी डॉ. अर्पित जैन और डॉ. अंशु जैन ने केवल अपनी पुलिस की ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाई है। बल्कि समाज कल्याण के कार्यों के साथ ही वे पशु-पक्षुओं के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम की वजह से उन्होंने पिछले दिनों दाना-पानी अभियान शुरू किया था। जिसके तहत उन्होंने समाजसेवियों की मदद से शहर के चौकी-थानों के नजदीक पशुओं के पानी और चारे के लिए अलग-अलग टब रखवाए थे। आसपास के लोगों के सहयोग से इनमें नियमित रूप से पानी और चारे की व्यवस्था लगातार की जा रही है। पिछले दिनों सर्दी के मौसम में स्ट्रीट डॉग को ठंड से बचाने के लिए उन्होंने छोटे-छोटे शेड बनवाने की मुहिम शुरू की। पुलिस लाइन में पांच और शहर अन्य हिस्सों में कुत्तों के लिए घर बनाए गए है। कुत्तों के लिए जगह-जगह बोरियां और ड्रम भी रखवाए गए हैं। कुत्तों को गर्मी से बचाने के लिए वे नोएडा की एक सोसायटी की तर्ज पर अलग तरह के घर बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा कुत्तों की बढ़ती संख्या ध्यान में रखते हुए वे लोगों के सहयोग से कुछ कुत्तों की नसबंदी भी करवा चुके हैं।

संस्कारों में मिला पशु प्रेम

डीसीपी डॉ. अर्पित जैन और उनकी धर्मपत्नी डॉ. अंशु जैन को जीव-जंतुओं से प्रेम करने की भावना संस्कारों में मिली है। डॉ. अर्पित जैन बताते हैं कि उनके पिता डॉ. जीके जैन को जीव-जंतुओं से काफी लगाव था। वे घर के आसपास के कुत्ते और अन्य जीव-जंतुओं का काफी ख्याल रखते थे। पिता को देखकर उन्हें भी जीव-जंतुओं से लगाव हो गया। उनके मन में आज भी पशुओं के प्रति प्रेम बरकरार है। फरीदाबाद आने के बाद जब वे पुलिस लाइन में बनने वाले अपने मकान को देखने के लिए आए तो निर्माणधीन मकान में चार-पांच पिल्ले मौजूद थे। बाद में इन पिल्लों को निर्माण में लगे मजदूरों ने भगा दिया था। मकान में शिफ्ट होने के बाद डॉ. अर्पित जैन और डॉ. अशु जैन ने छोटे-छोटे पिल्लों के साथ आसपास के अन्य कुत्तों का भी ख्याल रखना शुरू कर दिया। वर्तमान में आईपीएस दंपति आसपास के करीब दर्जनभर कुत्तों का भरण पोषण और यहां तक कि उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रख रहे हैं।

हम सबकी जिम्मेदारी

डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि पशुओं पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए कानून तो है, लेकिन हमें अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इनका ध्यान रखना चाहिए। हर बच्चे को शुरू से ही जीव-जंतुओं से प्यार करने का संस्कार देना होगा। क्योंकि जीव-जंतुओं के प्रति दया भाव रखने वाला किसी के साथ भी गलत नहीं कर सकता।

अपने हिस्से का कर्म करें

डॉ. अंशु जैन ने कहा कि एक-दूसरे पर दोष मढ़ने की बजाए हमें खुद अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यदि हम एक कुत्ते की जिम्मेदारी ले लेते हैं तो इन्हें सड़कों पर भूख-प्यास और बीमारी से मरने से बचाया जा सकता है। यदि हम इन्हें दाना-पानी देने के साथ थोड़ा भी ख्याल रखेंगे तो यह बदले में हमें मानसिक संतोष देते हैं।

संकल्प दिवस पर 151 युवाओं ने किया रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

समाजसेवी भुवनेश कुमार ढींगडा की 11वीं पुण्यतिथि पर रविवार को 151 रक्तदाताओं ने इस संकल्प के साथ रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि वह स्वर्गीय ढींगडा के दिखाए समाजसेवा के रास्ते पर निरंतर अग्रसर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ढींगडा की पुण्यतिथि पिछले सालों की भांति रविवार को भी तीन जी स्थिति भुवनेश कुमार ढींगडा मैमोरियल पार्क में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन व भजन के आयोजन के साथ-साथ रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

भाई मित्र मंडल और भुवनेश ढींगडा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक साल मनाए जाने वाले आयोजन में रविवार को जहां 151 युवाओं ने प्रतीकात्मक रक्तदान किया वहीं उनके समर्थकों ने संकल्प भी लिया कि जब कभी भी कहीं भी किसी को रक्त की आवश्यकता होगी वह रक्तदान के लिए हर समय उपस्थित रहेंगे। युवाओं के जोश को देख यहां पर उपस्थित एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इस तरह का संकल्प कोई भुवनेश कुमाार ढींगडा के लिए ही ले सकता है क्योंकि उनका जीवन पूरी तरह से समाज के लिए समर्पित था, और अब उनके दिखाए रास्ते पर उनके छोटे भाई और प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता योगेश कुमारा ढींगडा चल रहे हैं जो कि इस तरह के हर साल आयोजनों के लिए बधाई के पात्र हैं।

स्वर्गीय ढींगडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद निगम की महापौर सुमन बाला ने कहा कि वह हर साल दस दिसम्बर व 14 फरवरी को इन आयोजनों में आती हैं और जब युवाओं के जोश को देखती हैं तो उनको गर्व होता है कि वह उस क्षेत्र की मेयर हैं जहां युवाओं में अपने साथी के प्रति इतना स्नेह है। भुवनेश कुमार ढींगडा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए हरियाणा प्रदेश रेडक्रास सोसायटी की उपाध्यक्षा सुषमा गुप्ता ने कहा कि उनके काफी पूराने पारिवारिक सबंध ढींगडा परिवार से हैं। पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुसार भुवनेश को आज भी वह अपने साथ महसूस करते हैं, भुवनेश उनका अपना पुराना साथी है। इस मौके पर मुकेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, अनीशपाल, प्रमोद गुप्ता, बलजीत कौशिक, गौरव ढींगड़ा समेत अन्य कांग्रेसी नेता, उद्योगपति और समाजसेवी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

पुलिस ने किया महिलाओं को जागरूक

फरीदाबाद। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा-निर्देश पर इंस्पेक्टर माया एसएचओ महिला थाना बल्लभगढ़, ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया है। जिसके तहत उन्होंने बल्लभगढ़ क्षेत्र में मौजूद महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया है। बताया कि शहर और ग्रामीण एरिया में महिला विरुद्ध अपराध के बारे में महिलाओं को बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराधों के खिलाफ भी आगाह किया है व अभियान के तहत घर और आफिस के बाहर होने वाली इव टीजिंग के बारे में महिलाओं को जागरूक किया है। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1091, कन्ट्रोल रूम वाट्स एप नंबर 9999150000, एफआइआरएप्प, डीएसआरएएफ के बारे में बताया है। कहा कि महिला पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और जब भी आपको पुलिस सहायता की जरूरत पड़े, तो महिला हेल्पलाइन 1091 पर संपर्क करें।

हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

12 साल तक की उम्र के वच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मां समान हितकारी मोती रत्न धारण व प्राण मुद्रा!

-वो छोटे बच्चे जो अक्सर बीमार पड़ जाते हों-उन्हें चांदी धातु में गढ़े चन्द्रमा के आकार के पेंडेंट में पर्ल रत्न धारण कराया जा सकता है! बच्चों की इम्युनिटी बनाये रखने के लिए, मोती रत्न धारण संग समय सुविधा अनुसार रोजाना पांच-सात मिनट दोनों हाथों की कनिष्ठिका एवं अनामिका अंगुलियों की टिप्स को अंगूठों की टिप्स से मिला-प्राण मुद्रा कराने की सलाह भी दी जाती है!

-कब धारण करें? शुक्लपक्ष के सोमवार को सूर्यउदय के पहले घण्टे में चन्द्र होरा में-मोती युकत पेंडेंट को कच्चे दूध युक्त गंगाजल से धो-इंफेक्शन्स से बचे रहने के लिए - ? हौं वं जूं स: बीजमंत्र से अभिमंत्रित कर धारण करवाया जा सकता है!

-विशेष: संभव हो तो खीर के बने प्रसाद को गऊ माता एवं बच्चों में वितरित किया जाना चाहिए!

प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी

नोट: विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

सरस्वती पूजा के लिए बन रहीं प्रदूषण रहित मूर्तियां

सेक्टर-16 में भी मूर्तिकार सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे हैं और लोग इन मूर्तियों की खरीदारी भी कर रहे हैं

कविता। फरीदाबाद

शहर में बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती पूजन समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सामाजिक धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं की ओर से जगह-जगह 16 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एनआइटी के बाटा हार्डवेयर रोड स्थित दुर्गाबाड़ी में कई मूर्तिकार सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लिए मूर्तियां बना रहे हैं। ऐसे में अजरौंदा, मथुरा रोड, सोहना मोड़ (55 सेक्टर) और सेक्टर-16 में भी मूर्तिकार सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे हैं और लोग इन मूर्तियों की खरीदारी भी कर रहे हैं, क्योंकि इस बार प्रदूषण को रोकने के लिए शहर में ज्यादातर मूर्तिकारों ने प्रदूषण रहित मूर्तियां तैयार की है।

मूर्ति खरीदारों से आस

कोरोना महामारी के कारण मूर्तिकारों को पिछले साल गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा के त्योहार पर भारी नुकसान उठाना पड़ा था। पिछले दिनों त्योहारों पर मूर्तियों की बिक्री कम होने से मूर्तिकार कर्जे में डूबे हुए हैं। अब पूरी तरह से अनलॉक होने से मूर्तिकारों को आस जगी है और वह बसंत पंचमी के लिए मूर्तियां तैयार करके अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने की आस खरीदारों से लगाए बैठे है।

प्रदूषण रहित मूर्तियां

मूर्तिकार अजय ने बताया कि इन मूर्तियों को बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि विसर्जन के बाद इनसे किसी तरह का प्रदूषण न फैलने पाए। इन मूर्तियों को बनाने के लिए चिकनी मिट्टी, यमुनारेत, भूसा और रूई का इस्तेमाल किया जा रहा है। मूर्ति का ढांचा तैयार हो जाने के बाद उसे रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा है। वह स्वयं मिट्टी से ही अलग-अलग तरह के रंग तैयार करते हैं। इस तरह से मूर्तियां तैयार करने के बाद विसर्जन के बाद नदियों और नहरों में जरा भी प्रदूषण नहीं फैलता।

कोरोना ने हिला दी जिंदगी

मूर्तिकारों की मानें तो उनकी मूर्तियां पूरी हो चुकी हैं, कोरोना काल के कारण वह पिछले साल पड़े त्योहारों पर मूर्तियों की बिक्री नहीं कर सके, जिससे उनकी जिंदगी की गाड़ी रुक गई। साफ शब्दों में कहें तो कोरोना ने उनकी जिंदगी को हिला कर रख दिया था, लेकिन अब 16 फरवरी को बंसत पंचमी उनके जीवन में बहार लेकर आएगी, इस उम्मीद से उन्होंने मूर्तियां तैयार की हैं।

ओला कैब चालक को लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

आरोपी बना रहे थे लूट की योजना, दबोचे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने राहगीरों से लूट की योजना बनाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि उनकी टीम ने आरोपी कृष्ण उर्फ पकोड़ा निवासी एसी नगर फरीदाबाद, नितिन निवासी एसी नगर फरीदाबाद, मयूर निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर 23, शाहरुख उर्फ लाल साहब मीठा कुआं सारण फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान गिरोह के सदस्य पल्ला इलाके में बैठकर कहीं लूटपाट करने की योजना बना रहे थे।

इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि थाना पल्ला एरिया में चार आरोपी लूट की योजना बनाने की फिराक में हैं। उन्होंने सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को थाना पल्ला एरिया से दबोच लिया है। थाना पल्ला में आरोपियों के खिलाफ लूट की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में सामने आया कि हाल ही में मुख्य आरोपी मयूर ने शाहरुख उर्फ लाल साहब, नितिन और कृष्ण के साथ मिलकर मेन मथुरा रोड पर रेडिसन होटल के पास से ओला कैब बुक कर ड्राइवर को जबरन रुकवाकर पिस्तौल व लाठी-डंडों के बल पर मारपीट कर कैब ड्राइवर से 12000 रुपये कैश और मोबाइल फोन आदि लूटा था। मुख्य साजिशकर्ता आरोपी मयूर पहले भी चोरी के मामलों में कई बार जेल की हवा खा चुका है।

क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने बताया कि आरोपियों से एक देसी रिवाल्वर, एक बटन दार चाकू, एक रोड लोहा, एक डंडा लकड़ी, बरामद किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से थाना सेक्टर 7 एरिया में कैब ड्राइवर के साथ की गई लूट के मामले में लूटे गए 12000 रुपये कैश और मोबाइल फोन को बरामद किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस पर हमला करने वाले रेत माफिया गिरफ्तार

फरीदाबाद। माइनिंग माफिया द्वारा पुलिस पर हमला करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी चांदपुर टीम ने तीन आरोपियों को काबू किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि नोएडा से एक बच्चे का अपहरण हुआ है जिस संबंध में यूपी पुलिस की सूचना प्राप्त होने पर कठपुला पुल पर नाकाबंदी कर सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल तैनात थे।

जमुना रेती चोरी करने वाले तीन आरोपी अपनी बुग्गी लेकर आ रहे थे सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल ने उनसे कहा कि कोर्ट के आदेश अनुसार यह काम आप नहीं कर सकते इस पर आप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बात पर उन्होंने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों के खिलाफ मामला थाना छायासा में दर्ज था। पुलिस चौकी चांदपुर ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी राजपाल पुत्र रतनलाल निवासी फज्जेपुर खादर, ब्रह्मदत्त पुत्र राजपाल निवासी फाज्जेपुर खादर, जीतन निवासी सोताई को गिरफ्तार किया है।

एचआईवी के मरीजों के लिए एआरटी सेंटर का शुभारम्भ

फरीदाबाद। एचआईवी रोगियों के लिए सेक्टर-आठ ईएसआईसी अस्पताल में एंटी रेटरो वायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर का शुभारंभ रविवार को हरियाणा स्वास्थ्य निदेशालय की महानिदेशक वीना सिंह ने किया। इस मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. रणदीप सिंह पुनिया, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत, डॉ. रमेश, डॉ. रामभगत, डॉ. राजेश श्योकंद, नए खुले एआरटी सेंटर के हैड डॉ. अखिल महाजन के अलावा एचआईवी विभाग का स्टाफ, डॉक्टर और अन्य सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

नहीं जाना होगा दिल्ली : एआरटी सेंटर के शुभारंभ पर वीना सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे नौ केंद्र खोलने की योजना तैयार की है। फरीदाबाद में प्रदेश का यह पहला केंद्र शुरू हो गया है। अब मरीजों को दिल्ली, रोहतक नहीं जाना पड़ेगा, रिपोर्ट आने के बाद उनका इलाज यहीं शुरू कर दिया जाएगा।

होगा फायदा : जिला एड्स कंट्रोल विभाग की प्रमुख डॉ. शीला भगत ने बताया कि जिले में करीब 2500 मरीजों की एचआईवी जांच प्रतिमाह की जाती है। इनमें से 20 से 25 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए जाते हैं। जिले में तीन हजार से अधिक एचआईवी पॉजिटिव मरीज हैं, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के एम्स और रोहतक के पीजीआई अस्पताल में भेजा जाता है। इस केंद्र के शुरू होने से अब इन मरीजों को दिल्ली या रोहतक जाने से छुटकारा मिलेगा।

स्मार्ट क्रिकेटर्स ने जीता 30 रन से मैच

फरीदाबाद। छठां ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैच में स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी (गुरुग्राम) ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (गुरुग्राम) को 30 रन से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी ने 32 ओवर में छह विकेट पर 166 रन बनाए। योगेश ने 43 रन, मोक्ष मुड़गिल ने 31 रन और यश कटारिया ने 30 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज रोहित करहाना, हिमांशु खटाना ने दो-02 विकेट और निशांत यादव ने 01 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30 ओवर में 10 विकेट में 136 रन बनाकर हार का सामना किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सौरभ ने 40 रन, निशांत यादव ने 20 रन और रीमा सिसोदिया ने 15 रन बनाए।

फरार चल रहा आरोपी हुआ गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए जमानत पर आने के बाद से फरार चल रहे एक आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी की पहचान आकाश पुत्र आजाद निवासी गांव बामडोली थाना सेक्टर 10 गुरुग्राम के रूप में हुई है।

प्रभारी क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि आरोपी वर्ष 2017 में गुरुग्राम में मर्डर के एक केस में भोंडसी जेल में बंद था। आरोपी को भोंडसी गुरुग्राम जेल से नीमका जेल ट्रांसफर किया था। आरोपी जमानत पर छूटने के बाद अदालत में तय समय पर पेश नहीं हुआ था।

विधायक नागर ने शुरू कराए लाखों के विकास कार्य

फरीदाबाद। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव शाहाबाद में 45 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में समान विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।

गांव शाहाबाद पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने उन्होंने हाल चाल पूछा और चुनाव में निर्णायक मतों से जिताने पर धन्यवाद भी किया। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों की यहां रास्तों को पक्का करने की मांग थी। जिनका स्थानीय सरपंच अजब सिंह नागर की लगन और सरकार के सहयोग से आज निर्माण शुरू हो गया है। यहां गांव शाहाबाद से ताजूपुर और ढैहकौला तक जाने वाले रास्तों का निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिनके पूरा होने पर स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ होगा। नागर ने कहा कि रास्ते विकास की पहली सीढ़ी होते हैं।

दो झपटमार गिरफ्तार सुलझी वारदात

फरीदाबाद। शहर में छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो नौजवान आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने धर दबोचा है। पुलिस इंस्पेक्टर विमल राय प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम ने संदीप और संजय को गिरफ्तार किया है दोनों ही आरोपी संगम विहार दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली के संगम विहार से दो आरोपी फरीदाबाद शहर में स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने के लिए आए हुए हैं जिस पर उन्होंने कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को फरीदाबाद एरिया से धर दबोचने में कामयाबी हासिल हुई है।

बटनदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 ने बटन दार चाकू रखने के जुर्म में एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान शाहरुख उर्फ इजहार निवासी भलस्वा डेरी दिल्ली के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने आरोपी को विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 17 एरिया से गिरफ्तार किया है।

कोरोना: 3 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46376

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे है। रविवार को जिले में तीन मामले सामने आए हैं। जिसमें सेक्टर-60ए, डीएलएफ, डबुआ कॉलोनी से मरीज शामिल रहे। जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46376 पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ सात मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ जिले में रविवार को 796 सैम्पल लिए गए। अभी 712 मरीजों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांच	: 527232
अब तक पॉजिटिव	: 46376
अब तक नेगेटिव	: 480144
रिपोर्ट आनी शेष	: 712
ऑक्सीजन पर है	: 3
अब तक मौत	: 415
अब तक ठीक	: 480144

हवाबाजी करने के शौक ने पहुंचाया जेल

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी की पहचान दीपक पुत्र रामकिशन निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। आपको बताते चलें कि क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर को सूचना मिली थी कि एक आरोपी थाना खेड़ी पुल एरिया में भारत कॉलोनी में रहता है और अवैध हथियार रखता है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को थाना खेड़ी पुल एरिया से धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ थाना खेड़ी पुल में मामला दर्ज किया है।

निकाला कैंडल मार्च

फरीदाबाद। पुलवामा शहीदों व रिन्कू शर्मा की याद में वरिष्ठ भाजपा नेता गजेन्द्र लाला के नेतृत्व में चार्मवुड विलेज, ईरोज और दयालबाग, अनंगपुर, लकड़पुर, शिव दुर्गा विहार क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च में भाग लिया।

गजेन्द्र लाला ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को आज वह और देश का प्रत्येक व्यक्ति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को भुलाया नहीं जा सकता। हम देश के उन वीर सैनिकों को नमन करते है जो अपने रक्त की एक-एक बूंद मां भारती रक्षा करते हुए गंवा देते हैं। साथ ही दिल्ली में हुए रिंकू हत्याकांड के आरोपियों को वहां की पुलिस गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाए। कैंडल मार्च में श्याम, ब्रह्म, संजय, राजेश अब्दुल, हेमन्त, हंसा, कमलेश, रविन्द्र सिंह, सुशील, रविन्द्र, मुकेश, पवन भाटी, संतोष, श्वेता, सुनीता पांडे, सावित्री, रूपाली, नरेश, अरविन्द, जयप्रकाश, नेगी, पप्पू गढ़वाली, नानकचंद, विनय मिश्रा, राणा, नंदलाल आदि मौजूद थे।

पुलवामा हमले के शहीदों को रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए रक्तदान और स्वस्थ जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर वर्ष मेले, वतन पे मिटने वालो का यही आखरी निशा होगा। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित करने के लिए ग्रामपंचायत हीरापुर में जज्बा फाउंडेशन व राष्ट्रीय बजरंग दल ने रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम वासियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जजपा के जिला अध्यक्ष अरविन्द भारद्वाज रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक युवा समाजसेवी दीपक आजाद ने बताया कि रक्तदान शिविर के माध्यम से हम देश के उन वीर सैनिकों को नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो अपने रक्त की एक-एक बूंद मां भारती की रक्षा करते हुए गंवा देते हैं तो भारत देश के प्रत्येक नागरिक व युवाओं का भी यह कर्तव्य होना चाहिए देश के प्रत्येक गरीब, श्रीमक, मजूदर, असहाय व आम आदमी को कभी रक्त की कमी अनुभव ना हो इसके अलावा निःशुल्क स्वस्थ जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों को उनके स्वस्थ संबंदी समस्यों के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत लगभग 395 ग्रामवासियों ने अपनी स्वस्थ संबंधी परामर्श लिया।

जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया की फरीदाबाद के युवाओं ने कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी बिना रुके, बिना थके, हर दिन रक्तदान शिवरों का आयोजन कर जिले का नाम रक्तदान के क्षेत्र में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने का कार्य किया है और यह कार्य आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

रविवार को रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। और स्वस्थ जांच शिविर मानवता हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया है जिसमे सीएस चौहान, डायरेक्टर जीए नोमानी, डॉ. राहिल, डॉ. पवन, डॉ. अंकित, डॉ. ज्योतिसिंह, डॉ. नाज और हॉस्पिटल सहायक कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर आरके शर्मा, मास्टर विजय कौशिक, धीरज, दिनेश, महेश, अनिल, प्रवीण, निखिल, कुलदीप, पवन, जगमोहन, शेफली चौहान, नर्वदा पांचाल, आदित्य झा, जसवन्त पंवार और हिमांशु भट्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में धूमधाम से मनाया वैलेंटाइन डे

फरीदाबाद। वैलेंटाइन डे को यादगार बनाने के लिए सेक्टर 79 स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में दो दिवसीय वैलेंटाइन डे कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें शहर के सैकड़ों लोग पहुंचे और पूरे जोश से अपने प्यार का इजहार किया एवं धूमधाम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वर्ल्ड स्ट्रीट को पूरी तरह सजाया, मनमोहक सजावट से पूरा माहौल प्यार के रंग में रंग गया। इसके बाद कई प्रतियोगिताएं कराई गयी और हौसला अफजाई के लिए इनाम बांटे। काश बैंड में सिंगर मुस्कान भंडारी ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, और कार्यक्रम का संचालन स्वेता कपूर ने किया तो वही रॉक एंड रोल डांस एकेडमी के आयोजन संजय चौहान ने पूरे माहौल में समा बांध दिया। इसके अलावा कपल्स के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे कपल्स गेम्स, बेस्ट कपल्स, बेस्ट ड्रेस आदि। जिसमें लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। अनेक उपहार समेत बम्पर इनाम के रूप में रैडिसन होटल फरीदाबाद में स्टे, नाश्ता और डिनर दिया। वहीं सेल्फी प्वॉइंट बनाए गए थे, जहां कपल्स उस यादगार पल को कैमरे में कैद किया। ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में आए कपल्स ने कहा कि यह आयोजन बहुत ही खास रहा। आज का दिन प्यार के इजहार करने का होता है, वैसे तो प्यार पूरी जिंदगी रहता है, लेकिन इस प्यार के दिन को आयोजन के तौर पर मनाया गया। जहां हमने खूब इंजॉय किया और वैलेंटाइन डे की शुभकामना व्यक्ति की।

33वीं जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन

फरीदाबाद। जिला रोलर स्केटिंग संघ, फरीदाबाद द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-14 के सहयोग से आयोजित की जा रही दो दिवसीय 33वी जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन रमेश वर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, फरीदाबाद द्वारा किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अनीता गौतम गेस्ट ऑफ ऑनर थी। जिला रोलर स्केटिंग संघ के प्रधान एलएस बाजवा तथा सचिव विराट सरीन और अनीता गौतम द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर खेल विभाग सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी सुनील भारद्वाज, अशोक सैनी, साई के हैंडबॉल कोच सरवन अरोड़ा, जिला रोलर स्केटिंग संघ के वाइस प्रेसिडेंट एसके त्यागी, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, डीएवी स्कूल के स्पोर्ट्स एचओडी जगजीत जाखड़, पीटीआई, डीपीई भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा फाइनल मुकाबलों में प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करके उन्हें आशीर्वाद देते हुए शुभारंभ किया। विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का आयोजन जॉन डेविड, सेवानिवृत्त स्केटिंग कोच की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। रोलर हॉकी के सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रेसिडेंट इलेवन ने पैंथर टीम को 3-1 से हरा कर खिताब जीता। इसी तरह जूनियर लड़कियों के आयुवार्ग में प्रेसिडेंट इलेवन की टीम ने टाइगर्स इलेवन की टीम को 4-2 से हरा कर खिताब जीता।

तीन खिलाड़ियों ने पैदल चाल में पक्का किया ओलम्पिक कोटा

फरीदाबाद। भारतीय एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 13-14 फरवरी तक रांची झारखंड में 8वीं राष्ट्रीय रेस वाकिंग, पैदल चाल दौड़ दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के संदीप कुमार महेंदरगढ़ ने 20 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में एक घंटा 20 मिनट 16 का समय देकर राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर स्वर्ण पदक हरियाणा राज्य को दिया। इससे पहले राष्ट्रीय कीर्तिमान देवेन्द्र सिंह ने 2016 नियोमी जापान में 1 घन्टा 20 मिनट 21 सेकेण्ड समय देकर बनाया था। राजकुमार मिटान ने बताया कि राहुल झज्जर ने एक घंटा 20 मिनट 26 सेकेण्ड का समय देकर रजत पदक जीतकर ओलम्पिक टीम में जगह बनाई। हरदीप भिवानी ने एक घंटा 24 मिनट 41सैकेण्ड का समय देकर कांस्य पदक विजेता बन ओलम्पिक टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। 20 साल लड़की ज्योति ने 10 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में 51 मिनट 52 सेकेण्ड का समय देकर कांस्य पदक जीता। 10 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में 18 साल लड़की में रचना ने 52 मिनट 22 सेकेण्ड का समय दिया और रजत पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पैदल चाल दौड़ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के 40 एथलीट महिला और पुरुष खिलाड़ियों का दल भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और ऐलानाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगड, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, मुख्य कोच धर्मबीर चिकारा और आयु जांच अधिकारी राजिव खत्री ने ओलम्पिक टीम में जगह पक्की करने वाले खिलाडी संदीप कुमार, राहुल, हरदीप और सभी पदक विजेताओं को जीत की बधाई दी।

AFFORDABLE HOUSING SCHEME
Under Affordable Housing Policy 2013 of Haryana Government

APPLICATION

Application are invited from general public in Re-draw for booking of Residential Apartments in the Affordable Housing Project proposed to be developed as per terms and conditions of the Policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 (details available at the Department website ie: tcpharyana.gov.in).

PAYMENT TERMS

1. With application: Booking amount, i.e. 5% of the total cost of flat.
2. On Allotment Additional 20% of the total cost of flat.
3. Balance 75% of the amount in six equal half yearly installments over three year period. Any default in payment, after due date, shall invite interest as provided in Rule 15 of the HRERA, rules 2017.(From 1st Alottment Date)

PROJECT DETAILS

PROJECT: Developers: **M/S JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.**
APPROVALS: Licence No. 105/2019 10.09.2019
PROVISIONS: Project Area 4.681 Acres **LOCATION:** Sector-45, Faridabad
No. of Flats 696
No. of Towers 13
Sale Price: **Rs. 4000/- PSF** + (Rs. 500/- PSF upto 100 sq.ft. balcony) + GST.

SPECIFICATIONS

Drawing/Lobby Flooring: Floor Tiles/IPS **Wall/Ceiling:** OBD **Bed Room Floor:** Tiles/IPS **Kitchen Floor:** Tiles/IPS **Wall/Ceiling:** Tiles upto 2 feet high above Marble/Tile Counter and OBD in balance area **Counter Top/Platform:** Stone/Tiles/Plaster Finish **Fittings & Fixtures:** Single Bowl Stainless Steel Sink & CP Fittings **Balconies Floor:** Tiles/IPS **Toilet & Bath Floor:** Tiles/IPS **Wall:** Tiles/OBD **Doors & Windows:** M.S./uPVC/Aluminium/Flush Doors **Door Frames & Window Frames:** Hardwood/MS-Z Section/uPVC/Concrete/Aluminium frame windows etc. **OTHER DEVELOPMENT: Common Area Flooring:** Stone/Tiles/IPS

APARTMENT DETAILS

S.No.	Type	Carpet Area (in sq.ft.)	Balcony Area (in sq.ft.)	Sale Price (in INR)	Booking Amount
1.	A	645.80	120	26,33,200	1,33,000
2.	B	645.80	120	26,33,200	1,33,000
3.	D	454.60	100	18,68,400	94,355
4.	E	433.14	100	17,82,560	90,000

APPLICATION TIMELINES

Application can be procured & submitted at: **M/s JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.**, 14/3, Mathura Road, Faridabad, Haryana-121010 by paying an application fee of Rs. 1000/- (Incl. GST).
Last date of submission for booking is **15 February 2021**
ELIGIBILITY: 1. Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the Urban Areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of flats.
2. The applicant should not be debarred from entering into legally binding contract under any prevailing law.
3. Any applicant can make only one application. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony . In case , he/ she is successful in more than one colony , he /she will have choice of retaining only one flat.
ALLOTMENT CRITERIA: 1.The allotment of apartments shall be done through draw of lots in the presence of a committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services). Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned.
2. After fixation of date for draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applications about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspaper in which the original advertisement was issued.
3. For detailed criteria and time-frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy 2013 notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (available at the Department website, ie: tcpharyana.gov.in).

Jotindra Steel & Tubes Ltd.: 14/3, Mathura Rd., Faridabad-121010, Haryana
Email: info@sarvome.com | Phone: 9599297309

रन4राम मैराथन में दौड़े गुरुग्रामवासी, शहीदों को किया नमन

जन जागरण के लिए सामाजिक संस्थाओं ने किया रन4राम मैराथन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चल रहे निधि समर्पण अभियान के दौरान जनजागरण के लिए रविवार को रन4राम मैराथन में लोगों ने दौड़ लगाई। दौड़ने से पहले लेजरवैली पार्क में मौजूद सैकड़ों लोगों ने पुलवामा के शहीदों को भी नमन किया।

रेवा फाउंडेशन और जयहिंद जनसेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित मैराथन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भगवान राम के परमभक्त हनुमान जी का ध्वज दिखाकर रवाना किया। लेजरवैली पार्क से शुरू होने वाली सात किलोमीटर लंबी मैराथन में 600 से अधिक लोग दौड़े। इस दौरान पूरा साइबर सिटी राममय बना रहा। हाथों में भगवा झंडे और तिरंगे लेकर लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष किये। पवन जिंदल ने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र हैं। करीब 500 वर्षों के अथक प्रयासों और बलिदान के फलस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय रामभक्तों के पक्ष में दिया।

गुरुग्राम में रन4राम को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने तिरंगा और भगवा झंडा लहराने वाले युवाओं से आह्वान किया कि यह समय है जब हमें अपनी आस्था और अपने देश के लिए काम करना है। हमारे मन में श्रीराम के प्रति आस्था बताती है कि हम अपनी संस्कृति को भूले नहीं है। यही कारण है कि आज सैंकड़ों लोग भगवान राम के नाम पर होने वाली दौड़ में हिस्सा लेने पहुंचे।

इसी तरह शहीदों के प्रति हमारी भावनाएं बताती हैं कि हमारे सैनिक हमारा सम्मान हैं। पुलवामा अटैक में शहीद हुए हमारे सैनिकों को देश सदा याद रखेगा और उनकी शहादत पर सदा गर्व करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भी मैराथन में दौड़ लगाई।

सबसे आगे भगवान राम के परम भक्त हनुमानजी का ध्वज लेकर धनखड़ दौड़े तो रन4राम की छपी टी शर्ट पहनकर लोग भी दौड़ में शामिल हो गए। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, सुनील राव, यतेंद्र राव, अरुण यादव, अरविंद सैनी, श्याम यादव, महेश डावरा, रवि बंसल, मनीष चम, सूरज प्रकाश ओझा, नेहा, महेंद्र यादव, विजय कुमार, नरेश यादव आदि मैराथन समिति के पदाधिकारी भी दौड़े।

लम्बित वेतन समझौते को लेकर मुंजाल शोवा के श्रमिकों में रोष

आम सभा करके कंपनी प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पालम विहार स्थित एक वाटिका में सेक्टर-18 स्थित ऑटो पार्ट कंपनी मुंजाल शोवा के कर्मचारियों की आम सभा श्रमिक नेता सुभाष मलिक, विजय गुलाटी और सुरेंद्र जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने बताया कि श्रमिक यूनियन व प्रबंधन की श्रम विभाग की मध्यस्थता में 22 महीने से लंबित वेतन समझौते पर करीब दो दर्जनों मीटिंग के बाद भी कोई हल नहीं निकला। जबकि वेतन को लेकर कंपनी परिसर में प्रबन्धन ने श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ एक भी बैठक नहीं की। लंबित वेतन समझौते को लेकर लगातार कर्मचारियों में भारी रोष दिखाई बढ़ता जा रहा है। आम सभा में सभी कर्मचारियों ने एक आवाज में प्रस्ताव पास किया कि यदि प्रबंधन हमारी मांगें नहीं मानता है तो श्रमिकों में भारी नाराजगी की संभावना देखते हुए यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन व जिला श्रम विभाग होगा।

लंबित वेतन समझौते के विरोध में आम सभा में मौजूद मुंजाल शोवा के श्रमिक।

श्रमिक नेताओं ने बताया कि श्रम उपायुक्त रमेश आहूजा व अतिरिक्त श्रम उपायुक्त मनीष शर्मा भी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने कहा कि यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो गुरुग्राम से लेकर बावल तक के सभी यूनियनों को बुलाकर बड़ी रणनीति बनाई जाएगी। हम शांतिपूर्ण तरीके अपनी जायज मांगें मांगते हैं, लेकिन प्रबंधन का अड़ियल रवैये के चलते बेवजह विवाद खड़ा करते हैं, जिससे औघोगिक अशांति फैलती है। हम किसी भी श्रमिकों के हकों को नहीं मारने देंगे।

कर्मचारियों का शोषण बिल्कुल बर्दास्त नहीं होगा। श्रमिक प्रतिनिधियों में विनोद राणा, अजित हुड्डा, कुलदीप गुप्ता, राजेश, श्यामलाल, समुंदर, रामभज, संजीव कुमार, इंदल शाक्या आदि ने कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता पर केस दर्ज

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने बिहार निवासी की शिकायत पर रिठौज निवासी भवन सामग्री सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायकर्ता ने आरोपी पर भवन सामग्री न खरीदने मारपीट करने और दस दिन से परेशान करने का आरोप लगाया है। मूलरुप से बिहार के जिला सुपौल, गांव कमौली निवासी रंजीत पुत्र मोहन ने भोंडसी थाना में भवन सामग्री विक्रेता के खिलाफमामला दर्ज कराया है। रंजीत ने पुलिस को बताया कि वह भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी में अपने भाई के मकान पर रह रहा है। उसने भवन निर्माण का कार्य चलाया हुआ है। रिठौज निवासी सुरेन्द्र खटाना कॉलोनी में भवन निर्माण सामग्री बेचता है। जो उसे पिछले 10 दिन से जबरन सामग्री लेने का दबाव बना रहा है। उसे जान से मार देने की धमकी देता है। उसने शनिवार को उसके साथ मारपीट भी की। रंजीत ने पुलिस को बताया कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई वारदात घटित होती है। उस वारदात का जिम्मेदार सुरेन्द्र खटाना होगा। मामले की जांच कर रहे एसआई धर्मबीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उस मामले की जांच कर रही है।

फर्रूखनगर खंड में नहर आधारित पेयजल की मंजूरी

फर्रूखनगर खंड में पेयजल की समस्या का समाधान होने पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता का धन्यवाद करने पहुंचे लोग।

गुरुग्राम। फर्रूखनगर खंड में नहर आधारित 24 घंटे पेयजल की मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी गई है। यह पानी एनसीआर चैनल से दिया जाएगा। क्षेत्र के 25 गांव और नौ ढाणियों में इस पानी की सप्लाई होगी, जिस पर 61 करोड़ 55 लाख रुपये का खर्च आएगा। साथ ही 71 गांवों व 17 अन्य ढाणियों तक यह पानी पहुंचाने को योजना बनाने के निर्देश सीएम मनोहर लाल ने दिए हैं। यह जानकारी पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने दी।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र की जनता सदियों तक पानी की समस्या सुलझाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हमेशा ऋणी रहेगी। सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि विधायक बनते ही पीने के पानी की समस्या को लेकर चिंतित हैं और अपने प्रत्येक कार्यक्रम में इसे मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी कई बार इस विषय को लेकर मुलाकात कर चुके हैं।

अब शनिवार को मानेसर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 24 गांव मुसेदपुर, डूमा, खेड़ा खुर्रमपुर, पालडी, अलीमुदीनपुर, गढ़ी नत्थे खां, बिरहेडा, शेखुपुर, माजरी, जराऊ, सिवाडी, महचाना, फरीदपुर, राजुपूर, कारोला बसुंडा, डाबोदा, तिरपडी, जोनियावास, फाजिलपुर, बादली, ताजनगर, खंडेवला, जटौला और नौ ढाणी ढाणी रामजीलाल, ढाणी सुंदरपुर, ढाणी हीरान, ढाणी जयहिन्द, ढाणी रामअवतार, ढाणी मानसिंह और ढाणी रामकरण के लिए 61 करोड़ 55 लाख रुपये की योजना मुसेदपुर बिरहेडा तथा महचाना जलघर को 24 घंटे पेयजल पानी के लिए जलकूप आधारित योजना को नहरी पानी आधारित योजना की मंजूरी दी।

युवाओं ने पुलवामा शहीदों को किया नमन, पौधे रोपे

गुरुग्राम के गांव जाटौला में शहीदों को नमन करते लोग।

फर्रूखनगर। युवा सोच क्लब जाटौला के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर क्लब ने शहीद रणवीर सिंह समाधि स्थल पर पौधारोपण किया।

देश के पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों की दूसरी पुण्यतिथि पर पूर्व हेडमास्टर बुधराम मास्टर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। सभी युवाओं ने वीर जवानों को नमन किया। गजे सिंह चेयरमैन, पंकज मास्टर, एडवोकेट सतीष भारद्वाज, अरविंद चौहान थानेदार दिल्ली पुलिस गजेसिंह, रणवीर सिंह, मनीष, अर्जुन, अननू, दीपक, प्रताप, आशीष जय हिन्द, टेकचंद, मोनू पांचाल, सविता बहन, मनीष चौहान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कैनविन के शिविर में 400 से अधिक लोगों ने कराई जांच

गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कैनविन फाउंडेशन की ओर से रविवार को गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप एवं मेम्बरशिप ड्राइव का आयोजन किया। कैंप का शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल की मौजूदगी में वार्ड-11 के पार्षद दिनेश सैनी और समाजसेवी रेखा सैनी ने किया। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने जांच कराई।

गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में आयोजित शिविर में अतिथियों को सम्मानित करते कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल।

पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, समाजसेवी बाली पंडित, जुगल रैना, कृष्ण यादव, विजयपाल यादव कन्हई, सैनी समाज की प्रदेश अध्यक्ष नीलम सैनी, योगिता सैनी, अशोक सैनी समेत काफी संख्या में मौजिज लोग उपस्थित रहे। कैनविन फाउंडेशन संस्थापक डॉ. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि माता शीतला के आशीर्वाद से कैनविन फाउंडेशन की ओर से नियमित तौर पर समाजसेवा के क्षेत्र में वे कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का स्वास्थ्य यही करने को आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को शुरू किया है। उन्हीं का अनुसरण करते हुए कैनविन का भी यही प्रयास है कि गुरुग्राम में लोगों का स्वास्थ्य सही रखा जाए।

शिविर में शुगर, रक्तचाप, रक्त जांच के अलावा यूरोलॉजी, गायनी, पीडियाट्रिक, नेत्र, जनरल फिजिशियन चिकित्सों ने लोगों की गहन जांच की। मौके पर मुफ्त चश्में भी वितरित किए। शिविर में सेंटर फॉर साइट, पुष्पांजलि अस्पताल तथा नारायणा मदर एवं चाइल्ड केयर सेंटर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कुल 416 लोगों की जांच की गई। पार्षद दिनेश सैनी ने कैनविन फाउंडेशन के क्रियाकलापों पर कहा कि लॉकडाउन से पहले से ही समाजसेवा में जुटी है। कोरोना महामारी के बीच जिस तरह से इन्होंने डीपी गोयल, नवीन गोयल ने कार्य किया।

संक्षिप्त समाचार

लेफ्टिनेंट बने प्रशांत का पूर्वांचल की संस्थाओं ने किया सम्मान

गुरुग्राम। यहां मारुति कुंज निवासी प्रशांत खटाना का थल सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। रविवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन, पटेल विकास मंच की ओर से प्रशांत खटाना का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल, पटेल विकास मंच के राजेंद्र कुमार, बबलू सिंह ने प्रशांत खटाना के लेफ्टिनेंट बनने की खुशी में उनका स्वागत और सम्मान करते हुए कहा कि वे गुरुग्राम का गौरव हैं। उन्होंने परिवार, समाज, शहर और जिले का नाम रोशन किया है। ऐसे सफल व्यक्तित्व का सम्मान करके वे खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने थल सेवा के माध्यम से देश सेवा का जो रास्ता चुना है। वे इस रास्ते पर सदा सफलता हासिल करें, यही सबकी कामना है। प्रशांत को सम्मान स्वरूप तिरंगा झंडा, पगड़ी, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक वेदप्रकाश गौड़ ने कहा कि देशसेवा के लिए लेफ्टिनेंट बने प्रशांत को वे बधाई देते हैं कि उन्होंने कड़ी मेहनत करके यह मुकाम हासिल किया है।

ब्राह्मण समाज के लोगों ने परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

फर्रूखनगर। भगवान परशुराम मंदिर के भूमि पूजन एवं भवन लोकार्पण के लिए पहुंचे हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा को दोहली संघर्ष समिति के एक शिष्टमंडल ने दोहली कानून सशोधन के लिए ज्ञापन सौंपा। दोहली संघर्ष समिति के संस्थापक कृष्ण पंडित, चेयरमैन राजबीर शर्मा सैहदपुर, सुरेंद्र गौड़ सुल्तानपुर नरेंद्र उपाध्याय, प्रेमचंद, धीरज कौशिक, जितेंद्र कौशिक, सरपंच इंद्रजीत शर्मा, कैलाश शर्मा, मुरारी लाल ढाणा, योगेश शर्मा, अजय शर्मा, नरेश शर्मा, जयकिशन आदि ने ज्ञापन में बताया कि सरकार विगत पिछले कुछ वर्षों से अनेकों कार्य रही है। आम आदमी का सरकार व प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है। जो विगत 150 वर्षों से अधिक समय से दान में ली गई भूमि को बतौर दोहलीदार, बूट्टीदार, भौडेदार व मुककदार कब्जा व काश्त करते चल आ रहे हैं। दानकर्ता द्वारा दी गई व्यक्तिगत व समाजिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करते चले आ रहे हैं। अब सरकार द्वारा बिल नंबर-34 एचएलए ऑफ 2018 विधान सभा द्वारा पारित करके राष्ट्रपति के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है। यह बिल ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, बोर्ड आदि व अन्य सरकारी विभागों की जमीनों से सम्बन्धित है। इससे दोहलीदार, बूट्टीदार, भौडेदार व मुककदारों को नुकसान होगा।

पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गुरुग्राम। जन सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने रविवार को अपने कार्यालय पर पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने मौन धारण कर और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष रणधीर राय महासचिव शम्भू प्रसाद कोषाध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्यक्ष दयानंद, सचिव जितेंद्र यादव, केएन पांडेय, ओमप्रकाश, आलोक समाजसेवी राजेश पटेल, शशिभूषण, अशोक कुशवाहा, सुधीर, हरेंद्र, रामविशेख, दीपक, गोविंद आदि मौजूद रहे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

गुरुग्राम। सेक्टर-57 स्थित हांगकांग बाजार में अंसल बिल्डवेल व रोटरी क्लब के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और 50 लोगों से अधिक ने चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई। सिविल डिफेंस के प्रवक्ता संजय चुघ ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम ने शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर के आयोजक अजय पंडित ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य का कार्य है, जिसमें सभी को सहयोग देना चाहिए। रक्त की कुछ बूंदें ही मरणासन्न व्यक्ति को जीवनदान दे सकती हैं। आयोजन को सफल बनाने में डा. महिमा किल्होड़, डा. मेहरोत्रा, योगेंद्र शर्मा, कृष्णा गोयनका, ओपी वाही, राहुल सिंह, बीना गुप्ता, राजेश यादव, जहांगीर जंग आदि का सहयोग रहा।

कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुकता को निकाली विंटेज कार रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रविवार को वेलेंटाइन डे के मौके पर वैक्सीनेशन (टीकाकरण) के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए विंटेज कार रैली निकाली गई। कार रैली ने सड़कों पर मौजूद लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। पहले चाय गुरुग्राम ने एचएमसीआई के सहयोग से कार रैली का आयोजन किया।

रैली के माध्यम से लोगों को सचेत और सुरक्षित रहने और टीकाकरण कराने के लिए आगे आने का संदेश दिया। विंटेज कार रैली को छतरपुर फार्म नई दिल्ली से झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद यह रैली गुरुग्राम पहुंची। पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं सीएम विंडो के इंचार्ज अनिल राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार रैली में 21 विंटेज कारें और विंटेज बाइक शामिल थीं, जो कि कई क्षेत्रों से आई जानी मानी हस्तियों द्वारा ड्राइव की गईं। रैली में दिलजीत टाइटस अपनी 1957 की मॉडल शेवर्ले बेलएयर, एसबी जत्ती अपनी 1965 फोर्ड मस्टेंग और सैम साहनी अपनी 1932 फोर्ड बी समेत काफी लोग पुरानी कारों, बाइक, स्कूटर को लेकर शामिल हुए। पहले चाय संस्थान की निदेशक संजना मोहन ने कहा कि यह विंटेज कार ड्राइव अपने दौर की बेहद शानदार और समृद्ध ऑटोमोटिव को दिखाती है। इसका उद्देश्य कोरोना के टीकाकरण के लाभों को उजागर करना रहा। साथ ही कोरोना को लेकर सतर्क रहना, सुरक्षित रहना है।

गुरुग्राम में कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुकता को निकाली गई विंटेज कार रैली में शामिल पुरानी कारें।

नपीनो ऑटो की कोर कमेटी की बैठक

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में नपीनो ऑटो श्रमिक यूनियन की कोर कमेटी की बैठक यूनियन के प्रधान नरेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। यूनियन के महासचिव परशुराम ने बताया कि यूनियन के सामूहिक मांगपत्र पर कंपनी प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रबंधन श्रमिकों की एकता को तोड़ना चाहती है। उन्होंने श्रमिकों से आग्रह किया कि वे अपनी एकता बनाए रखें, ताकि आंदोलन कर श्रमिकों की मांग मनवाई जा सकें।

अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने किया भगवान परशुराम भवन का उद्घाटन

बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा पूर्व मंत्री राव नरबीर व रामबिलास शर्मा भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बसंतोत्सव की पावन बेला पर ब्राह्मण समाज ने सर्व समाज के लिए सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। बसई रोड स्थित भगवान परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम मंदिर की नींव प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने रख समाज को नई प्रेरणा दी। इस मौके पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर और रामबिलास शर्मा भी मौजूद रहे।

आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से आयोजित भवन लोकार्पण एवं मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, आरएसएस के प्रांत सर संघ चालक पावन जिंदल, हरियाणा प्रांत विद्या भारती के अध्यक्ष डीपी भारद्वाज, पूर्व राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि नागेन्द्र कौशिक विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने भगवान परशुराम को सामाजिक समरसता का जनक बताया। इन लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम सामाजिक समरसता के जनक थे।

बसई रोड पर भगवान परशुराम भवन का लोकार्पण करते अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा कल्याण मंत्री बनवारी लाल, साथ में बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर व रामबिलास शर्मा, पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा।

भगवान परशुराम ने समाज की सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। इसलिए आज जरूरत इसी बात की है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए भारत की फिर से विश्व गुरु बनाने की दिशा में सार्थक पहल करें। बनवारी लाल, रणजीत सिंह, मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में विप्र समाज ने सर्व समाज हिताय की भावना को चरितार्थ किया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस भगवान परशुराम भवन एक जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के हित के लिए तैयार किया गया है। गुड़गांव जैसे महंगे शहर में किसी भी जाति का व्यक्ति या संस्था भवन को सामाजिक व सामूहिक कार्यों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इन लोगों ने कहा कि महापुरुष एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज का होता है। इसलिए उनकी शिक्षाएं सभी के लिए प्रेरणा दायक होती है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सर्व समाज का हित कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में निज हित की कहीं भी बात नहीं की गई।

वसुधेव कुटुंबकम् की भावना भारत ने ही विश्व को दी है। इससे पूर्व आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से सभी अतिथियों स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श ब्राह्मण सभा के मुख्य संरक्षक योगेश कौशिक, अध्यक्ष रामनिवास वत्स, राजकिशन कौशिक, सचिव रंजन शर्मा, महेश वशिष्ठ, नरोत्तम वत्स, अनिल अत्री, सुमित शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने अपना सहयोग दिया।

सोहना के 23 गांवों में जून के बाद मिलेगी मीठे पानी की सप्लाई

एन रोहिल्ला। सोहना

सोहना खंड के 23 गांवों में जून माह के बाद खारे पानी से मुक्ति मिलेगी। सभी गांवों को यमुना से आने वाले मीठे पानी की सप्लाई से जोड़ दिया जाएगा। सोहना खंड के जिला फरीदाबाद और पलवल की सीमा से लगते 23 गांवों के ग्रामीणों को चार माह बाद पीने के लिए मीठा पानी मिलेगा।

ग्रामीणों को मीठे पानी की सप्लाई देने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने लगभग 95 फीसदी तैयारी कर ली है। यमुना से मीठा पानी लाने के लिए जिस एजेंसी को ठेका दिया गया था। उस कार्य में कोताही व लापरवाही बरतने पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने जुर्माने के साथ-साथ प्रत्येक गांव को मीठा पानी की सप्लाई से जोड़ने के लिए 30 जून तक समय दिया है। मीठा पानी सप्लाई से जुड़ने वाले गांव जनस्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2018 में सोहना खंड के जिन 23 गांवों में यमुना का पानी लाने की योजना बनाई थी। उनमें घंघौला, सरमथला, लोहसिंघानी, चमनपुरा, खत्रीका, बाईखेड़ा, जोहलाका, राहाका, बिहलाका, भोगपुर मंडी, कुलियाका, रानी का सिंघौला आदि शामिल हैं। इन गांवों में भूमि से निकलने वाला पानी खारा है। खारा पानी होने की वजह से कई गांवों में तो उपजाऊ जमीन बंजर तक बन गई है। किसानों को खेती में भी पूरी मेहनत का पैसा नहीं मिल पाता है।

सोहना के गांव घंघौला में निर्माणाधीन वाटर टैंक।

घंघौला से होगी पानी की सप्लाई

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पलवल के गांव मैना-छायसा से यमुना का पानी खंड के गांव घंघौला में स्टोर किया जाएगा। जहां पर सात लाख 20 हजार लीटर का वाटर टैंक बनाया जा रहा है। जहां से घंघौला समेत 22 अन्य गांवों में पेयजल की सप्लाई की जाएगी।

क्या कहना है एक्सइएन का

जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेमसिंघल ने बताया कि ग्रामीणों को जून 2021 के बाद खारे पानी से निजात मिल जाएगी। 2018 में शुरू की गई योजना 30 जून तक पूरी हो जाएगी। उसके बाद से ग्रामीणों को शुद्ध पानी पीने के लिए सप्लाई में मिल जाएगा। सभी गांवों को केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना से भी जोड़ने का काम किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन अभियान की उड़ रही धज्जियां

सड़क के साथ नाले में फैली गंदगी।

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

प्रदेश के सबसे पिछड़े जिले में सुमार की महाग्राम पंचायत बीवां में पिछले कई सालों से आबादी क्षेत्र में बनी पीडब्ल्यूडी सड़क के साथ बने नाले से सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि लगभग 20 साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग ने आबादी क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाला बनाया था जो पिछले कई सालों से बुरी तरह से टूटा हुआ है। इस नाले से अब बिल्कुल भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे नाले में गंदगी भरी रहती है और गंदगी के कारण मच्छर-मक्खी, कीड़े-मकोड़े पनप रहे हैं। गंदगी के कारण बीमारियां फैल रही हैं, जिससे ग्रामीणों को जान-माल का नुक्सान हो रहा है। टूटे नाले की गहराई ज्यादा होने के कारण छोटे-छोटे बच्चे इसमें गिर रहे हैं और पानी निकासी न होने के कारण आस-पास के घरों में पानी भरने का खतरा बढ़ रहा है।

बता दें कि इस सड़क पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी पड़ता

टूटे नाले के पुनः निर्माण के लिए सरकार बजट मंजूर करने में कर रही अनदेखी

है, जिससे पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो साल से युवा शक्ति टीम के सदस्य साकिर हुसैन, आसिफ खान, मोहम्मद इरफान, अब्दुल्ला खान, इरफान मलिक विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत दे चुके हैं, लेकिन फिर भी टूटे नाले का निर्माण नहीं हो पाया है। मानव अधिकार रक्षक ईसब खान बीवां ने बताया कि फिरोजपुर झिरका के विभागीय अधिकारियों ने इस नाले के निर्माण के लिए 41.37 लाख रुपये का इस्टिमेट बनाकर उच्च अधिकारियों के मार्फत चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी चंडीगढ़ को भेज दिया है।

जिस पर संज्ञान लेते हुए चीफ इंजीनियर ने छह महीने पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार को बजट मंजूर करने के बारे में दो बार पत्र लिखा है, लेकिन अभी तक बजट मंजूर नहीं किया गया है। ईसब खान ने बताया कि वैसे तो सरकार ने जिले को सबसे पिछड़ा घोषित कर दिया है और बीवां गांव को महाग्राम पंचायत घोषित कर दिया है, लेकिन पंचायत में टूटे नाले के निर्माण के लिए बजट नहीं भेज रही है।

एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान का जोर-शोर से प्रचार कर रही है वहीं दूसरी ओर डैमेज नाले के कारण मिशन की धज्जियां उड़ रही हैं। ग्राम पंचायत बीवां के मुखिया तैय्यब हुसैन ने बताया कि डैमेज नाले के निर्माण के लिए हमने विभाग और सरकार से बजट पास करने के बारे में लिखित में पत्र दिया था, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामिणों की मांग है कि सरकार अतिशीघ्र बजट पास करके डैमेज नाले का निर्माण करें ताकि आमजन की समस्या का समाधान हो सके।

बुराका में जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े

एक युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस कार्रवाई में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करते हुए तावडू सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह।

उपमंडल के गांव बुराका में जमीन के विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नूंह शहीद हसन हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। झगड़े की सूचना मिलते ही तावडू सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई में जुट गए।

कायम पुत्र जुम्मे खान ने बताया कि रविवार दोपहर करीब सवा तीन बजे उनकी पत्नी घर पर भैंसों को चारा डाल रही थी तभी आरोपी पक्ष से सलीम ने आकर उनसे दुर्व्यवहार किया। जिसको लेकर उन्होंने एतराज किया। इसी बीच मौके पर उनका भतीजा सरफराज पुत्र उमर मोहम्मद भी बीच-बचाव करने आ गया। सरफराज के बीच-बचाव करने से सलीम व उसके साथी तैश में आ गए। जिन्होंने सरफराज के साथ मारपीट कर दी। जुम्मे का आरोप है कि इसी दौरान सलीम ने अवैध हथियार से सरफराज पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल सरफराज को नगर के ग्लोबल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से जहां पर चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे नूंह के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तावडू सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से विवाद के बारे में पूछताछ की। मौके मौजूद पर ग्रामीणों ने झगड़े के कारण को जमीन का विवाद बताया।

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस को किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है और पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी झगड़े के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

जोरासी में परिवार को कमरों में बंद कर बदमाशों ने की लूट

तावडू। उपमंडल के गांव जोरासी में एक परिवार को कमरों में बंद कर घर में लूट करने का मामला सामने आया है। बदमाशों द्वारा एक लाख रुपये की नगदी के व सोने -चांदी के जेवरात भी चोरी कर लिए। गांव जोरासी में एक महीने के अंतर्गत पर उसी अंदाज में बदमाशों द्वारा दूसरी वारदात को अंजाम दिया गया है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जौरासी निवासी राजेश ने बताया कि शनिवार रात को घर के सभी सदस्य अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह उठे तो सभी के कमरे बाहर से एक कपड़े से बंधे हुए थे और बंद थे। किसी तरह उन्होंने बन्द कमरों को खोला जिसके बाद उन्होंने देखा कि घर के अन्य कमरों के भी ताले टूटे हुए हैं। जिनमें अलमारियों और संदूक खुली हुई हैं और उनका सामान बिखरा हुआ है।

एक महीना पहले भी बदमाशों ने गांव में इस तरह की वारदात को दिया था अंजाम

पीड़ित राजेश ने बताया कि बदमाश घर से एक लाख 30 हजार रुपये नगद सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, पाजेब और कुछ चांदी के सिक्कों को चुरा कर ले गए। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि लगभग एक महीना पहले भी गांव जोरासी में ही एक अन्य परिवार को भी इसी तरह बंधक बनाकर चोरी की वारदात को पांच छह अज्ञात बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया था। जिसका अभी तक कोई खुलासा पुलिस की ओर से नहीं किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए दिया एक लाख 101 रुपये का समर्पण

परिवार की मुखिया प्रभा ने कहा कि हम अपने घर टोली के आने का काफी दिन से इंतजार कर रहे थे

दीपक कुमार। नूंह

राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण करता परिवार।

श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण अभियान का आधा समय बीत चुका है। हरियाणा में अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस दौरान लोग खुल कर निधि समर्पण के लिए आगे आ रहे हैं। कुछ स्थानों पर ऐसे भी अवसर मिल रहे हैं, जब दान दाता अभियान में जुटे रामसेवकों की टोली को खुद बुलाते हैं।

ऐसा ही एक अवसर नूंह के गांव मालब में देखने को मिला। मालब निवासी एक परिवार ने अभियान में जुटी टोली को खुद अपने घर बुलाया तथा अपना निधि समर्पण दिया। जिला सह अभियान प्रमुख विनोद गौतम ने बताया कि रविवार को मालब गांव में लक्ष्मण टोली द्वारा लोगों के निधि समर्पण को एकत्र करने के लिए घर-घर जाया जा रहा था। तभी उक्त टोली को एक परिवार ने बुलाया।

परिवार की मुखिया प्रभा ने कहा कि हम अपने घर टोली के आने का काफी दिन से इंतजार कर रहे थे। आज उनका इंतजार खत्म हुआ है। प्रभा व उनके बेटे नरेंद्र ने श्रीराम जन्मभूमि निर्माण के लिए 1 लाख 101 रुपये का समर्पण दिया। उन्होंने कहा कि हम राम के हैं और राम सभी के हैं। हमारा जो कुछ भी है वह श्रीराम प्रभु का दिया हुआ है। यह तो हमारा गिलहरी की तरह योगदान है। हमें श्रीराम प्रभु ने इस समर्पण के लायक समझा है तभी यह टोली हमारे घर पर आई है। उन्होंने टोली के सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा आभार जताया। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नगीना खंड के अभियान पालक राजीव सोनी, सतवीर, देवेंद्र, सत्यप्रकाश मास्टर, ललतेश, राजपाल, कैलाश, शेखर, बाबूलाल, बलराम व विजेंद्र उपस्थित रहे।

उर्दू को बढ़ावा देने के लिए तनजीम फारोग-ए- उर्दू का गठन

दीपक कुमार। नूंह

रविवार यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह में समस्त मेवात से उर्दू को बढ़ावा देने के लिए लोग एकत्रित हुए। जिनकी अध्यक्षा मास्टर अशरफ मेवाती ने की। बैठक में उर्दू को समाज में जिंदा रखने के लिए सभी तरह के विचार लिए। जिसमें उर्दू को बढ़ावा देने के लिए तनजीम फारोग-ए- उर्दू का गठन किया। तनजीम फारोग-ए-उर्दू के अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद जुनैद नूंह, नायब सदर अरशद जमाल साकरस, जाकिर आकेडा, राशिद अमीनी व मुफ्ती तारिफ नदवी को बनाया गया, सेक्ट्री हाफिज इमरान जैताका व शबाना खेडला को बनाया।

खाजिन नजमुद्दीन टपकन को बनाया गया। सरपरस्त अशरफ मेवाती को बनाया। मीडिया प्रभारी मौलाना साबिर कासमी व खालिद घासेड़ा को बनाया। सोशल मीडिया मुबारिक चंदेनी व मुस्तकीम को बनाया। ब्लॉक लेवल पर सदर भी बनाये गये। जिसमें नसीम संगेल नूंह, नगीना से मोहम्मद हरीस भादस, हथीन से मोहम्मद आकिल रूपडाका, पुन्हाना से मोहम्मद सद्दीक गुलालता को बनाया। तनजीम फारोग-ए- उर्दू का गठन इसलिए किया क्योंकि आज उर्दू सीखने और बोलने वालों की संख्या बहुत कम होती जा रही है। जो बड़े अफसोस की बात है। उर्दू हिंदुस्तान की अपनी जुबान है। यह किसी एक कौम की भाषा नहीं। उर्दू ने इंसानी जिंदगी में धूप और छांव का रोल अदा किया। उर्दू कायनात में समा जाने का हौसला रखती है। उर्दू, एक जबान जिस की पैदाइश भारत में हुई और ये खास तौर पर बोली भी सिर्फ भारत में ही जाती है। इस जुबां में बहुत गहराई है। एक आम इंसान अपनी बातचीत में थोड़ी बहुत भी उर्दू का इस्तेमाल कर दे तो सुनने वाले को वो शायरी लगती है। बड़े-बड़े शायरों और अफसाना निगारों ने इस जुबां की खिदमत की है, इसे तराशा है। और इसे मोहब्बत की जुबां भी कहते हैं। इसलिए उर्दू को बढ़ावा देने के लिए तनजीम फारोग-ए- उर्दू का गठन किया है। जो बेहद जरूरी है। हर महीने की दूसरी शनिवार को अलग-अलग ब्लॉक में मीटिंग होंगी जिससे लोगों को उर्दू जबान के लिए जागरूक किया जाएगा। चाहे स्कूल हो या मदारिसों में जाकर। अगली मीटिंग 13 मार्च सुबेह 8:30 बजे नगीना बड़कली पर होगी।

संक्षिप्त समाचार

खुर्शीद राजाका ने राव साहब दादाराव दानवे से मुलाकात की

नूंह। हरियाणा सरकार में मेवात विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं मेवात भाजपा के वरिष्ठ नेता खुर्शीद राजाका ने राव साहेब दादाराव दानवे केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जनवितरण मंत्री भारत सरकार से उनके दिल्ली स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की। चेयरमैन ने केंद्रीय मंत्री दादा राव दानवे से किसान बिल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं और मंत्री के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के बारे में विस्तार से चर्चा की। चेयरमैन ने मंत्री को मेवात आने का न्योता दिया। मंत्री बहुत जल्द मेवात आएंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नदीम सलंबा ने प्रेस-नोट जारी करते हुए दी।

ऐतिहासिक होगी 23 फरवरी की निशान यात्रा

होडल। एकादशी निशान यात्रा परिवार पलवल द्वारा पंचवटी धाम पलवल में निशान यात्रा व श्री श्याम सरकार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके आयोजन के लिए एक मीटिंग की गई। अधिक जानकारी देते हुए एकादशी निशान यात्रा परिवार पलवल के प्रधान तुलसी सिंगला ने बताया कि इस बार एकादशी निशान यात्रा परिवार पलवल द्वारा मंगलवार 23 फरवरी को बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो हुड्डा चौक मंदिर से प्रारंभ होकर कमेटी चौक व मैन बाजार से होती हुई खाटू श्याम मंदिर पंचवटी धाम पर होगी। सिंगला ने बताया कि जहां पिछले एक वर्ष से करोना महामारी के कारण निशान यात्रा का आयोजन नहीं हो सका, वहां इस वर्ष निशान यात्रा में 5000 से 7000 लोगों की आने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त बुधवार 24 फरवरी को विशाल श्री श्याम संकीर्तन होगा। जिसमें अहमदाबाद से नंदकिशोर शर्मा उर्फ नंदू जी व खलीलाबाद से हरमिंदर सिंह रोमी श्री श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। मौके पर एकादशी निशान यात्रा परिवार पलवल के प्रधान तुलसी सिंगला के साथ युधिष्ठिर गोयल, संजय सिंगला, कपिल गर्ग, गौरव गोयल, योगेश गर्ग, ईशान डावरा, संजू गर्ग, ओम सिंगला, अंकित सिंगला, तरुण गुप्ता, दीवान गर्ग, दीपक वर्मा, चिराग गर्ग, सुमित गर्ग, सारांश गर्ग, अनिल गर्ग, सचिन गर्ग, तरुण वर्मा, जतिन बंसल, सन्नी वालिया, उमेश गर्ग, ज्ञान जैन, मनीष गर्ग, सुखबीर राणा, बब्लू राणा और श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान मोहित कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में 10 वर्षीय बच्चे की मौत

फिरोज पुर झिरका। तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर दे मारी। जिससे एक 10 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मांडी खेड़ा के अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई मजीद खान ने बताया कि पीड़ित शिकायकर्ता गुफरान और उसका भतीजा जीशान मोटरसाइकिल पर निजी कार्य से बाजार की ओर आ रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने टक्कर दे मारी। जिसमें 10 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

पुराने झगड़े में समझौता नहीं करने पर मारी गोली

लवल। पुराने झगड़े में समझौता न करने की रंजिश रखते हुए एक व्यक्ति को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित के भाई की शिकायत पर छह नामजद और तीन-चार अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी जीतराम के अनुसार गांव चांदहट निवासी विष्णू ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके भाई बिरम को 12 फरवरी शाम छह बजे के करीब गांव सुजवाड़ी के पास कार सवार गांव चांदहट निवासी शेंलेंद्र, सरजीत, कृष्ण, रीपक, बुद्धी, धर्मपाल और उनके तीन-चार साथियों ने गोली मार दी। पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उन लोगों के खिलाफ वर्ष 2018 में गोली मारने का एक मामला दर्ज है, जिसमें समझौते का दबाव बनाया जा रहा था। जिसको लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

पंद्रह वर्ष भगौड़ा करार आरोपी गिरफ्तार

पलवल। दुष्कर्म के आरोप में लगभग 15 वर्षों से फरार चल रहे दूसरे भगौड़ा आरोपी को भवनकुंड चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पिता को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फिलहाल आरोपी मां फरार है। पलवल की भवनकुंड चौकी इंचार्ज एएसआई संजय कुमार ने बताया कि मुखबिर खास सूचना पर अदालत से भगौड़ा करार आरोपी को हुडा सेक्टर-2 सोहना मोड़ के समीप से हैड कांस्टेबल प्रेमसिंह के नेतृत्व में टीम काबू कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने नाम मुजफ्फर निवासी राजपुर कुहुकबान थाना पुन्हाना (मेवात) बताया। आरोपी व उसके पिता मकसुद अहमद व मां के खिलाफ वर्ष 2006 में थाना शहर के अंदर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। आरोपी मुजफ्फर को रविवार को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और फरार चल रही उसकी मां की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पलवल। एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी पूर्व सैनिकों ने जाट धर्मशाला में पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्म शान्ति की कामना की। मौके पपर पूर्व सैनिकों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि हमें देश के शहीदों पर गर्व है। उनकी कुर्बानियों की बदौलत ही देश का मस्तक गौरान्वित है और सीमाएं सुरक्षित हैं। पदाधिकारियों ने युवाओं का आह्वान किया कि वे भी देश को सर्वोपरि रखें और अपने हितों को पीछे रखकर देश हित को आगे रखें। अध्यक्ष बिजेन्द्र पोसवाल और उपाध्यक्ष कैप्टन भरतपाल ने कहा कि आज पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों की आत्मशान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा बैठक कर अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैरिकेड़ तोड़ पुलिस कर्मियों पर किया हमला, फरार

पलवल। रात्रि गश्त के दौरान बैरिगेड़ तोड़कर पुलिसकर्मियों पर हमला करने व लूट के प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी राजपाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक की एस्कार्ट गाड़ी के चालक ईएससी खजान ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह स्टॉफ के साथ रात्रि गश्त पर मौजूद थे। हथीन मोड़ के पास पीसीआर नंबर-1 पर तैनात पुलिस कर्मी वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार कार आती दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया तो कार चालक ने सीधी बैरिगेड़ में टक्कर मार दी। कार बैरिकेड़ तोड़ते हुए अंसतुलित होकर थोड़ा आगे जाकर रुक गई। कार सवार युवकों को काबू करने का प्रयास किया तो कार से उतरे दो युवकों ने डंडों से साथी कर्मचारियों पर हमला कर दिया और पीसीआर-एक के इंचार्ज एसआई पूरण सिंह की पिस्टल छीनने का प्रयास किया। दोनों युवक जोर-जोर से अपना नाम जकारिया निवासी जराली (पुन्हाना) व जाहिद निवासी नंगला अहसानपुर बताते हुए अंधेरे का उठाकर भाग गए।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान

ब्यूरो प्रमुख नूंह (मेवात)

9050976800

9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

वतन की आन पर क़ुरबान हों ये भाव जग जाये
तराने देशभक्ति के यहाँ हर नागरिक गाये
हमारे मुल्क की सूरत सजी-सँवरी रहे हरदम
हमारी एकता खंडित किसी सूरत न हो पाये

मेवाती किसान पूरी ताकत से धरने पर डटे

सुनहेड़ा बॉर्डर पर 34वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

सुनहेड़ा बॉर्डर पर किसान धरने पर बैठे।

हरियाणा- राजस्थान सुनहेडा बॉर्डर पर मेवाती किसान मोर्चा के तत्वाधान में चलाया जा रहा धरना रविवार को 34 वें दिन भी जारी रहा। किसान नेता अकबर जोधपुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सुनहेड़ा जुरहेरा बॉर्डर पर धरना 12 जनवरी से चल रहा है। मेवाती किसान पूरी ताकत के साथ हजरत मौलाना अरसद मीखेड़ा के नेतृत्व में जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक काले कानून वापस नहीं, हम लोग भी वापस नहीं... धरना पर ही बैठे रहेंगे। जिस दिन काला कानून वापस होंगे उस दिन हम अपने घर वापसी हो लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि धरने पर बैठे किराए के आदमी नहीं हैं बल्कि ये सभी किसान हैं। सरकार के बनाए हुए तीन काले कानूनों के बारे में अब भारत का किसान भी समझ चुका है।

जब तक सरकार तीन काले कानूनों को वापस नहीं लेती तब तक यह लोग घर जाने वाले नहीं हैं। हाईकोर्ट के अधिवक्ता तालीम हुसैन ने केंद्र सरकार द्वारा तीन काले कानूनों पर किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। किसान तीनों कृषि कानूनों को रद्द कराने के साथ-साथ एमएसपी पर लिखित आश्वासन चाहता है। उसके बाद ही यह मामला सुलझ सकता है। सुनहेड़ा बॉर्डर की अगर बात करें तो अब तक कांग्रेस पार्टी के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने अपना खुला समर्थन कानूनों का विरोध कर रहे किसानों को देने का धरना स्थल पर पहुंचकर ऐलान कर दिया है। इसके अलावा उलेमा पूरे धरने की बागडोर अपने हाथों में संभाले हुए हैं। शुरू में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जिस बॉर्डर के पड़ाव को हल्के में ले रहा था, अब वह भी उसे गंभीरता से लेने लगा है।

सुनहेड़ा बॉर्डर पर अब पहले के मुकाबले नजारा बदला-बदला नजर आने लगा है। किसानों ने बदलते मौसम को देखते हुए पूरी तरह से टेंट लगा दिए हैं और रात्रि विश्राम के लिए कुछ अस्थाई जुगाड़ कर लिए हैं। इसके अलावा किसानों को खानपान और चाय के लिए किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए धरना स्थल के साथ ही दिन भर लंगर जैसा नजारा बना रहता है। सुनहेड़ा बॉर्डर पर चल रहे धरना-प्रदर्शन को 34 दिन बीत चुके हैं। उसी दिन से हरियाणा पुलिस के जवानों के साथ-साथ राजस्थान पुलिस के जवान अपनी-अपनी सीमाओं में डटे रहते हैं। इसके अलावा सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती इस बॉर्डर पर की गई है, ताकि बड़ी संख्या में किसान दिल्ली की तरफ कूच न कर सकें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

वायु प्रदूषण
सांस लेना मुश्किल

दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर में हवा की खराब गुणवत्ता के कारण जीवन बहुत कठिन हो गया है और जल्दी इस समस्या से मुक्ति मिलने की फिलहाल उम्मीद नहीं है। दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब ही होती जा रही है। इसके कारण अधिकांश लोगों को सांस लेने तक में कठिनाई का अनुभव हो रहा है जिनमें खासकर छोटे बच्चे, वृद्ध लोग तथा श्वसन रोगों व ब्रांकियल अस्थमा से पीड़ित लोग शामिल हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी के अनुसार हवा की गुणवत्ता-एक्यूआई 'बहुत खराब' की श्रेणी में होने पर इसके लंबे समय तक संपर्क में रहने वाले लोगों में श्वसन बीमारियां विकसित हो सकती हैं। इसके साथ ही एक्यूआई के 'खराब' होने पर अधिकांश लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। हवा में छोटे कणों की उपस्थिति के कारण मास्क प्रयोग करने वालों की कठिनाइयां और बढ़ जाती हैं, हालांकि एक स्तर तक मास्क से हवा को फिल्टर करने में सहायता मिलती है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसके प्रयोग को कानूनी रूप से अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन केवल मास्क से वायु प्रदूषण की समस्या दूर नहीं होने वाली है। इसने लोगों के भीतर एक निराशाजनक भावना पैदा कर दी है जिसके कारण वे स्वयं को मुसीबत में घिरा अनुभव करते हैं। यह भावना लंदन जैसे धुंध व नमी भरे मौसम में खासतौर से पैदा होती है। चिकित्सकीय भाषा में इस निराशाजनक भावना को सीज़नल एफेक्टिव डिसआर्डर-एसएडी कहते हैं जिसका अर्थ किसी खास मौसम में सामने आने वाली

विकृति है। आम तौर से इसे 'विंटर ब्लूज़' कहा जा सकता है जो एक प्रकार का अवसाद है और इसका संबंध बदलते मौसम से है। हर साल एसएडी की शुरुआत और समाप्ति लगभग एक ही समय होती है। यदि एसएडी से पीड़ित अधिकांश लोगों की तरह किसी में इसके लक्षण हों तो जाड़े के महीने शुरू होने व समाप्त होने के समय ऊर्जा की कमी का अनुभव होता है तथा भावनाओं में तेजी से परिवर्तन अनुभव हो सकता है। इसे एक प्रकार से भावनात्मक अस्थिरता भी कहा जा सकता है। इन चिकित्सकीय स्थितियों के साथ ही दिल्ली-एनसीआर का क्षेत्र हर साल अनेक अन्य समस्याओं का सामना करता है जिसमें तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव तथा खराब दृश्यमानता शामिल हैं। वर्तमान समय में पांचवीं कक्षा से बड़े बच्चों ने स्कूलों में जाना शुरू कर दिया है। वे स्वाभाविक रूप से नम, धुंध भरे या खराब मौसम के कारण सवेरे बहुत बुरा अनुभव कर रहे हैं। विडंबना है कि सवेरे की ठंडक झेलने के बाद दोपहर के पश्चात पसीना निकलने लगता है। पिछले कुछ दिनों से हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। गाजियाबाद, नोयडा, ग्रेटर नोयडा, गुड़गांव व फरीदाबाद के निकटवर्ती क्षेत्रों में इसे 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी के अनुसार, पीएम 2.5 व पीएम 19 जैसे प्रदूषक कण दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों की हवा में लगातार बने रहते हैं। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी के अनुसार, हवा की गति तेज न होने के कारण हवा की गुणवत्ता स्तर-एक्यूआई में गिरावट हुई है। हवा की गति धीमी होने तथा उसके आवागमन की अच्छी स्थितियां न होने के कारण प्रदूषक लंबे समय तक वातावरण में बने रहते हैं। इससे भी ज्यादा बुरी खबर यह है कि आने वाले कुछ दिनों तक हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बने रहने की आशंका है।

पश्चिम बंगाल में वोट बैंक की राजनीति

बंगाल में अप्रैल-मई 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जोरदार संघर्ष होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम वोट निश्चित रूप से प्रदेश में सरकार बनाने में निर्णायक साबित होंगे।

आसिफ रमीज़ दाऊदी
(लेखक लेखक जेद्दा के किंग अजीज़ अब्दुल विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य हैं)

भारत में क्षेत्रवार मुसलमानों का व्यवहार भिन्न-भिन्न होता है। जहां कहीं भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा सीधे पथनिरपेक्ष व गैर पंथनिरपेक्ष विमर्शों के बीच होती है वे परम्परागत रूप से स्वयं को पंथनिरपेक्ष दलों से जोड़ लेते हैं। हालांकि, बहुआयामी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा वाले राज्यों में, वे विविध प्रकार के स्थानीय एवं वर्गीय हितों के लिए राजनीतिक दलों में बंटे रहते हैं। जहां तक पश्चिम बंगाल के मुसलमानों का सवाल है, उन्होंने हमेशा मतदाताओं के तौर पर एक उपकरणात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कांग्रेस, साम्यवादी दल और तृणमूल कांग्रेस ने सदैव मुसलमानों का अच्छा-खासा राजनीतिक एवं ईमानदार समर्थन हासिल किया है। चूंकि मुसलमानों की दशा आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़ी है, उन्होंने हर समय की अवस्थापना से काफी कुछ सहारे की उम्मीद की है।

देश में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर 2006 में आई सच्चर समिति की रिपोर्ट के अनुसार बंगाल को सबसे खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल किया गया था। मुसलमान अधिकतर आर्थिक विकास की प्रक्रिया व उसके लाभों से वंचित रहे हैं। साथ ही, सच्चर पश्चात मूल्यांकन समति की रिपोर्ट के अनुसार, मुसलमान विकास कार्यक्रमों के सभी दायरों में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों से पीछे रहे हैं। असलियत में, साम्यवादी दलों और तृणमूल दोनों, ने यद्यपि हिचकिचाहट के साथ और खामोशी से कुछ हद तक मुसलमानों के उच्चीकरण के लिए काम किया है जिससे कि उन पर भाजपा आदि दलों के द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति अपनाने का आरोप न लगने पाए। अल्पसंख्यकों की बेहतरी के लिए बंगाल अथवा देश में अन्य जगहों पर उत्थान कार्यक्रमों की पहल जब भी किसी सत्ताधारी दल द्वारा की गई तो उसे मुस्लिम तुष्टीकरण की संज्ञा दे दी गई। न केवल बंगाल में बल्कि अन्य राज्यों में भी मुसलमानों की खराब स्थिति के लिए मुस्लिम नेतृत्व में एकता व एकजुटता का अभाव ही प्रमुख कारण प्रतीत होता है। इसके अलावा, उनके बीच व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थों के लिए व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता अथवा विवाद एवं विभाजन का परिणाम मुसलमानों में भय का माहौल व्याप्त होने के रूप में सामने आया है जिसके फलस्वरूप राजनीतिक दलों को उनसे वोट बैंक के तौर पर बर्ताव करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वर्तमान परिदृश्य में, बंगाल की राजनीति में मुस्लिम दलों का प्रसार निश्चित रूप से मुसलमानों को एक बार फिर वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल होने योग्य बना रहा है क्योंकि असदुद्दीन ओवैसी एवं प्रख्यात बंगाली मुस्लिम नेता अब्बास सिद्दीकी ने राज्य चुनावों में साथ मिलकर चलने की समझदारी विकसित कर ली है। यह संज्ञान लेने योग्य है कि मुस्लिम वोट बैंक ने माकपानीत वाम मोर्चे पर ममता बनर्जी की जोरदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। ओवैसी और सिद्दीकी युगल का प्रवेश निश्चित रूप से मुस्लिम मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा करेगा जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव राज्य की लगभग 100-110 सीटों पर है। सर्वाधिक गहन जिले हैं मुर्शिदाबाद, माल्दा, वीरभूम, 24 परगना, दीनाजपुर, बर्दवान और नादिया। यह ध्यान देने योग्य है कि नादिया को भाजपा द्वारा प्रदेशव्यापी रथ यात्रा का आगाज़ कर जन समर्थन हासिल करने के लिए चुना गया है। वे शायद उन क्षेत्रों का महत्व समझते हैं जहां अल्पसंख्यक वोट ममता की तृणमूल के लिए मददगार हो सकते हैं।

> **चूंकि मुसलमानों की दशा आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़ी है, उन्होंने हर समय की अवस्थापना से काफी कुछ सहारे की उम्मीद की है। देश में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर 2006 में आई सच्चर समिति रिपोर्ट के अनुसार बंगाल को सबसे खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल किया गया था। मुसलमान अधिकतर आर्थिक विकास की प्रक्रिया व उसके लाभों से वंचित रहे हैं।**

पश्चिम बंगाल की जनसंख्या में मुसलमान लगभग 27 प्रतिशत हैं और मुस्लिम वोटों का विभाजन अंततः भाजपा के लिए लाभकारी साबित होगा। दूसरी ओर, एआईएमआईएम की आक्रामक अल्पसंख्यक राजनीति निश्चित रूप से भाजपा के उग्र हिन्दुत्व विमर्श को रास आएगी। यही कारण है कि कुछ कथित पंथनिरपेक्ष दल ओवैसी पर भाजपा का एजेंट होने व वोट कटवा होने का आरोप लगाते हैं। नुकसान पहुचाने वाली इस जोड़ी की मौजूदगी संभावित रूप से राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की प्रत्याशा को गलत साबित करने वाली है जहां उन्होंने भाजपा के तीन अंकों से कम पर सीमित रहने पर जोर दिया है। बंगाल साम्प्रदायिक हिंसा के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र रहा है लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात कभी भी किसी बड़ी साम्प्रदायिक हिंसा होने की खबर नहीं आई है। पश्चिम बंगाल के ढाई करोड़ मुसलमान, जिनके पूर्वजों ने खुशी से द्विराष्ट्रीय सिद्धांत को नकारकर भारत में रहने का विकल्प चुना था, ने समान रूप से एवं सराहनीय ढंग से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। इसलिए, चाहे वो केंद्र हो अथवा राज्य, यह प्रत्येक सत्ताधारी दल की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है कि वह राज्य में मुसलमानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करे, जैसा कि लंबे समय से होता आ रहा है।

पहले महाराष्ट्र में, फिर बिहार और अब पश्चिम बंगाल में ओवैसी के प्रवेश ने विपक्षी दलों के माथों पर चिंता की लकीरें पैदा कर दी हैं क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और बिहार में अल्पसंख्यक वोटों का विभाजन करके भाजपा के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। दूसरी ओर, एआईएमआईएम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, शेख अब्दुल कलाम तृणमूल में शामिल होने के लिए अपनी पार्टी को छोड़ देना बंगाल के मुसलमानों में भ्रम की स्थिति पैदा होने का संकेत है। यह तो शुरुआत भर है। असलियत में, बंगाल में अप्रैल-मई 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जोरदार संघर्ष होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम वोट निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने में निर्णायक साबित होंगे।

कोरोना से निबटने में सफल भारत

> **"किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने अन्य देशों को कोविड लक्षणों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की है।"**

गुरप्रीत संधू
(लेखक रेवा फार्मा के संस्थापक हैं)

भारत को औषधि क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध करने के लिए प्रमाण की जरूरत नहीं है क्योंकि वह दुनिया में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है तथा वैक्सीनों की आधी से अधिक वैश्विक मांग पूरी करता है। वायरस से 130 करोड़ जनता की रक्षा के लिए कोविड-19 वैक्सीनों के उत्पादन के नवीनतम अभियान से स्पष्ट है कि भारत पूर्णतः सक्षम है। भारत के सक्षम होने का प्रमाण इस तथ्य से भी मिलता है कि आज भारत कई अन्य देशों को भी कोरोना निरोधक वैक्सीन की आपूर्ति कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि और अधिक मजबूत हुई है तथा मानवता के दृष्टिकोण से अन्स देशों की मदद करने के कारण उसे विशेष तौर पर सराहना मिली है। इसके साथ-साथ एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि भारत ने बहुत कम समय में लगभग एक वर्ष के भीतर ही कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने में सफलता पाई है जो भारत के सामर्थ्य का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि यहां 'टीकाकरण' के बजाय 'कवच' शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसका कारण यह है कि सारी जनसंख्या का टीकाकरण नहीं होगा, लेकिन भारत में रक्षा के लिए भी जनसंख्या बहुत अधिक है। निःसंदेह इतने बड़े अभियान के कारण कोविड वैक्सीनों का उत्पादन बढ़ाया गया है। भारत में स्थित सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया-एसआईआई व भारत बायोटेक ने वैक्सीन उत्पादन में भारी वृद्धि सुनिश्चित की है। खूराकों की संख्या के आधार पर एसआईआई दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता है। वह हर माह कोवीशील्ड की 50 से 60 मिलियन खूराकें तैयार करती है और वह 80 मिलियन खूराकें तैयार करने का प्रयास

कर रही है। वर्तमान सर्वव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम में हर साल लगभग 27 मिलियन शिशु तथा 30 मिलियन गर्भवती महिलायें शामिल होती हैं। इसके लिए देश के पास पहले से व्यापक टीकाकरण नेटवर्क और ढांचा मौजूद है। व्यापक उत्पादन प्रक्रिया के साथ ही देश में राष्ट्रव्यापी लाजिस्टिक्स, परिवहन, वितरण तथा भंडारण सुविधाओं का विकास हुआ है। इसमें व्यापक ढांचागत संरचना तथा कर्मियों की सहभागिता शामिल है। 37 राज्य वैक्सीन भंडारों के साथ ही कुल 41 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिनके माध्यम से देश भर में कोविड टीके पहुंचाए जा रहे हैं। पूरे अभियान में भंडारण का महत्वपूर्ण हिस्सा है जहां वैक्सीन के लिए अत्यधिक कम तापमान जरूरी है। इसके लिए 29,000 कोल्ड चेन प्वाइंट, 45,000 आइस लाइन रेफ्रीजरेटर, 41,000 डीप फ्रीजर, 240 वाक इन कूलर्स, 70 वाक इन फ्रीजर्स तथा 300 सोलर रेफ्रीजरेटरों की व्यवस्था की गई है। इनसे कोरोनावायरस वैक्सीन का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हुआ है।

इतनी विशाल योजना को बिना किसी गलती से क्रियान्वित करने के लिए सरकार ने पिछले कुछ महीनों में 1.7 लाख वैक्सीनेटरों तथा 3 लाख वैक्सीनेशन टीम मेंबरों को प्रशिक्षण दिया है। इन प्रक्रियाओं में से कुछ में लाभार्थियों की पहचान, वास्तविक टीकाकरण, कोल्ड चेन व लाजिस्टिक प्रबंधन, बायोमेडिकल कचरे का प्रबंधन, टीकाकरण पश्चात विपरीत प्रक्रिया प्रबंधन तथा कोविड-19 इंटेलीजेंस नेटवर्क-काउन व्यवस्था को अपडेट करना शामिल है। यह पूरे कार्यक्रम को संचालित करने तथा उस पर निगरानी की डिजिटल व्यवस्था है। अधिकारियों ने पहले ही चरण में 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया था जो अमेरिका की पूरी जनसंख्या के बराबर है, जहां दुनिया में कोविड से मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है।

किसी भी दृष्टिकोण से यह योजना बहुत विशाल है। अनेक वैक्सीनों के सामने आने के पहले यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत ने कोविड-संबंधी दवाओं से सारी दुनिया की सहायता की है तथा इस बारे में सहायता, सूचना और ज्ञान का हस्तांतरण किया है। एसआईआई व भारत बायोटेक् से प्रेरणा लेकर अन्य वैक्सीनों को भी अनुमति मिलने की उम्मीद है।

भारतीय वैक्सीनों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। इसका अर्थ है कि दुनिया को भारत के कारण अनेक सस्ती वैक्सीनों के विकल्प मिलेंगे।

आप की बात

यह कहां का न्याय है ?

जिस्म की प्यास बुझाने में लोग जात पात नहीं देखते हैं, और बात शादी की हो तो कुंडली मिलाते हैं यह कहां का न्याय हैं? चंद लम्हों की भूख मिटाने के लिए वो कुछ खुदगर्ज़ लोग लड़कियों के जीवन से बिन सोचे-समझे खिलवाड़ कर देते हैं न जाने क्या मिलता है उन लोगों को। इस संसार की हर एक बेटी प्यारी है चाहे वह हमारी हो या तुम्हारी हो, वहीं इज्जत लूटने वाले को मौत की सजा देनी होगी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम हो। बहरहाल लोग रेप करके रेप को छुपाने के लिए हर मुमकिन प्रयास करते हैं और अगर पीड़िता केस फाइल कर दे तो केस वापस लेने का दबाव बनाया जाता है जिस के डर से पीड़िता जहर खाने, खुदकुशी करने को मजबूर हो जाती है। कुछ मिनटों के मजे के लिए वह दुष्कर्मी रूह भी तार तार कर देते हैं। गौरतलब है कि बेटियों के हाथों की सुंदरता बढाने के लिए चूड़ियां नहीं बल्कि कलम देनी चाहिए ताकि वो अपना हाथ नही बल्कि अपना भविष्य सवार सके, साथ में हथियार भी दें जिससे कि मौका आने पर राक्षसों को ठोक सकें। पीरियड्स में मंदिर जाने पर धर्म भ्रष्ट हो जाता है लेकिन उसी मंदिर में बलात्कार होने पर घटना को दबाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अंत में यही कहा जाता है ग़लती उस महिला की थी।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

प्रदूषण के दुष्प्रभाव

पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने के लिए कई कारगर कदम उठाए जाते है। नियम और मापदण्ड लागू किए जाते हैं। अभी तक हमने पर्यावरण प्रदुषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव प्राकतिक आपदाओं, और कई रूपों में देखा है। परन्तु जब चौकाने वाले पहलू सामने आए तो बड़ा अचरज अदभुत लगता है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर रूस के कुत्तों का रंग नीला हो रहा है। रूस के जार्जिक्स में रासायनिक प्रदूषण का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रासायनिक प्रदूषण के कारण कुत्तों के रंग में परिवर्तन चिन्तनीय लगता है। अगर इसका इंसानी जीवन पर कुप्रभाव अगर रहता है तो कितना घातक हो सकता है । अंदाजा लगाया जा सकता है। सूत्रों से ज्ञात है कि जसिस्क में आरगिस्टकलो कम्पनी के पास रहने वाले लोगो की सूचना के आधार पर 6 वर्ष पूर्व फैक्ट्री बन्द हो गई थी। इस कंपनी में हाइड्रोसेनिक एसिड और मिथाइल मैथाकरायलेट (फ्लेक्सीगलास) का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता था। विशेषज्ञों, अधिकारियों द्वारा जांच जारी है कि जा रही है। और चिंता भी जाहिर है कि इंसानों को इसके दुष्प्रभाव से कैसे बचाया जा सके। केमिकल का असर इंसानों पर भी हो सकता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

देशभर में हों ऐसे कानून

बीते दिनों में कानूनों के उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि से चिंतित राज्य सरकारों का जनहित की सुरक्षा के लिए कड़े फैसले लेना जारी है। पत्थरबाजों से नुकसान की वसूली उचित ही है। हरियाणा में उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई का कानून बनाने का फैसला सराहनीय है। इस तरह के प्रयास पूरे देश भर में होने चाहिए जिससे कानून का उल्लंघन रुके तो संपत्ति को होने वाले नुकसान से भी निजात मिले। इन दिनों कानूनों के उल्लंघन से राज्य सरकारें त्रस्त हैं। आंदोलनकारी हो यह अपराधियों को संरक्षण देने वाले अक्सर अपने बचाव या विरोध प्रदर्शन के लिए पत्थरबाजी का इस्तेमाल करते हैं। आंदोलनों, दंगों और उपद्रव के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार ने नया कानून बनने का विचार किया है। इसके तहत सरकारी या गैर सरकारी नुकसान होने पर उन लोगों से ही इसकी भरपाई करवाई जाएगी जो नुकसान पहुंचाएंगे। हालांकि अभी इसका मसौदा तैयार नहीं हो पाया है मगर राज्य सरकार इसकी संभावनाएं तलाश रही है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

जम्मू-कश्मीर को उचित समय पर राज्य का दर्जा प्रदान किया जाएगा। फिलहाल हमारी प्रतिबद्धता राज्य में शांति स्थापित करने प्रति है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

लाए गए सुधार भारत को दुनिया की तीव्रतम गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बजट ने आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु दिशा दी है।

– **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री

भाजपा विभाजनकारी राजनीतिक द्वारा देश में लोकतंत्र को नष्ट कर रही है। किसानों व अन्य तबकों से बड़े-बड़े वादे किए गए मगर पूरे नहीं हुए।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

संक्षिप्त समाचार

सुख शांति के लिए हवन में डाली आहुति

थानेसर। श्रीशीतला माता मंदिर छोटा बाजार की ओर से हर वर्ष की भांति बसंत पंचमी के पर्व पर लगाए जाने वाला भंडारा रविवार को लगाया गया। इससे पहले हवन यज्ञ किया गया। समाज में सुख शान्ति के लिए हवन कुंड में आहुति डाली गई। शीतला मां की आरती की गई व तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शीतला माता मंदिर का प्रसाद भंडारे के रूप में चखा। शीतला माता मंदिर के प्रधान नरेंद्र वालिया ने कहा कि शीतला माता का आशीर्वाद अपने सभी भक्तों पर बना रहे। उन्होंने छोटा बाजार स्थित सभी दुकानदारों का इस भंडारे की सफलता के लिए धन्यवाद किया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के सपुत्र श्री हिमांशु अरोड़ा ने भी इस आयोजन में भाग लिया। हवन यज्ञ में पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा, राजेश अरोड़ा प्रधान कुरुक्षेत्रा फूड प्रोसेस एसोसिएशन, कुलभूषण गाबा, विवेक धवन, संजीव अरोड़ा, अजय कश्यप, दीपक चोपड़ा, राजू, विकास चोपड़ा, सुरेश कुमार, बंटी, सुनील, सुरिंदर कालिया, विनोद अरोड़ा, राजीव ठकराल, पप्पू, नेहा शर्मा, सुनीता वालिया, कविता कश्यप, कपिल अरोड़ा ,वीरेंद्र मेहंदीरत्ता व अन्य छोटा बाजार स्थित दुकानदार अन्य मां भक्त उपस्थित थे।

आवर्धन नहर: खर्च होंगे करीब सवा तीन सौ करोड़

रादौर। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौ. बंसीलाल के कार्यकाल के दौरान 70 के दशक में बनाई गई थी आवर्धन नहर के नवीनीकरण को लेकर कार्य शुरू हो चुका है। आवर्धन नहर करनाल सिंचाई विभाग के अधीन आती है। सिंचाई विभाग के एसडीओ नितिन कुमार का कहना है कि आवर्धन नहर के नवीनीकरण का प्राजेक्ट करीब सवा तीन सौ करोड़ रुपये का है। आवर्धन नहर के किनारे खस्ताहाल होने के चलते मौजूदा समय में नहर में 3200 क्यूसिक पानी ही बह रहा हैं, जबकि पहले इसमें 4500 क्यूसिक पानी बहता था। इसकी क्षमता बढ़ाकर 6 हजार क्यूसिक की जाएंगी। वहीं इस दौरान इसके ऊपर बने करीब 70 पुलों का भी दौबारा नवीनीकरण किया जाएंगा। उन्होंने बताया की आवर्धन नहर के करीब 76 किलोमीटर का यमुनानगर से करनाल के कस्बा घरौंडा के पिचौलिया गांव तक नवीनीकरण किया जाएगा।

नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

असन्ध। सामाजिक कार्यकर्ता मीनाक्षी शर्मा सालवन ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। नशा जहां शरीर के लिए खतरनाक है वहीं अपराध का मुख्य कारण है। मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे का आदी हो चुका है और नशा मनुष्य को अंदर से खोखला कर देता है। नशे की हालत में कोई भी व्यक्ति गंभीर अपराध कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है।

सरकार गलतफहमी में ना रहे, हक लेकर ही रहेंगे किसान : टिकैत

आप लोग ऐसा माहौल बना दो कि भाजपा की टिकट लेने वाला कोई ना बचे : गुरुनाम सिंह चंढूनी

किसान नेता राकेश टिकैत संबोधित करने से पूर्व अन्य किसान नेताओं के साथ।

जनसभा के दौरान मौजूद किसाान

पंकज शर्मा/सुरेश अनेजा। इन्द्री

अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे की ओर से किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में हजारों की संख्या में किसान, मजदूर व व्यापारी एकत्रित हुए। इस महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत, गुरनाम सिंह चढूनी, बलबीर सिंह रजोवाल, दर्शन पाल सिंह, युद्धवीर सिंह, चौ. सुरंश, रणजीत सिंह राजू व गुरसेवक सिंह सहित कई अन्य किसान नेता मौजूद रहे। मंच का संचालन रामपाल, मनजीत चौंगावा व कई अन्य किसान नेताओं ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर हरियाणवी रागनी कलाकारों व पंजाबी कलाकारों ने समां बाधां।

कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी किसान नेताओं का भव्य स्वागत किया। उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। किसान नेता राकेश टिकैत ने कि सरकार किसानों का ज्यादा दिमाग खराब ना करे। सरकार किसी की भी हो हम अपनी मांगे उठाते रहेंगे। किसानों की 40 सदस्यीय कमेटी जो भी फैसला करेगी वो सब को मान्य होगा। टिकैत ने कहा कि हमें आपसी तालमेल बनाकर रखना होगा क्योंकि सरकार किसानों को तोड़ने का

किसानों की 40 सदस्यीय कमेटी, जो भी फैसला करेगी वो सब को होगा मान्य

प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी गलतफहमी में ना रहे। किसान अपना हक लेकर ही रहेंगे। अब हम किसान की मांगों के साथ साथ विधायकों व सांसदों की पेंशन को बंद करवाने व कर्मचारियों की बंद पेंशन को शुरू करने के लिये भी आंदोलन करेंगे। जब तक प्रधानमंत्री किसानों का नारा नहीं लगाते है तब तक हम चैन से नहीं बैठने देंगे। हम किसानों के मान सम्मान व हकों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। अब हम देश के बाकी राज्यों में जाकर इस आंदोलन को ओर मजबूती देंगे। इस मौके पर गुरनाम सिंह चढ़ूंनी ने कहा कि आज की लड़ाई किसानों की जीविका को बचाने की है। उन्होंने कहा कि आप लोग ऐसा माहौल बना दो कि भाजपा की टिकट लेने वाला कोई ना बचे। आप आने वाले चुनावों में चाहे अपना वोट काले चोर को दे देना लेकिन इन को ना देना। उन्होंने कहा कि इनका हाल ऐसा कर देना जैसा आपने मुख्यमंत्री खट्टर का करनाल में किया था। किसान नेता राजेवाल ने कहा कि अब तक सरकार के साथ 11दौर की बैठक हो चुकी है लेकिन कोई भी हल नहीं निकल सका है। मोदी सरकार किसानों को बहका रही है लेकिन किसान अपनी मांगों को मनवाकर ही रहेगा। किसान नेता युद्धवीर सिंह ने कहा कि इस आंदोलन को आज 81 दिन हो गये है लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों का मनोबल टूटा नहीं है ओर रोजाना किसान आंदोलन में किसानों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आज किसान के भविष्य व बच्चों के हक की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि मंडी का सिस्टम किसान नेता छोटू राम की देन है इसे बंद नहीं होने देंगे। इस मौके पर किसान नेता रतनमान, सतीश कलसौरा, ओमपाल मंढाण, पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, ड़ा. सुनील पंवार, डा. नवजोत कौर कश्यप, कर्मसिंह खानपुर, राजेन्द्र स्वामी, शुभकरण कांबोज, गजेन्द्र कांबोज, यशपाल राणा, लखविन्द्र सिंह, जसविन्द्र, प्रशांत अरोड़ा, सुभाष गुज्जर, जगमालसंधू, जोगिन्द्र चौहान, रिषीपाल कांबोज, नवदीप, तेजपाल, जेपी शेखपुरा, जसविन्द्र कौर, रूपिन्द्र हांड़ा, सविता, सुरेश गोरसी, महेन्द्र राणा सहित काफी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

अस्पताल को दीं नि: शुल्क व्हीलचैयर और स्ट्रेचर

कुरुक्षेत्र। जरूरी तो नहीं कि हर रिश्ते में प्यास हो, बेवजह भी इक नदी समंदर से मिलती है। यह कहना था लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक और हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का। मौका था विश्व मानव रूहानी केंद्र संस्था द्वारा अस्पताल को नि: शुल्क व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर देने का।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ.सुखबीर सिंह ने की। इस अवसर पर उप- सिविल सर्जन डॉ. आरके सहाय, आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर अरोड़ा, रामकली सरोज, अरुणा मोंगिया आदि मौजूद रहे।

पुलवामा शहीदों की याद में दीपमाला बना दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

गुमथला गांव स्थित देश के अमर शहीदों की याद में बनाए गए इंकलाब मंदिर में पुलवामा शहीदों की याद में रविवार की अल सुबह दीपमाला कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर इंकलाब मंदिर के संस्थापक एडवोकेट वरयाम सिंह ने इंकलाब टीम के सदस्यों के साथ शहीदों की प्रतिमाओं व भारत माता की प्रतिमा पर दीपमाला समर्पित की। इस मौके पर एडवोकेट वरयाम सिंह ने कहा कि हम वीर शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत की सुरक्षित हैं। खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा की हमें वीर शहीदों की शहादत, कुर्बानियों व त्याग को हमेशा याद कर उन्हें नमन करना चाहिए। मौके पर सर्वजीत सिंह, अवतार सिंह, दीपक गर्ग, संतुराम, गुरूनुर, गुरूमुख सिंह, अमित, सोनू, कुलवंत, गुरमेल व मोनू उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

भिवानी। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन द्वारा यहां नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल यादव ने इस अवसर पर कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। यादव ने कहा कि इन जवानों ने यह आहुति देश के लिए दिए थे। यह पूरे देश के शहीद हैं। जिससे हर भारतवासी चैन की नींद सो सकें। आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए इस नापाक हमले का भारत ने करारा जबाव दिया था।

दिव्यांग बच्चों ने पुलवामा शहीदों को दी पुष्पांजलि

भिवानी। शहीदी स्मारक पर पुलवामा शहीदों को दिव्यांग बच्चों की नि: शुल्क शिक्षा एवं पुनर्वास को समर्पित आस्था स्पेशल स्कूल भिवानी के दिव्यांग बच्चों ने याद करते हुए श्रद्धांजलि प्रकट की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि देश के वीर सपूतों को हमें नमन करना चाहिए और उनकी कुर्बानी को याद करते हुए उनके पथ पर एवं देश के प्रति समर्पित समर्पण भाव के साथ कार्य करना चाहिए।

श्रद्धांजलि देते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्य।

सांस्कृतिक मंच से बच्चों ने दी मनोहारी हरियाणवी प्रस्तुति

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

दैनिक जीवन में सामान्य नीरसता के चलते सप्ताह में एक दिन मनोरंजन का भी होना चाहिए। जिसमें विविधता और आनंद हो तथा तनाव की कोई जगह ना हो। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने यह वाक्य सेक्टर-12 में राहगिरी कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व अन्य गणमान्यों को संबोधित करते हुए कहे।

उपायुक्त श्याम लाल कहा कि पिछला वर्ष कोविड-19 के चलते राहगिरी कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा, लेकिन अब इस महामारी से थोड़ी राहत के चलते इसे दोबारा शुरू कर दिया है। उपायुक्त ने राहगिरी कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा थीम को लेकर कहा कि सडक सुरक्षा एक ऐसा विषय है, जिसके लिए जागरूक होना

जरूरी है। इसके महत्व को देखते हुए 18 जनवरी से 17 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को रुचिकर बनाने के लिए इसमें पारंपरिक रस्सा कस्सी, कबड्डी, बाक्सिंग, बॉलीवाल जैसे खेल शामिल किए गए थे।

कृषि मंत्री के बेतुके और निराधार आरोप माकपा ने खारिज किए

भिवानी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी भिवानी ने राज्य के कृषि मन्त्री द्वारा किसान नेताओं पर चन्दा खाने, चन्दा जीवी तथा चन्दा चोर बताने की ब्यान की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने दिल्ली ट्रैक्टर परेड में कथित तौर पर कम्युनिस्टों द्वारा हिंसा करवाने की योजना ब्यान की निंदा करते हुए उसका जोरदार खण्डन किया है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि कृषि मन्त्री द्वारा बिना सबूत और आधार के इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाना अशोभनीय है और उनके पद की गरिमा के खिलाफ है।

भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहीद का दर्जा दिलाने का संकल्प लें युवा

सैनी धर्मशाला में युवाओं से रूबरू हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

सैनी धर्मशाला में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राजीव जैन।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने युवाओं से आह्वान किया है कि वो भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को संवैधानिक तौर पर शहीद का दर्जा दिलाने की मुहिम चलाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग का दायित्व है कि वह इन महान वीरों की भांति अपने राष्ट्र, समाज के प्रति जिम्मेदार बनें। रविवार को कामी रोड पर स्थित सैनी धर्मशाला परिसर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे राजीव जैन ने सबसे पहले पुलवामा में शहादत देने वाले जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।

एक झटके में शटर उखाड़ने वाले तीन चोर हुए गिरफ्तार

सीसीटीवी में दुकानों के शटर उखाड़ते हुए कैद

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

शहर में बीते सप्ताह चोरों ने आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों के शटर उखाड़कर अलग-अलग जगह पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इसी के मद्देनजर बढ़ती वारदातों पर कंट्रोल करने के लिए सोनीपत एसपी ने सख्त आदेश देकर गश्त बढ़ाने की बात कही थी।

सिविल थाना पुलिस ने तीन चोरी की घटनाओं में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। सोनीपत शहर में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही। बीते एक सप्ताह में आधा दर्जन से ज्यादा चोरियों को अंजाम देने वाले आरोपी लगातार पुलिस के शिकंजे से बाहर नजर आ रहे थे, लेकिन देर रात सोनीपत के थाना सिविल लाइन पुलिस ने बढ़ती चोरी की वारदात को रोकने के लिए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी बिन्दन, रंजन और मोहित सीसीटीवी में दुकानों के शटर उखाड़ते कैद हुए। तीनों चोर रात के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उपपुलिस अधीक्षक विपिन कादियान ने बताया कि तीनों आरोपियों ने शहर के कच्चे क्वार्टर, ओल्ड डीसी रोड और गांधी चौक पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

हर वर्ग का विकास करने को वचनबद्ध है गठबंधन सरकार : रामकरण काला

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

शाहाबाद के विधायक रामकरण काला ने कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार हर वर्ग के लिए विकास कार्य करने के लिए वचनबद्ध है। सरकार में सभी वर्गों के विकास कार्य निष्पक्षता से किए जा रहे हैं।

विधायक रामकरण काला जिले के गांव लुखी में डेरा करनैल सिंह गिल के मार्ग का उद्घाटन करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ शुगर केन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंदर खैहरा भी मौजूद

रहे। यहां पहुंचने पर विधायक रामकरण काला का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बता दें कि लुखी में डेरा करनैल सिंह गिल के मार्ग की दशकों से बनाये जाने की मांग उठ रही थी, कई सरकारें आई और गई।

रामेश्वर सैनी को बनाया हिन्द संग्राम परिषद का सचिव

कुरुक्षेत्र। हिन्द संग्राम परिषद व श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा दु:खभंजन मंदिर में समारोह का आयोजन किया गया।

हिन्द संग्राम परिषद व श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल ने सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी को कोरोना काल में सराहनीय कार्य करने पर कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सामाजिक संस्था हिन्द संग्राम परिषद में सचिव नियुक्त किया। रामेश्वर सैनी ने परिषद के संस्थापक चेयरमैन पंडित आरके शर्मा का आभार जताया।

कृषि मंत्री को मंत्रिमंडल से करें बर्खास्त : सुरेंद्र मित्तल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने हरियाणा के कषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों के बारे दिए गए बयान की आलोचना करते हुए कहा है कि ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि लगभग तीन महीनों से जारी किसान आंदोलन में कई किसानों की मौत की हो चुकी है। दिल्ली सीमा रेखाओं पर किसान लगातार कृषि बिलों के विरोध में डेरा डाले बैठे हुए है। टिकरी बॉर्डर से सिंघू बॉर्डर तक जारी किसान आंदोलन में कई किसान अपनी जान गंवा चुके है। बता दें कि हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गत दिवस भिवानी में पत्रकार वार्ता में जिन किसानों की मौत हुई उनको लेकर कहा कि अगर ये किसान घर पर भी रहे होते तो भी मर जाते, इनमें से कुछ किसानों की मौत स्वेच्छा से हुई है।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मौसम बदलता है तो बदल जाती हैं निगाहें,
पानी सूखता है तो निकल आती हैं राहें,
यकीन कर सकता है तो कर अपने वजूद पर,
क्योंकि यकीन के दम से ही सही जाती हैं यातनाएं।

अभय के सम्मान में जुटी भीड़ ने महम कांड का दाग धोया

विधानसभा से त्यागपत्र देने के बाद अभय का आत्मविश्वास बढ़ा

दूसरी पार्टी के जाट नेताओं के सामने खड़ी की चुनौती, बदले हालात

ईश्वर धामु। भिवानी

हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से किसानों के बिलों के मुद्दे पर त्यागपत्र देकर इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला अब अलग ही तेवर में नजर आने लगे हैं। इतना ही नहीं महम में अभय चौटाला को मिले सम्मान और कार्यक्रम में मौजूद भीड़ ने जहां

उनमें आत्मविश्वास बढ़ा दिया, वहीं पार्टी पर महम कांड का लगा दाग भी धो दिया। अब सम्भव है कि चौटाला परिवार महम को फिर से अपनी कर्मस्थली बना ले? क्योंकि किसी को भी यह अनुमान नहीं था कि अभय चौटाला के सम्मान समारोह में इतनी भीड़ जुट जायेगी।

राजनैतिक चर्चाकार इसको अभय चौटाला का राजनैतिक करिश्मा मान रहे हैं। अब अभय चौटाला जिस जगह भी किसानों के धरनों पर जाते हैं तो उनको भरपूर सम्मान मिल रहा है। जबकि विधायक रहते हुए उनको इतना सम्मान नहीं मिल पा रहा था। अब इनेलो की एक नई लहर ने गति पकड़नी शुरू कर दी है। चर्चाकारों का कहना है कि इनेलो की बदली धारा से अब चुनाव के समय जो नेता पार्टी छोड़ कर चले गए थे, अब घर वापसी कर सकते हैं, क्योंकि अभय चौटाला के विधायक पद से त्यागपत्र के बाद बदली जनभावनाओं का लाभ पार्टी को आने वाले चुनाव में मिलेगा। बदली भावनाओं का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अभय चौटाला को किसान अब उन्हीं में अपना भविष्य देखने लगे हैं। कहा जा रहा है कि अब अगर पार्टी छोड़ कर जाने वाले घर वापिसी कर गए तो यह जेजेपी के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अब इनेलो के नेता भी यह तथ्य जान चुके हैं कि अभय चौटाला के त्याग पत्र के बाद राजनैतिक हालात बदल गए हैं। अगर अभय चौटाला इन्ही हालातों को सम्भाल कर आगे बढ़ाते चले गए तो जेजेपी को उनके गृह जिले में ही चुनौती खड़ी हो जायेगी। इन राजनैतिक हालातों का प्रभाव इस बार उचाना विधानसभा सीट पर सीधे रूप से पड़ेगा। निसंदेह अभय चौटाला का एकदम से राजनैतिक कद बढ़ा है और उनकी सार्वजनिक छवि भी बदली है। अब वे व्यक्तित्व से गम्भीर नेता नजर आने लगे हैं। इस छवि का लाभ पार्टी को मिलेगा और पार्टी का जनाधार भी बढ़ेगा। चर्चाकार भी अब तो मानने लगे हैं कि अभय चौटाला ने सही समय पर सही कदम उठा कर सभी को अचम्भित कर दिया है। उन्होंने एक बार फिर अपनी राजनैतिक क्षमता को सिद्ध कर दिया है।

जर्नलिस्ट क्लब का चौथा वार्षिक समारोह तोशाम में 28 को

भिवानी। जर्नलिस्ट क्लब भिवानी के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को तोशाम के पंचायत घर में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के प्रधान ईश्वर धामु ने की। बैठक के दौरान आगामी 28 फरवरी को होने वाले क्लब के वार्षिक कार्यक्रम बारे विचार-विमर्श किया गया। यह जानकारी देते हुए क्लब के सदस्य सतीश मित्तल व महासचिव विष्णु दत्त शास्त्री ने बताया कि जर्नलिस्ट क्लब भिवानी का चौथा वार्षिक समारोह अबकी बार तोशाम के पंचायत घर में 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 3 सालों से निरंतर क्लब की तरफ से दिया जाने वाला चौथा देवव्रत वशिष्ठ स्मृति पुरस्कार भी इस समारोह में ही दिया जाएगा।

हरियाणा में तीन साल से किया जा रहा था रजिस्ट्री घोटाला

छह मंडलायुक्तों की रिपोर्ट में 120 अधिकारी और कर्मचारी बताए गए संदिग्ध

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा की राजनीति में उफान लाने वाले रजिस्ट्री घोटाले की जांच रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि हरियाणा विकास और शहरी भूमि नियमन अधिनियम की धारा सात का उल्लंघन कर रजिस्ट्री करने का सिलसिला पिछले तीन साल से चल रहा था। मात्र कोरोना काल के लॉकडाउन में ही इस तरह का घोटाला नहीं किया गया था।

लॉकडाउन की अवधि में रजिस्ट्री घोटाला किया जाने का मामला सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री के साथ राजस्व और आपदा विभाग भी संभाल रहे दुष्यंत चैटाला ने तीन साल पीछे से रजिस्ट्रियों की जांच प्रदेश के सभी छह मंडलायुक्तों से करवाई थी। मंडलायुक्तों की रिपोर्ट में बताया गया है कि व्यवस्था की खामियों के चलते पिछले तीन साल में रजिस्ट्रियों में घोटाले किए गए। छहों मंडलायुक्तों ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजी रिपोर्ट में खामियों को उजागर किया है। जांच रिपोर्ट के अनुसार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, शहरी निकाय विभाग और शहरी आयोजना विभाग ने व्यवस्था की खामियों का फायदा उठाया और नियमों को लांघते हुए रजिस्ट्रियां कर दीं। जांच रिपोर्ट दुष्यंत चौटाला को सौंपी जा चुकी है। कोरोना काल में की गई रजिस्ट्रियों में घोटाले का खुलासा होने पर दुष्यंत चैटाला ने पिछले तीन सालों में की रजिस्ट्रियों की जांच मंडलायुक्तों से कराने के आदेश दिए थे। तीन साल में हुए घोटालों की जांच कराने के पीछे दुष्यंत का इरादा पहले से चली आ रही व्यवस्था की खामियों को सामने लाने का था। गृह मंत्री अनिल विज ने कोरोना काल में अवैध शराब की बिक्री और जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की जांच भी पिछले तीन सालों की कराई है। तीन साल पहली पहली मनोहर लाल सरकार में राजस्व और आपदा विभाग एवं आबकारी एवं कराधान विभाग कैप्टेन अभिमन्यु के पास थे। भाजपा नेता अभिमन्यु अब विधानसभा में भी नहीं है।

मंडलायुक्तों की रिपोर्ट में रजिस्ट्री घोटाले के लिए राजस्व, शहरी निकाय और आयोजना विभाग के करीब 150 अधिकारियों को चिन्हित किया गया है। मंडलायुक्तों की रिपोर्ट में अब 120 अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली संदिग्ध बताई गई है। पिछले तीन साल में 7-ए के तहत हुई रजिस्ट्रियों में गड़बड़ सामने आने के बाद अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को नई प्रणाली के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन साल में हुई रजिस्ट्रियों की जांच हिसार, अंबाला, करनाल, रोहतक, फरीदाबाद और गुरुग्राम के मंडलायुक्तों ने की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का इरादा जताया है।

आजादी के बाद दूसरा बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया किसानों ने

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष सेलजा ने कालावली में किसान सम्मेलन को संबोधित किया

पुलवामा में शहीद जवानों और आंदोलन में शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा/चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष सैलजा ने कहा कि किसान आंदोलन जैसा जन आंदोलन इतिहास में कभी-कभी आता है। एक आजादी का जन आंदोलन था और उसके बाद दुनिया ने मौजूदा किसान आंदोलन जैसा कोई आंदोलन नहीं देखा गया। उन्होंने सिरसा के कालांवाली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कहीं।

सम्मेलन का आयोजन कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला द्वारा किया गया। इस दौरान पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों और किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सैलजा ने कहा कि पिछले पौने तीन महीने से किसान आंदोलन चल रहा है। 200 से ज्यादा किसानों की जान जा चुकी है। यह देखकर हमें बहुत दुख हो रहा है कि प्रधानमंत्री ने अब तक एक शब्द भी दिवंगत आत्माओं के बारे में सहानुभूति प्रकट करते हुए नहीं बोला, बल्कि आंदोलन कर रहे लोगों पर व्यंगपूर्वक शब्द इस्तेमाल किए। यह हमारे अन्नदाता हैं देश का पेट भरते हैं, दिन-रात मेहनत करते हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार हमारे देश को निराश किया। हम निराश हुए, लेकिन उनसे ऐसे शब्दों के प्रयोग की हमने कभी उम्मीद नहीं की थी। भाजपा ऐसी पार्टी है जो ऊपर कहती हैं, वही बात नीचे पहुंचती है।

हरियाणा प्रदेश के कृषि मंत्री ने कल दिवंगत किसान आत्माओं के बारे में जो कहा वह बेहद ही दु:खद है। ये देश की संस्कृति और सभ्यता के ठेकेदार बनते हैं। क्या इनके संस्कार यही सिखाते हैं। जो चला जाता है उसके बारे में सभी को दु:ख होता है। अगर हम सहानुभूति नहीं जता सकते तो कम से कम अपमानजनक न कहें। सैलजा ने कहा कि ये कानून कृषि क्षेत्र को पूरी तरह से बर्बाद कर देंगे। इन कानूनों के जरिए यह सरकार मंडिया खत्म करना चाहती है। सरकार कहती है कि हम मंडियां बंद नहीं करेंगे, मंडिया तो खुद ही बंद हो जाएंगी।

सरकारी मंडियों में टैक्स लगेगा और बाहर टैक्स नहीं लगेगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। बडे-बड़े पूंजीपति आएंगे तो किसान, मजदूर, छोटा व्यापारी और आढती खत्म हो जाएगा। वर्ष 2006 में ऐसे ही कृषि कानून आने के बाद जिस तरह से बिहार के किसान मजदूर बनकर रह गए हैं, उसी तरह से यह सरकार हरियाणा के किसानों को भी मजदूर बनाना चाहती है। कांग्रेस सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए कानून बनाया था। अब यह सरकार जमाखोरी को बढ़ावा देने के लिए कानून लाई है। यह सरकार अपनी जिद छोड़े और किसान-मजदूर की बात माने।

सैलजा ने कहा कि भाजपा कहती है कि किसानों को कांग्रेस पार्टी बरगला रही है। देश का किसान अपना नफा-नुकसान जानता है। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में किसानों के साथ खड़ी थी, खड़ी है और खड़ी रहेगी। कांग्रेस की सरकार आने पर यह काले कानून वापस लिए जाएंगे।

प्रदेश में बोटिंग और राफ्टिंग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी

पर्यटन मंत्री ने बताया कि वो केरल दौरे में कर रहे हैं अध्ययन

पायनियर समाचार सेवा। चण्डीगढ़

हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केरल की तर्ज पर ताजेवाला व हथनीकुंड बैराज पर बोंटिंग व राफ्टिंग की संभावनाओं को तलाशा जाएगा।

कंवरपाल इन दिनों हरियाणा में पर्यटन की नई-नई संभावनाओं को तलाशने के लिए केरल प्रदेश के दौरे पर हैं। कंवरपाल ने बताया कि वे अपने केरल दौरे में विभिन्न जिलों में जगह-जगह विकसित किए गए पर्यटन स्थलों को देख रहे हैं व जानकारी हासिल कर रहे हैं कि केरल राज्य पर्यटकों को क्या-क्या सुविधाएं दे रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि वो अध्ययन कर रहे हैं कि इन योजनाओं को किस प्रकार हरियाणा में लागू किया जा सकता है जिससे हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि उन्होंने केरल के समुद्र तटों व नदियों के समीप के स्थानों का दौरा किया और वहां देखा कि उस जैसी परिस्थितियां हमारे यहां यमुनानगर जिले के ताजेवाला व हथिनीकुंड बैराज पर उपलब्ध हैं और यहां पर्यटकों को लुभाने के लिए बोटिंग, राफ्टिंग व अन्य गतिविधियों को शुरू किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों के लिए और भी नई-नई सुविधाओं व पर्यटन के साधनों को शुरू करने के लिए यहां ज्यादा क्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साधन भी प्राप्त होगें और पर्यटकों के आने से हरियाणा का विकास भी होगा। उन्होंने बताया कि वे केरल दौरे पर वहां के अधिकारियों व पर्यटकों से भी मिल रहे हैं और उनके अनुभव जान रहे हैं कि वहां पर्यटकों को क्या सुविधाएं दे पाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को लेकर आज होगी सेमिनार

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2021 को लेकर एक सेमिनार का आयोजन विद्या भारती शिक्षण संस्थान के सभागार में किया जाएगा। इस सेमिनार में सरस्वती नदी नए परिपेक्ष और विरासत विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। इस सेमिनार व आईएसएम-2021 को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस सेमिनार में अधिकतर वक्ता वर्चुअल रुप से जुड़ेंगे। कोविड 19 की गाईडलाइंस की पालना भी की जाएगी, 16 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन अवसर पर पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सुबह के समय 21 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सायं के समय भजन संध्या का आयोजन होगा और सरस्वती तीर्थ के पावन तट पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

श्रद्धा से योग साधना पर होती है आनंद की प्राप्ति : देसराज

योग आश्रम में मौजूद संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव देसराज और अन्य।

कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान हरियाणा प्रांत इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का अभिनंदन समारोह रविवार को मिर्जापुर कुरुक्षेत्र स्थित योगाश्रम में आयोजित किया गया। समारोह में संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव देसराज व उनकी धर्मपत्नी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। दिल्ली प्रांत इकाई के प्रधान ललित गुप्ता, उनकी धर्मपत्नी तथा किशोर कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में पधारे। सभी अतिथियों व हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। किशोर कुमार ने ध्वनि तथा गायत्री मंत्र करवाया। ब्रह्मसरोवर जिला कुरुक्षेत्र की साधिकाओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। ललित गुप्ता ने प्राणायाम करवाया।

नागा बाबा अंबाले वाले की याद में लगाया विशाल भंडार

कैथल। नागा बाबा अंबाला कैंट वाले की याद में 14वां विशाल भंडारा कैथल में आयोजित किया गया। यह भंडारा कैथल के श्रद्धालुओं द्वारा मिलकर आयोजित किया गया। भंडारे का आयोजन गीता भवन मंदिर के पास सैन विद्या मंदिर के बाहर किया गया था। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा आयोजन समिति के संयोजक विजयपाल शर्मा ने बताया कि नागा बाबा की अंबाला कैंट में, जो समाधि है उनकी याद में यह भंडारा आयोजित किया जाता है। पहले अंबाला में बाबा की समाधि पर आयोजित किया जाता था, लेकिन अब यह भंडारा कैथल में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस भंडारे में कैथल शहर के लोगों का पूरा सहयोग रहता है। भंडारे से पूर्व हवन भी किया गया। जिसमें पंडित ऐंमना कुमार गौड़ द्वारा हवन पूजा करवाई गई। इस अवसर पर महावीर गुप्ता, शिव कुमार, कमल शर्मा, अभिजीत जोशी, पंकज गुप्ता, अरुण कुमार, वरुण बंसल, सुरजीत सिंह प्रजापत, दीपक गर्ग, अनिल गोगी, विनय गर्ग, नवीन गर्ग, विक्रांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

सिरसा। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, सिरसा द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन केएल थियेटर कार्यालय में किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न कलाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, सिरसा से डीएसओ ललिता मलिक वाईसीओ ईश्वर आशरी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागी कलाकारों को डीएसओ ललिता मलिक ने बधाई दी। उनका हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि युवाओं को हमेशा ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वर आशरी वाईसीओ सिरसा ने केएल थियेटर के निदेशक कर्ण लढा का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डीएसओ ललिता मलिक, वाईसीओ ईश्वर आशरी, केएल थियेटर के निदेशक कर्ण लढा, संजय ०लर्क खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, सिरसा एवं सभी प्रतिभागी कलाकार मौजूद रहे।

28 को लगेगा रक्तदान शिविर

सिरसा। श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एवं भाईचारा करणी सेना के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक एक निजी रेस्तरां में हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि दोनों संगठनों की ओर से आगामी 28 फरवरी को महाराजा अग्रसेन पार्क में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा जिसमें 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया जाएगा।

जियो और जीने दो के सिद्धांत को आत्मसात् करें : कविता जैन

भगवान श्रीपारसनाथ की शिक्षाओं और संदेश को जीवन में करें धारण

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

पूर्व मंत्री जयंती महोत्सव में मौजूद महिलाओं से मिलते हुए।

हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने त्रिवेणी संगम जन्म जयंती महोत्सव की बधाई देते हुए भगवान पारसनाथ की शिक्षाओं और संदेश को जीवन में धारण करने के लिए श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। जीवन की हर समस्या व सवाल का समाधान और जवाब उनकी शिक्षाओं व संदेशों में मिलता है।

भगवान प्रेमसुख मंदिर ट्रस्ट एवं भगवान प्रेमसुख विद्यापीठ के तत्वावधान में भगवान पारसनाथ जन्म कल्याणक एवं फूलचंद महाराज और प्रेमसुख महाराज के जन्मोत्सव के मौके पर रविवार को प्रेमनगर स्थित प्रेमसुख मंदिर में त्रिवेणी संगम जन्म महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री कविता जैन ने प्रमुख अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने भगवान पारसनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि आज की दौड़ती-भागती एवं तनावभरी जिंदगी में भगवान पारसनाथ के संदेश राहतभरे हैं। हमें उनके संदेश का अनुकरण करना चाहिए। कविता जैन ने कहा कि भगवान महावीर ने जियो और जीने दो का सिद्धांत दिया था, जो हर युग में प्रासंगिक है और रहेगा। संसार में सभी जीवों को जीने का अधिकार समान रूप से प्राप्त है। इसमें मानव के साथ अन्य जीव-जंतू भी शामिल हैं। अत: किसी को भी दूसरों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने अथवा छिनने का अधिकार नहीं है। मानव जीवन बहुत सद्कर्मों के बाद मिलता है, जिसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि मानव जीवन को मानवता को समर्पित करना चाहिए। हमें नर सेवा में जुटे रहना चाहिए।

बच्चों ने कविताओं के माध्यम से की नशे पर गहरी चोट

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

नशे व भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य करने वाली सामाजिक संस्था मानवाधिकार परिषद हरियाणा की ओर से राजकीय विद्यालय कीर्तिनगर में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हुडा पुलिस चौकी के अधिकारी अमरपाल थे जबकि विशिष्ट अतिथि स्कूल के प्राचार्य रामेश्वर दास थे वहीं अध्यक्षता समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर ने की। इस अवसर पर संस्था के प्रदेशाध्यक्ष तरुण भाटी ने विद्यार्थियों को संस्था की ओर नशे के खिलाफ किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और उन्हें समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पुलिस अधिकारी अमरपाल ने इस अवसर पर नशे के खिलाफ जिला पुलिस प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से भी इसमें अपना योगदान देने की अपील की। प्राचार्य रामेश्वर दास ने भी मानवाधिकार परिषद हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष तरुण भाटी एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रशासन के सहयोग से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को सराहा। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थियों ने गौरव, विपुल, चंदा, पूजा, सरोज, नूर, विशाल आदि ने कविताओं के माध्यम से नशे पर टिप्पणी की।

इन सभी विद्यार्थियों को संस्था पदाधिकारियों व मुख्यातिथि की ओर से प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक सरोज मलिक, सरिता देवी, आशिमा, अल्पना, हरजीत सिंह, जगदीश कुमार, राजकुमार, संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी व देविवि के कर्मचारी नेता रविंद्र सैनी तथा डॉ. सुमित सैनी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष तरुण भाटी ने सभी विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ कार्य करने की शपथ भी दिलाई।

सुषमा ने विदेश मंत्री रहते हुए विश्व में भारत का सिर ऊंचा किया: जेपी दलाल

स्व.सुषमा स्वराज के 69वें जन्मदिवस पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पदम विभूषित स्व.सुषमा स्वराज के 69वें जन्मदिवस पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल मौजूद थे। उनके साथ सांसद धर्मबीर सिंह भी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ एडवोकेट ने की।

कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने स्व. सुषमा स्वराज देश की शान बताते हुए कहा कि लंबे वक्त तक सुषमा स्वराज ने देश की सेवा की। लोकसभा के अन्दर देश के विभिन्न मुद्दों कोसुषमा स्वराज ने उठाया। सुषमा स्वराज ने विदेश मंत्री रहते हुए पूरे विश्व में भारत का सिर ऊंचा किया। पुलवामा के शहीदों को याद करते हुए जयप्रकाश मलिक ने कहा कि उनके बलिदान को आज पूरा देश याद कर रहा है। उनकी बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे देश के सैनिक विपरित परिस्थितियों में सीमा पर डटकर देश की सेवा में लगे हुए हैं। उनको आज हम नमन करते हैं। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज एक ऐसी शख्सियत थी, जिनकी काबिलियत को हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता जानती है। सांसद ने कहा कि उन्होंने कहा कि वे स्वष्टवादिता थी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, महामंत्री हर्षवर्धन मान, बृजपाल सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष विनोद चावला, सोनू सैनी, बबीता तंवर, संजय दुआ, धीरज सैनी, प्रवीण चावला, पार्षद नरेंद्र सर्राफ, समेत अनेक भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने सुषमा स्वराज को याद किया।

कैंसर और एड्स रोगियों को भी मिलेगी 2000 रुपये पेंशन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बजट सत्र में कर सकते हैं ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा सरकार एचआईवी पीड़ित, कैंसर तथा किडनी के रोगियों को पेंशन सुविधा लागू करेगी। इस श्रेणी के रोगियों को बुढापा पेंशन की तर्ज पर हर माह 2200 रुपये देने की योजना है। पहले चरण में एचआईवी एड्स रोगियों को इस सुविधा के दायरे में शामिल किया जाएगा। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सभी जिला सिविल सर्जनों से स्टेट्स रिपोर्ट मांग ली है।

सूत्रों के अनुसार पहले एचआईवी पीड़ितों को पेंशन देने की योजना पर मंथन शुरू हुआ था, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को कैंसर तथा किडनी रोगियों को भी पेंशन देने की योजना पर विचार करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार ने पिछले साल अप्रैल माह के दौरान इस योजना को ऐलान किया था। उस समय कोरोना के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान यह योजना लागू नहीं हो सकी।

सरकार ने अधिकारियों को दिए तीनों श्रेणी के लोगों का आंकड़ा जुटाने के निर्देश जारी किए हैं। सूत्रों के अनुसार अभी तक प्रदेश में इन तीनों श्रेणियों के करीब 25 हजार रोगियों को चिन्हित किया जा चुका है। अब प्रदेश के हालात सामान्य हो रहे हैं और अगले माह मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बजट सत्र के दौरान इस बारे में घोषणा की जा सकती है। सरकार द्वारा इस श्रेणी के लोगों को पेंशन देने से पहले बजट में वार्षिक राजस्व का प्रबंध भी किया जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि फरवरी माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार करके वित्त विभाग को भेज दी जाएगी। जिसके चलते यह योजना लागू होगी।

यह बेहद महत्वाकांक्षी योजना है। इससे गंभीर बीमारी का शिकार लोगों को लाभ मिलेगा। पिछले साल के दौरान कोरोना के कारण यह योजना लागू नहीं की जा सकी लेकिन इसे अब इस वर्ष के दौरान लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहले ही इसकी स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं।

ओम प्रकाश यादव
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री।

सोनी समाज धर्मशाला के सौंदर्यीकरण को हुई बैठक

सिरसा। स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने रविवार को सोनी धर्मशाला में बैठक की और सोनी धर्मशाला के सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक विचार किया।

इस दौरान सोनी समाज के प्रधान राजेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान निर्माणाधीन विवाह पंडाल, प्रस्तावित कक्ष तथा अन्य कार्यों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने सामाजिक स्तर पर सभी के सहयोग से अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। युवा प्रधान राजेश सोनी ने कहा कि समाज के सभी परिश्रमी लोग अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार इस धर्मशाला के सौंदर्यीकरण की दिशा में पूरा योगदान दे रहे हैं और निकट भविष्य में यह शहर की सबसे बेहतरीन धर्मशालाओं में शुमार होगी।

केडीबी सदस्यों ने खेलमंत्री से की धार्मिक स्थलों के विकास पर चर्चा

चन्द्र अग्रवाल। थानेसर

कुरुक्षेत्र की धरा का धार्मिक महत्व प्रसिद्ध है पूरे विश्व में

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के नवनियुक्त सदस्यों ने केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा की अध्यक्षता में हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह से मुलाकात की है।

खेलमंत्री ने नवनियुक्त सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की धरा का धार्मिक महत्व पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ साथ कुरुक्षेत्र की 48 कोस की भूमि को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिंद से प्रकट हुई श्रीमद भगवत गीता के ज्ञान से सुशोभित यह पावन धरा कर्म करने का संदेश देती है। इसी परंपरा को हम सबको मिलजुल कर आगे बढ़ाना है। सरकार की तरफ से यहां के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नवनियुक्त सदस्यों ने खेलमंत्री को आश्वासन दिया कि उन सभी का प्रयास रहेगा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को अधिक भव्य रुप दिया जाए। इसमें विश्व के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा सभी तीर्थों के रखरखाव और साफ सफाई के साथ-साथ यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखने का भी प्रत्येक सदस्य भरसक प्रयास करेगा।

असम में सत्ता में आने पर कांग्रेस कभी भी सीएए लागू नहीं करेगी : राहुल

विधानसभा चुनावों से पहले असम में पहली रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा

एजेंसी। शिवसागर (असम)

भाजपा और आरएसएस पर असम को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी असम समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेगी और अगर राज्य में सत्ता में आती है तो कभी भी संशोधित नागरिकता कानून लागू नहीं करेगी।

विधानसभा चुनावों से पहले असम में पहली रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि राज्य को अपने मुख्यमंत्री की जरूरत है जो लोगों की आवाज सुने, न कि जो नागपुर और दिल्ली की आवाज सुने। असम में मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, असम समझौते से शांति आई है और यह राज्य के लिए रक्षक की तरह है। मैं और मेरी पार्टी के कार्यकर्ता

समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेंगे। इससे बिल्कुल नहीं भटकेंगे।

गांधी ने कहा कि असम में अवैध आव्रजन एक मुद्दा है और विश्वास जताया कि राज्य के लोगों में वार्ता के माध्यम से मुद्दे के समाधान की क्षमता है। असम समझौते के मुद्दे पर भाजपा और आरएसएस पर राज्य को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, अगर असम बंटता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि असम के लोग और शेष भारत प्रभावित होंगे। विवादास्पद सीएए के बारे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो किसी भी स्थिति में यह कानून लागू नहीं किया जाएगा।

गांधी सहित पार्टी के सभी नेता गमछा पहने हुए थे, जिसपर सांकेतिक रूप से सीएए शब्द को काटते हुए दिखाया गया, जो विवादास्पद कानून के खिलाफ एक संदेश था। गांधी ने कहा कि असम को उनके अपने लोगों में से एक मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो उनके मुद्दों को सुने और उन्हें हल करने की कोशिश करे।

उन्होंने कहा, रिमोट कंट्रोल एक टीवी चला सकता है, लेकिन मुख्यमंत्री को नहीं। वर्तमान मुख्यमंत्री नागपुर और दिल्ली की बात सुनते हैं। अगर असम को फिर से इस तरह का मुख्यमंत्री मिलता है, तो इससे लोगों को कोई फायदा नहीं होगा। युवाओं को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो उन्हें नौकरी दे। प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री औरैउनके करीबी व्यापारियों पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा, मैंने असम के लिए एक नया नारा तैयार किया है - हम दो, हमारे दोअ असम के लिए हमारे और दो, और सबकुछ लूट लो। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्राकृतिक संसाधनों और पीएसयू को देश के दो बड़े व्यवसायियों को बेचा जा रहा है। गांधी ने मोदी सरकार पर कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक धन की लूट करने और दो बड़े व्यवसाई दोस्तों के ऋण माफ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के नेतृत्व में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने असम में हिंसा समाप्त कर शांति लाई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में करोड़ों की परियोजनाएं शुरु की

मोदी ने चेन्नई मेट्रो रेल के विस्तार का उद्घाटन और कई के शिलान्यास किए

एजेंसी। चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु में चेन्नई मेट्रो रेल के पहले चरण के विस्तार का उद्घाटन किया और रेलवे समेत अलग-अलग क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसे नवाचार और स्वदेशी विकास का प्रतीक करार दिया। नेहरू इंडोर स्टेडियम में हुए भव्य समारोह में मोदी ने उत्तरी चेन्नई में वाशरमैनपेट को विमको नगर से जोड़ने वाले मेट्रो के 9.01 किलोमीर लंबे भाग का उद्घाटन किया। इस परियोजना में 3,770 करोड़ रुपये का खर्च आया है।

इस विस्तार की वजह से पहले चरण की कुल लंबाई 54.05 किलोमीटर हो गई है। लोग उत्तर चेन्नई क्षेत्र से मेट्रो का इस्तेमाल करते हुए दक्षिण में हवाई अड्डे तक की यात्रा कर सकते हैं। मोदी ने चेन्नई बीच अट्टीपट्टू की चौथी लाइन और विल्लुपुर की मयलादुथुरई तंजावुरामयलादुथुरई तिरुवुर एकल रेल लाइन के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने आईआईटी मद्रास में एक डिस्कवरी कैंपस की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण पहले चरण में 1,000 करोड़ रुपये की

अनुमानित लागत से नजदीकी थय्यूर में किया जाएगा। कैंपस का निर्माण दो लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में किया जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल का बजट सुधारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विश्व बड़े उत्साह और सकारात्मकता के साथ भारत की ओर से देख रहा है।

भारत की 130 करोड़ जनता के कठिन परिश्रम की बदौलत यह दशक भारत का होने वाला है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह सिर्फ राष्ट्रीय मुद्दा नहीं है बल्कि वैश्विक मुद्दा है। उन्होंने कहा, बूंद-बूंद के साथ ज्यादा फसल। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एम थंबीदुरई, के पी मनुस्वामी और गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं ने शिरकत की।

नेहरू इंडोर स्टेडियम के परिसर से लेकर शहर के पेरियामेट इलाके में त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा की गई थी। प्रधानमंत्री की संक्षिप्त यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों के तहत यातायात को मोड़ा गया था और पुलिस कर्मियों की भारी तैनाती की गई थी।कार्यक्रम स्थल पर कई युवा मुख्यमंत्री की प्रशंसा करने वाले टीशर्ट पहने थे और कई ने मोदी और पलानीस्वामी की प्रशंसा करते हुए नारे लगाए। इससे पहले प्रधानमंत्री यहां हवाई अड्डे से आईएनएस अदयार हेलीकॉप्टर में सवार होकर समारोह स्थल पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और जनता प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देने के लिए जमा हुए और कालाकरों ने उनके स्वागत में पारंपरिक वाद्य यंत्रों से संगीत बजाए। मोदी, पलानीस्वामी और पन्नीरसेल्वम ने एक कार्यक्रम में दिवंगत मुख्यमंत्रियों एम. जी. रामचंद्रन (अन्नाद्रमुक के संस्थापक) और जे. जयललिता की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उन जवानों को श्रद्धांजलि दी जो आज ही के दिन वर्ष 2019 में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए एक आतंकवादी हमले में शहीद हो गए थे। चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान मेदी ने कहा, कोई भारतीय इस दिन को भूल नहीं सकता। दो साल पहले पुलवामा में हमला हुआ था। हम सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है और उनकी बहादुरी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि देश के सशस्त्र बलों ने बार-बार साबित किया है कि वे हमारी मातृभूमि की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे।

बिडेन ने ट्रंप के बरी होने पर कहा

लोकतंत्र होता है नाजुक

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि सीनेट द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैपिलट (संसद भवन) में छह जनवरी को हुई हिंसा मामले में बरी किया जाना यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र नाजुक है और सच्चाई की रक्षा करना हर अमेरिकी नागरिक का दायित्व है। बिडेन ने ट्रंप को सीनेट में बरी किए जाने के बाद शनिवार देर रात जारी बयान में कहा, हमारे इतिहास का दु:खद अध्याय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र नाजुक है, इसकी हमेशा रक्षा की जानी चाहिए, हमें सतर्क रहना चाहिए, हिंसा एवं कट्टरवाद की अमेरिका में कोई जगह नहीं है और सच का बचाव करना एवं झूठ को हराना अमेरिकी, खासकर नेताओं के तौर पर हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, प्रतिनिधि सभा में ट्रंप के खिलाफ दोनों दलों द्वारा महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद सीनेट में मतदान हुआ। भले ही अंतिम मतदान में उनका दोष सिद्ध नहीं हुआ हो, लेकि इस बात पर कोई विवाद नहीं है, उन पर लगे आरोप सही थे।

बिडेन ने कहा, सीनेट में अल्पमत के नेता मैक्कोनल समेत दोषसिद्धि का विरोध करने वाले नेताओं का भी मानना है कि ट्रंप कर्तव्य का अपमानजनक तरीके से त्याग करने के दोषी हैं और कैपिटल

में हुई हिंसा को भड़काने के लिए व्यावहारिक एवं नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। अमेरिका की सीनेट देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाई और इसी के साथ ट्रंप को शनिवार को बरी कर दिया गया। ट्रंप के खिलाफ चार दिन चली सुनवाई के बाद 100 सदस्ईय सीनेट ने महाभियोग के पक्ष में 57 मत और इसके विरोध में 43 मत डाले। ट्रंप को दोषी साबित करने के लिए 10 और मतों की आवश्यकता थी। ट्रंप पर आरोप था कि अमेरिकी कैपिटल में छह जनवरी को उनके समर्थकों ने जो हिंसा की थी, उसे उन्होंने भड़काया था।

रिपब्लिकन पार्टी के सात सीनेटरों ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के समर्थन में मतदान किया, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व राष्ट्रपति को दोषी ठहराने के लिए आवश्यक 67 मत हासिल नहीं कर पाई। सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के 50 सदस्य हैं।

न्यूयॉर्क में चाकूबाजी की घटनाओं में दो लोगों की मौत, दो घायल

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क सिटी के सबवे (भूमिगत मार्ग) में चाकूबाजी की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि ए हमले शुक्रवार सुबह से शनिवार तड़के के बीच हुए।

अधिकारियों का मानना है कि जिन लोगों पर हमले हुए हैं वे बेघर थे। पुलिस को संदेह है कि ए हमले एक ही व्यक्ति ने किए हैं और वह उसकी तलाश कर रही है। घटना की जांच के लिए पुलिसकर्मी सबवे में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रहे हैं। शुक्रवार आधी रात को क्वीन्स में एक ट्रेन में एक शव पाया गया। उसके गले और शरीर पर चाकू के निशान थे। इसके दो घंटे बाद मैनहट्टन के एक सबवे में एक महिला का शव पाया गया। उस पर भी चाकू के निशान थे। मैनहट्टन इलाके में ही 67 वर्षीय और 43 वर्षीय दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस अधिकारियों ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से वे पूरी सबवे प्रणाली में 500 अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती करेंगे।

मिस्र में खुदाई में बीयर की प्राचीन फैक्टरी मिली

एजेंसी। काहिरा

अमेरिका और मिस्र के पुरातत्वविदों को खुदाई में बीयर की प्राचीन फैक्टरी मिली है। यह प्राचीन मिस्र के सबसे प्रमुख पुरातत्व स्थलों में शुमार एक स्थल पर मिली सबसे पुरानी बियर फैक्टरी हो सकती है। एक शीर्ष पुरातत्व अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्राचीन वस्तुओं की सर्वोच्च परिषद के महासचिव मुस्तफा वजीरी ने कहा कि यह फैक्टरी नील नदी के पश्चिम में प्राचीन कब्रिस्तान एबिडोस में मिली है, जो दक्षिणी काहिरा से 450 किलोमीटर दूर है।

उन्होंने कहा कि यह फैक्टरी किंग नारमेर के क्षेत्र में स्थित है, जिन्हें पहले वंश काल (3150 ईसा.पूर्व से 2613 ईसा.पूर्व) की शुरुआत में प्राचीन मिस्र के एकीकरण के लिए जाना जाता है। वजीरी ने कहा कि पुरातत्वविदों को आठ इकाईयां मिली

हैं। प्रत्एक इकाई 20 मीटर (करीब 65 फुट) लंबी, 2.5 मीटर (करीब आठ फुट) चौड़ी है।

इनमें मिट्टी के लगभग 40 बर्तन मिले हैं जो बियर के उत्पादन के लिए अनाज और पानी के मिश्रण को गर्म करने मे काम आते होंगे। इस संयुक्त अभियान की सह-अध्यक्षता न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स संस्थान के डॉक्टर मैथ्यू एडम्स और प्रिंस्टन विश्वविद्यालय में प्राचीन मिस्र इतिहास एवं पुरातत्व के सहायक प्राध्यापक डेबोरा विसचाक ने की थी।

मोदी ने श्रीलंकाई तमिलों के लिए भारत का समर्थन दोहराया

तमिल समानता, न्याय, शांति और सम्मान के साथ करें जीवनयापन

एजेंसी। चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार ने कहा कि उनकी सरकार ने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण का हमेशा ध्यान रखा है। उनके अधिकारों के मुद्दे को लगातार द्वीपीय देश के नेताओं के साथ उठाया है। मोदी ने रेलवे और रक्षा क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद कहा कि भारत हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है कि वहां तमिल समानता, न्याय, शांति और सम्मान के साथ जीवन यापन करें।

मोदी ने आवास और स्वास्थ्य क्षेत्रों में केंद्र द्वारा उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी प्रयासों को याद किया,

जिनका उद्देश्य श्रीलंकाई तमिलों को लाभ पहुंचाना था और कहा कि वह उत्तरी श्रीलंका में जाफना (2015 में) का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने श्रीलंका में तमिल भाइयों और बहनों के कल्याण और आकांक्षाओं का हमेशा ध्यान रखा है। मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मैं जाफना का दौरा करने वाला एकमात्र भारतीय प्रधानमंत्री हूं। विकास कार्य के माध्यम से, हम तमिल समुदाय का कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने उत्तर पूर्वी श्रीलंका में विस्थापित तमिलों के लिए 50,000 घरों का निर्माण किया है और बागान क्षेत्रों में और 4,000 मकानों का निर्माण किया है।

हम जाफना संस्कृति केंद्र जल्द खोलने की उम्मीद करते हैं। मोदी ने कहा, तमिल अधिकारों का मुद्दा भी श्रीलंका के नेताओं के साथ लगातार उठाया गया है। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं कि वे (तमिल) समानता, न्याय, शांति और गरिमा के साथ रहें। श्रीलंकाई तमिलों का मुद्दा तमिलनाडु में हमेशा से एक भावनात्मक मुद्दा रहा है।

मुझे और मेरे परिवार को नजरबंद किया गया : उमर अब्दुल्ला

मद्देनजर सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों की आवाजाही को रविवार को हतोत्साहित किया

हमें बिना कोई कारण बताए, हमारे घरों में कर दिया गया है बंद

एजेंसी। श्रीनगर

नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि उन्हें और उनके पिता एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला समेत परिवार के सदस्यों को प्राधिकारियों ने नजरबंद कर दिया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि पुलवामा हमले की दूसरी बरसी के संदर्भ में मिली खुफिया जानकारी के मद्देनजर सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों की आवाजाही को रविवार को हतोत्साहित किया गया है।

उमर ने ट्वीट किया, यह अगस्त 2019 के बाद नया जम्मू कश्मीर है। हमें बिना कोई कारण बताए, हमारे घरों में बंद कर दिया गया

है। इससे बुरा और क्या हो सकता है कि उन्होंने मुझे और मेरे पिता (मौजूदा सांसद) को हमारे घर में बंद कर दिया है, उन्होंने मेरी बहन और उनके बच्चों को भी उनके घर में बंद कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें यहां शहर के गुपकर इलाके में उनके आवास के मुख्य द्वार के बाहर पुलिस की गाड़ियां खड़ी दिख रही हैं। उमर ने आरोप लगाया कि उनके घर में काम करने वाले लोगों को भी अंदर नहीं आने दिया जा रहा। उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया, चलो, लोकतंत्र के आपके नए मॉडल का मतलब है कि हमें कोई कारण बताए बिना हमारे घरों में बंद रखा जाए और हमारे घर में काम करने वाले कर्मियों को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाए। इसके बाद भी, आपको इस बात पर हैरानी होती है कि मुझमें अब भी गुस्सा और कड़वाहट है।

उमर के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए हुए पुलिस ने कहा कि पुलवामा हमले की दूसरी बरसी को लेकर प्रतिकूल खुफिया इनपुट की वजह से गणमान्य (वीआईपी) लोगों को अग्रिम सूचना दी जाती है कि वह आज यात्रा से संबंधित कोई योजना नहीं बनाएं। श्रीनगर पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए एक ट्वीट में कहा, आज लेथपोरा आतंकी हमले की दूसरी बरसी है। जमीनी स्तर पर कोई आरओपी नहीं होगा। विपरित खुफिया जानकारी की वजह से गणमान्य और सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों की गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाता है और सभी संबंधित लोगों को अग्रिम तौर पर सूचना दी जाती है कि वे आज यात्रा से संबंधित कोई योजना नहीं बनाएं।

हालांकि इस पर उमर ने पुलिस से पूछा, कृपया मुझे बताएं कि आपने मुझे मेरे घर में किस कानून के तहत नजरबंद किया है? आप मुझे सलाह दे सकते हैं कि मैं घर से नहीं निकलूं लेकिन आप मेरी सुरक्षा का बहाना बनाते हुए मुझे घर में रहने को मजबूर नहीं कर सकते हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, कृपया कर पूर्व में मेरे पते पर लिखित में दी गई इसकी जानकारी एवं उसे मेरे द्वारा स्वीकार करने की पावती साझा करें। निश्चित तौर पर यह बरसी प्रशासन के लिए अचानक तो नहीं है। नेशनल कांफ्रेंस ने पार्टी के नेताओं और उनके परिवार को मनमाने तरीके से नजरबंद किए जाने की निंदा की है। पार्टी ने ट्वीट किया, जेकेएनसी पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला, उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और उनके परिवार को श्रीनगर के गुपकर आवास में नजरबंद किए जाने की निंदा करती है। पार्टी तत्काल प्रभाव से इन गैरकानूनी कदमों को वापस लिए जाने की मांग करती है।

इससे पहले, पीडीपी अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी शनिवार को दावा किया था कि पिछले वर्ष दिसंबर में यहां के पारिमपोरा इलाके में कथित मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक अतहर मुश्ताक के परिजन से मिलने जाने से पहले उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। महबूबा ने ट्वीट किया था, कथित मुठभेड़ में मारे गए अतहर मुश्ताक के परिवार से मिलने जाने से पहले हमेशा की तरह नजरबंद कर दिया गया। बेटे का शव मांगने पर उसके पिता के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया।

संक्षिप्त समाचार

भूकंप के बाद भूस्खलन की वजह से कई लोग घायल

तोक्यो। जापान के उत्तर-पूर्वी भाग में भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजमार्ग पर भूस्खलन के बाद यहां के घरों एवं दुकानों में मलबे भर गए थे, जिसे अब साफ कर लिया गया है। भूकंप की घटना से कुछ इमारतों और बुलेट ट्रेन लाइन के हिस्सों को नुकसान पहुंचा और हजारों लोगों के घरों में बिजली की आपूर्ति ठप पड़ गई। शनिवार देर रात जापान में 7.3 तीव्रता के भूकंप के जोरदार झटके फुकुशिमा, मियागी प्रांत के इलाकों में महसूस किए गए। इससे 10 साल पहले भी यहां जोरदार भूकंप आने के बाद सुनामी की वजह से परमाणु संयंत्र को बेहद नुकसान पहुंचा था। मुख्य कैबिनेट सचिव कत्सूनोबा का तो ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 120 से ज्यादा लोगों को आंशिक चोटें आई हैं और इनमें से ज्यादातर टूटे शीशे की चपेट में आने और सामानों के गिरने की वजह से घायल हुए हैं। वहीं तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। अभी तक किसी भी व्यक्ति की मौत की खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र समुद्र से 55 किलोमीटर की गहराई में था। रविवार तड़के बिजली आपूर्ति बहाल हो गई लेकिन बुलेट ट्रेन सेवा अब भी निलंबित है।

जीप और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर जिले के रामदेवरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक जीप और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। थाना अधिकारी दलपत सिंह ने रविवार को बताया कि पोकरण के रामदेवरा राजमार्ग पर शनिवार रात एक अनियंत्रित बोलेरो जीप और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतक पोकरण के बड़ली नाथूसर गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कैलाश पालीवाल, अशोक और जितेन्द्र के रूप में हुई है। मृतकों के परिजनों की लिखित सहमति के बाद शवों को बिना पोस्टमार्टम के रविवार को परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

विदिशा में स्थापित की जाएगी सुषमा स्वराज की प्रतिमा : चौहान

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की प्रतिमा प्रदेश के विदिशा में स्थापित की जाएगी। विदिशा लोकसभा सीट से वह भाजपा सांसद थीं चौहान ने रविवार को यहां अपने निवास पर सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उनके मंत्रिमंडल के कुछ मंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए चौहान ने कहा, विदिशा के विकास में सुषमा स्वराज का योगदान अतुलनीय है। हमने तय किया है कि विदिशा स्थित टाउन हॉल में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विदिशा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से करीब 58 किलोमीटर दूर है और सुषमा स्वराज वर्ष 2009 एवं 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में वहां से जीत कर दो बार सांसद रहीं। 67 वर्ष की उम्र में उनका निधन छह अगस्त 2019 का हुआ। मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग एवं भाजपा के नेताओं ने भी स्वराज की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

गैस कारोबार की अलग कंपनी बना रही ओएनजीसी

नई दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) गैस कारोबार के लिए एक अलग अनुषंगी कंपनी का गठन कर रही है। यह कंपनी उसकी (ओएनजीसी की) परियोजनाओं की गैस खरीद सकती है। ओएनजीसी के निदेशक मंडल ने नई कंपनी के गठन के प्रस्ताव को 13 फरवरी को मंजूरी दी। इसके शत प्रतिशत शेयर ओएनजीसी के पास होंगे। यह जानकारी कंपनी की तिमाही वित्तीय रपट में दी गई है। यह कंपनी गैस, एलएनजी, बायोगैस, मीथेन जैसे ईंधनों की खरीद, विपणन एवं व्यापार करेगी। इस घटनाक्रम के जानने वाले लोगों ने कहा कि ओएनजीसी की यह अनुषंगी केजी बेसिन की उनकी केजी-डी5 जैसी परियोजनओं की गैस खरीदने के लिए भी बोली लगा सकती है। सरकार ने अक्टूबर 2020 के एक नीतिगत निर्णय के तहत गैस उत्पादकों से जुड़ी कंपनियों को उनसे खुली बोली के तहत गैस की खरीद की छूट दे दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की सम्बद्ध कंपनी रिलायंस ओ2सी लि. ने इसी नीति के तहत पांच फरवरी को हुई नीलामी में गैस खरीदी थी।

ठाणे में कोरोना वायरस संक्रमण के 279 नए मामले

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के 279 नए मामले सामने आए हैं। जिससे जिले में संक्रमण के मामले बढ़कर 2,57,391 हो गए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को संक्रमण से दो मरीजों की मौत हो गई, जिससे जिले में संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या 6,200 हो गई। जिले में संक्रमण से मृत्यु दर 2.41 प्रतिशत है। अब तक यहां 2,47,913 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जिससे संक्रमण से स्वस्थ्य होने की दर 96.32 प्रतिशत हो गई है। जिले में 3,278 संक्रमित मरीज उपचाराधीन हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी जिले पालघर में संक्रमण के अब तक 45,491 मामले सामने आए हैं और 1,200 लोगों की संक्रमण से मौत हो चुकी है।

15 से होगी अदालत कक्ष में पारंपरिक तरीके से सुनवाई

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं इसकी इंदौर एवं ग्वालियर खंडपीठों में करीब 11 महीने के बाद सोमवार से मामलों की सुनवाई पारंपरिक तरीके से अदालत कक्ष में आमने-सामने उपस्थित होकर शुरू होगी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने वकीलों एवं पक्षकारों को ऑनलाइन सुनवाई में पेश होने का विकल्प भी दिया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस की महामारी शुरू होने के बाद गत वर्ष मार्च महीने के आखिर से जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं इसकी इंदौर और ग्वालियर खंडपीठों में पारंपरिक तरीके से अदालत कक्ष में आमने-सामने उपस्थित होकर सुनवाई बंद थी और इसकी जगह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की ऑनलाइन सुनवाई चल रही है।

पंजाब निकाय चुनाव में मतदान केदौरान कुछ जगहों पर झड़प

चंडीगढ़। पंजाब में सौ से अधिक निकायों के लिए रविवार को मतदान हुआ और कुछ स्थानों पर झड़प की घटनाएं सामने आईं। अधिकारियों के अनुसार, रूपनगर में वार्ड संख्या एक पर विवाद होने के बाद कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई जिसमें सात लोग घायल हो गए। बटाला, राजपुरा, तरन तारन, बठिंडा, गुरदासपुर, सामना, रूपनगर, नाभा, नांगल, मोहाली और फिरोजपुर में भी सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें सामने आईं। अधिकारियों ने बताया कि मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक चला। उन्होंने कहा कि दोपहर दो बजे तक 55 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, हालांकि मतदान का अंतिम प्रतिशत सामने आना अभी बाकी है। पंजाब सरकार में मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू, अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया, आम आदमी पार्टी विधायक अमन अरोड़ा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने रविवार को मतदान किया। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर सामना, राजपुरा, धुरी, अबोहर और भिखीविंड में मतपेटी लूटने का आरोप लगाया। कांग्रेस की ओर से इस आरोप का खंडन किया गया। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि पट्टी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने इस आरोप को खारिज कर दिया। चीमा ने कहा कि रविवार को पंजाब में कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या कर दी।

स्पोर्ट्स सिटी के खरीदारों को मिली बड़ी सौगात

हजारों घरों के रजिस्ट्रेशन की राह हुई आसान, कंसोर्टियम सुलझाएगी मामले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फाइल फोटो

शहर के सेक्टर-79 में घरों की रजिस्ट्री की राह देख रहे लाखों लोगों के बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, इस सेक्टर में स्पोर्ट्स सिटी विकसित नहीं हो पाई थी। इस वजह से नोएडा प्राधिकरण ने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में ओसी (ऑक्यूपेंसी सर्टिफि केट) जारी करना बंद कर दिया था। इस वजह से हजारों घरों की रजिस्ट्री रुकी पड़ी थी। पर अब घर खरीदारों की इस समस्या का निराकरण जल्दी हो जाएगा।

सेक्टर-79 के डेवेलपर्स ने नया कंसोर्टियम रजिस्टर कर स्पोर्टस सिटी का खाका तैयार कर लिया है। प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी की निगरानी के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया था। इस वजह से इस सिटी को बनाने का काम सरल हो गया है। बताते चलें कि क्रेडाई पहले से स्पोर्ट्स सिटी के प्लान पर काम कर रही है। इसका मकसद है कि घर खरीदारों में एनसीआर के सबसे लोकप्रिय शहर नोएडा की छवि बेहतर बनी रहे। किसी भी वजह से निवेशकों को नुकसान न उठाना पड़े। बिल्डरों ने नए कंसोर्टियम का नाम सेक्टर-79 स्पोर्ट्स सिटी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड रखा है। इसमें सिविटेक, एक्सोटिका, एलीट, अजनारा, सिक्का, महागुन, ऐस, अर्बटेक और सनशाइन शामिल हैं। आरओसी आने के बाद कंसोर्टियम प्राधिकरण से सामजंस्य बनाकर स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट शुरू करने के मंजूरी लेगा। जल्दी ही इस पर काम आरंभ हो जाएगा।

वर्ष 2010 में शर्तों के साथ आवंटित हुई थी भूमि

दरअसल, साल 2010 में सेक्टर-79 में 7.5 लाख स्क्वॉयर मीटर जमीन स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए आवंटित की गई थी। इसमें 70 फीसदी जमीन पर स्पोर्ट्स सुविधाएं, 28 प्रतिशत पर ग्रुप हाउसिंग और शेष 2 फीसद पर एक बराबर कमर्शियल व इंस्टीटूशनल हब बनाना था। भूमि अधिग्रहण के विवाद से स्पोर्ट्स सिटी की कुछ जमीन प्राधिकरण ने छोड़ दी है। इस वजह से स्पोर्ट्स अमेनिटी की जमीन का साइज थोड़ा कम हो गया है। फिर भी मैप के मुताबिक गोल्फ कोर्स, मल्टीपर्पज प्ले एरिया, इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, ओलिंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, मल्टी पर्पस इंडोर स्टेडियम जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित होनी हैं।

कंसोर्टियम के प्रमुख संयोजक व सिविटेक के एमडी सुबोध गोयल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नोएडा प्राधिकरण से हम 3 आवंटित जमीन मुफ्त ट्रांसफ र करने और स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित करने के लिए कंसलटेंट दिलाने की बात रखेंगे। कंसोर्टियम का हर बिल्डर स्वयं या साझा रूप से स्पोर्ट्स फैसिलिटी विकसित करने की जिम्मेदारी लेगा। हालांकि इसमें 12 ,18 महीने का वक्त लग सकता है। स्पोर्ट्स सिटी का काम शुरू होने के साथ ही हाउसिंग प्रोजेक्ट में रजिस्ट्री भी शुरू हो जायेगी। कंसोर्टियम हर हाल में घर खरीदारों को उनका हक दिलाएगा। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।

नोएडा जिला अस्पताल का होगा कायाकल्प

वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग होगी ओपीडी की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिला अस्पताल

शहर के जिला अस्पताल की तस्वीर आने वाले दिनों में पूरी तरह बदल जाएगी। यहां के सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल के कायाकल्प की तैयारी शुरू हो गई है। यहां बाहर बागीचा बनाया जाएगा तथा भवन के अंदर भी साफ-सफाई और सजावट की जाएगी। साथ ही अब वाहनों के लिए पार्किंग का जगह भी बदला जाएगा। परिसर में पांच स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां जगह के मुताबिक छोटे-बड़े गार्डेन विकसित होंगे। अव्यवस्थाए जर्जर इमारतें और प्रशासनिक कुव्यवस्था के चलते यहां मरीजों का आना कम ही होता है।

मेंटिनेंस के अभाव में जिला अस्पताल की इमारत जर्जर होती जा रही है। परिसर में लोगों की बेतरतीब भीड़ और गंदगी यहां की पहचान बन गई है। पर अब अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रेनू अग्रवाल इन सबको ठीक करने का जज्बा दिखा रही हैं। उन्होंने हॉस्पिटल को शानदार बनाने का बीड़ा उठा लिया है। हालांकि गत कुछ वक्त में जिला अस्पताल में थोड़ा बदलाव हुआ है।

इस सिलसिले में जिला अस्पताल में कैंटीन के पास से गंदगी हटाकर वहां पार्क विकसित किया जाएगा। ओपीडी के सामने और इमरजेंसी के पास खाली जगह को मिलाकर कुल पांच स्थान पर गार्डेन बनाया जाएगा। मरीज और तीमारदार वहां बैठकर हरियाली का आनंद ले सकेंगे। साथ ही सभी खाली जगहों पर रंगीन कुर्सियां बिछाई जाएंगी। इस संबंध में शासन को चिट्ठी लिखी गई है।

वहीं जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग ओपीडी शुरू की जाएगी। साथ ही महिला और पुरुषों के लिए एक-एक अलग ओपीडी की सेवा शुरू होगी। 10 दिन बाद इन्हें शुरू करने की तैयारी है। बताते चलें कि अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग ओपीडी की सुविधा नहीं है। ऐसे में उन्हें तकलीफें उठानी पड़ती हैं।

नगर निगम बोर्ड की बैठक आज

लाइट के निजीकरण और टैक्स बढ़ोतरी पर हंगामे के आसार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम सदन की बैठक आज होगी। इस बैठक में महानगर में नगर निगम द्वारा लागू की जाने वाली टैक्स पॉलिसी व प्रकाश विभाग को निजी हाथों में सौंपने के प्रस्ताव को लेकर हंगामे के आसार हैं। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि इस पॉलिसी से किसी पर बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों से जुड़े पार्षदों का कहना है कि वे निगम प्रशासन के प्रस्तावों का विरोध करेंगे और किसी भी सूरत में टैक्स दर बढ़ने नहीं देंगे ।

बैठक आज 11 बजे से होगी जिसकी अध्यक्षता मेयर आशा शर्मा करेंगी। यह बजट बैठक होगी, इसमें 2021 का बजट पेश किया जाएगा। साथ ही शहर के विकास को लेकर भी चर्चा होगी लेकि,न लगभग सत्ताधारी दल भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों के पार्षद नगर निगम प्रशासन द्वारा संभावित प्रस्ताव सरकारी डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स का निर्धारण और शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था को निजी हाथों में दिए जाने के संबंधी प्रस्ताव पर सहमत नहीं हैं बल्कि सभी ने इसका विरोध करने की ठान रखी है। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि निगम अधिकारी शहर की जनता पर टैक्स का और बोझ बढ़ाना चाहते हैं। नगर निगम अन्य स्त्रोतों से अपनी आय बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को किसी भी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा।

मासूम के अपहरण और हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पांच लाख रुपये की मांगी थी फिरौती

थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे सूरजपुर में फिरौती के लिए पांच वर्षीय एक बच्चे का अपहरण और उसकी हत्या करने की घटना के संबंध में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेही पर बच्चे का शव बरामद कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी का दूसरा साथी फरार है। डीसीपी (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने बताया कि कस्बा सूरजपुर में रहने वाले ब्रह्मदेव के पांच वर्षीय बच्चे रितिक का 24 जनवरी को दो लोगों ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया था। उन्होंने कहा कि अपहरण करने के बाद आरोपियों ने बच्चे की हत्या कर शव को दलदल में गाड़ दिया था।

उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने शनिवार को अनिल नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अनिल ने पुलिस को बताया कि उसने तथा विजय नामक एक अन्य व्यक्ति ने पांच लाख रुपए की फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण किया था।

छात्र लापता, परिजनों ने जताई अगवा होने की आशंका

नोएडा। थाना दनकौर क्षेत्र के नवरंगपुर गांव में रहने वाला एक 12 वर्षीय छात्र शनिवार को अपने घर के बाहर से संदिग्ध हालात में लापता हो गया। इस माले में परिजनों ने किशोर के अपहरण की आशंका जताई है। यह जानकारी पुलिस ने दी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र के नवरंगपुर गांव में रहने वाला चौथी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र यश अपने घर से शनिवार को लापता हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट पीड़ित के परिजनों ने थाना दनकौर में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस ने अपहरण की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व पदाधिकारी पर बसपा के जिलाध्यक्ष ने तानी रिवॉल्वर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष व पार्षद कुलदीप कुमार ओके के खिलाफ पार्टी के ही एक पूर्व पदाधिकारी ने ही थाने में तहरीर दी है। पूर्व पदाधिकारी ने आरोप लगाया है कि कुलदीप ने उनके साथ न केवल बदसलूकी की बल्कि उन पर रिवाल्वर भी तानी। इस संबंध में कवि नगर थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। वही कुलदीप कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

बसपा के पूर्व महानगर सचिव मनोज कुमार जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शनिवार को राजनगर स्थित बसपा कार्यालय में गए थे। वहां जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार (ओके) अपनी सीट पर बैठे हुए थे तथा अन्य कॉर्डिनेटर भी मौजूद थे। कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने पहले तो उनके साथ बदसलूकी की और गालियां दी। बाद में जान से मारने की नीयत से अपनी रिवॉल्वर लहरा दी और अपने ड्राइवर को बुलाकर घेरने की कोशिश की।

संक्षिप्त समाचार

पुलवामा शहीदों को आर्य समाज ने दी श्रद्धांजलि

गाजियाबाद। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में पुलवामा आंतकवादी हमले की दूसरी बरसी पर शहीदों को याद करते हुए 'शहीदों को नमन' कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि दो वर्ष पूर्व कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद 40 सीआरपीएफ के जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। आज पूरा विश्व आंतकवाद से पीड़ित हैं और आंतकवाद समूची मानवता के लिए खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने बदला भी लिया।

स्वच्छता अभियान से कोसो दूर है सपा का दफ्तर

गाजियाबाद। किसी भी राजनीतिक दल की हलचल उसके पार्टी कार्यालय से होती है। स्वच्छता के मामले में समाजवादियों का दफ्तर बिल्कुल फिस्सडी साबित हो रहा है। जबकि प्राथमिक सुविधायें तो हर सियासी दफ्तर में मिलती हैं। लेकिन यहां समाजवादी पार्टी के आरडीसी स्थित जिला कार्यालय का ना सिर्फ यूरिनल खराब है बल्कि यहां पानी का अभाव और बैठने की व्यवस्था तक व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध नहीं है। संगठन पदाधिकारियों का इस ओर ध्यान तक नहीं है, और तो और पार्टी कार्यालय का दिशा सूचक बोर्ड तक एक तरफ पड़ा है।

मुठभेड़ में गोली लगने से घायल गोकशी का आरोपी शानू पुलिस की गिरफ्त में।

मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। कविनगर व मसूरी थाना क्षेत्र में गोकशी करने वाले आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रविवार को मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल इलाके में हुई मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। हालांकि, उसका साथी मौके से भाग निकला। एसएसपी ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, जिला बदर व एनएसए की कठोर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार व शनिवार को कविनगर व मसूरी थाना क्षेत्र में लगातार गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव की स्थिति पैदा हो गयी थी। पुलिस ने गौकशी की घटना से गुस्साए लोगों को शांत कराते हुए आरोपियों को जल्द पकड़े जाने की बात कही थी। जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर एसपी ग्रामीण व एसपी सिटी प्रथम के नेतृत्व में पुलिस की अलग अलग टीमें गौकशी के आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई थी।

दो वाहनों की टक्कर के बाद हुई हाथापाई

नोएडा। शनिवार को बिसरख थाना क्षेत्र के ग्रेनो वेस्ट स्थित एक मूर्ति चौराहे के पास 2 कार सवारों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक इस दौरान उन्हें फायरिंग की सूचना भी मिली थी। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू की। बिसरख पुलिस ने बताया कि उन्हें फायरिंग से जुड़ी जानकारी नहीं मिली। दरअसल कार सवार दोनों युवकों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। हालांकि दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। पुलिस दोनों पक्षों से जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक जिला अलीगढ़ के रहने वाले दो पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार को भी दोनों पक्षों के बीच अलीगढ़ में रंजिश के चलते कुछ कहासुनी हुई थी। जिसकी सूचना अलीगढ़ के एक थाने में दी गई है। बताया जा रहा है कि शनिवार को एक पक्ष अपने कुछ परिचितों से मिलने के लिए ग्रेनो वेस्ट में आए थे।

गौर सिटी में युवक ने की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पांचवीं मंजिल से गिरकर किशोरी की मौत

थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-दो में के निवासी 20 वर्षीय एक युवक ने शनिवार शाम को अपने घर पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वहीं, सुपरटेक इको विलेज में रहने वाली एक 14 वर्षीय एक किशोरी एक इमारत की पांचवीं मंजिल से गिर गई। इसके बाद गंभीर हालत में उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनीष चौहान ने बताया कि गौर सिटी-दो में रहने वाले आशीष सिंह (20) ने शनिवार देर शाम को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस खुदकुशी के कारणों का पता लगा रही है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुपरटेक इको विलेज-तीन में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी अंशिका तिवारी शनिवार दोपहर घर पर काम करते समय पांचवीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई।

हिंसक बंदरों के आतंक को नजरअंदाज कर रहा वन विभाग

व्ययभार और संसाधन का सहयोग देने को निगम तैयार : नगर आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश की राजधानी दिल्ली से सटा गाजियाबाद शहर इस समय हिंसक बंदरों की टोलियों से सहमा हुआ है। बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग और नगर निगम के बीच पत्राचार का वाक युद्ध चल रहा है। बंदरों को पकड़ने की नैतिक जिम्मेदारी वन विभाग की है।

इसके बावजूद पिछले कई वर्षो से वन विभाग बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी से लगातार कोई न कोई बहाना बनाकर बचता आ रहा है। नतीजतन हिंसक बंदरो की टोलियां आए दिन बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं।

एक अनुमान के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन बंदरों के हमले से घायल दस से 15 लोग रैबिज के इंजैक्शन लगवाने के लिए आ रहे हैं। बंदरों के हमलों की घटनाओं को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर ने एक कड़ा पत्र वन विभाग की प्रभागीय निदेशक दिशा भंडारी को लिखा है। जिसमें उन्होने साफ़-साफ कहा है कि बंदरों को पकड़ने के लिए अपने स्तर पर टेंडर छोड़ने की प्रक्रिया को तुरन्त पूरा करें और इस संबंध में जो भी आर्थिक व संसाधन सहयोग निगम से चाहिए वह निगम उसके लिए तैयार है। यह पत्र 27 जनवरी को प्रभागीय निदेशक वन विभाग गाजियाबाद के कार्यालय में प्राप्त कराया जा चुका है। मगर, एक पखवाडा बीतने के बावजूद इस पत्र का जबाव अभी तक निगम को नहीं दिया गया है। आपको बता दें कि इससे पूर्व वन विभाग की प्रभागीय निदेशक ने निगम को पत्र लिखकर बंदर पकड़ने की अनुमति को यह कहकर निरस्त कर दिया था कि पशु प्रेमी पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी का इस मामले में ऐतराज आया है। जबकि मेनका गांधी ने वन विभाग को केवल यह हिदायत दी थी कि बंदरों को पकड़ते समय वन विभाग की गाइडलाइन का पालन किया जाए। साफ जाहिर है कि वन विभाग बंदर पकड़ने की जिम्मेदारी से लगातार कोई न कोई बहाना बनाकर बचता आ रहा है।

गढ़ी चौखंडी में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● फर्जी बम रखने वाले को तलाश रही पुलिस

शहर में रविवार की सुबह एक बार फि र बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस का बम डिस्पोजल स्क्वायड दस्ता और डॉग स्क्वायड समेत मौके पर पहुंचा। छानबीन की गई तो देखा कि किसी ने पटाखों के खोखों को लाल टेप से लपेटकर बम की शक्ल दी थी। फ र्जी बम मिलने के बाद नोएडा पुलिस ने राहत की सांस ली है। हालांकि, पिछले एक महीने में इस तरह की यह तीसरी घटना है। जिससे पुलिस चिंतित है।

रविवार की सुबह किसी ने पुलिस को फ ोन करके बताया कि गढ़ी चौखंडी गांव के पास बम रखा है। यह इलाका शहर के थाना फेज-3 में पड़ता है। आनन-फ ानन में थाना पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और एहतियात के तौर पर भारी फोर्स मौके पर भेजा गया। जिस जगह यह फ र्जी बम रखा गया था, उस पूरे इलाके को पुलिस ने घेरकर सील किया। इसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वायड ने जांच-पड़ताल की। जिसमें पता चला कि पटाखों के खोखे टेप में लपेट कर रखे गए थे, जो दूर से देखने पर बम जैसे ही प्रतीत हो रहे थे।

पुलिस का कहना है कि यह पूरी तरह फ र्जी बम था। किसी ने शरारत करने या लोगों में दहशत फैलाने के लिए ऐसा किया है। हालांकि, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है। पूरे इलाके के सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं। पुलिस ने फर्जी बम रखने वाले की तलाश कर रही है।

बम रखने की अफ वाह से जुड़ी यह तीसरी घटना है। इससे पहले 21 जनवरी को कैलाश अस्पताल में बम रखने की अफ्वाह फैलाई गई थी।

दस साल के लंबे इंतजार के बाद किसानों को मिले भूखंड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आवासीय भूखंडों की राह देख रहे हजारों किसानों के लिए शनिवार का दिन खास रहा। करीब दस साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नोएडा प्राधिकरण ने किसान कोटे के इन भूखंडों का ड्रॉ संपन्न कराया। इस योजना में कुल 644 किसानों को भूखंड मिले।

ड्रॉ शनिवार की सुबह 11 बजे सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कलाकेंद्र के प्रांगण में शुरू हुआ था और देर रात तक चलता रहा। ड्रॉ में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर वीडियोग्रॉफी और फ ोटोग्रॉफी कराई गई। हालांकि इस दौरान कुछ किसानों ने आपत्ति दर्ज कराई। प्राधिकारियों ने इनका तुरंत इनका समाधान करा दिया। ड्रॉ

प्रक्रिया के दौरान प्राधिकरण के भूलेख विभाग के ओएसडी डॉ संतोष कुमार उपाध्याय, भूखंड विभाग के ओएसडी डॉ अविनाश त्रिपाठी, प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्रा और दूसरे कई अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध यूनीपोल को लेकर उठाए सवाल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट अवैध और जानलेवा यूनीपोल का गढ़ बन गया है। पूरे शहर में बड़े-बड़े अवैध होर्डिंग और यूनीपोल लगे हुए हैं। जिन पर तमाम नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों के विज्ञापन लगे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक हर महीने एक यूनीपोल पर विज्ञापन की एवज में 50 हजार से ज्यादा धनराशि वसूल की जा रही है। बड़ी बात यह है कि ऐसे अवैध यूनीपोल की संख्या 100 से भी ज्यादा है। शहर के सामाजिक संगठन भी इस पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण पूरी तरह चुप्पी साध कर बैठा हुआ है।

मुरादनगर गंगनहर पटरी का जल्द होगा चौड़ीकरण

शासन ने लोकनिर्माण विभाग को जारी किए 5 करोड़ रुपए, कांवड़ यात्रा होगी आसान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

फाइल फोटो

यदि सब कुछ ठीकठाक रहा तो मुरादनगर गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण का काम इसी माह शुरू होने की उम्मीद है। शासन ने इसकी मंजूरी देने के साथ ही लोक निर्माण विभाग को पांच करोड़ रुपये जारी कर दिए। मुरादनगर नहर पुल से लेकर मुजफ्फरनगर तक पटरी को चौड़ा किया जाएगा। आए दिन जाम में फंस रहे लोगों को भी इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। फिलहाल गंगनहर की एक ही पटरी सही है। उस पर ही वाहन चलते हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान उस पटरी पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद करनी पड़ती है। एक ही पटरी से लाखों कांविड़यों का रैला निकलता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो साल पहले गंगनहर की दूसरी पटरी को भी चौड़ा करने का निर्णय लिया था। वह पटरी केवल कांवड़ियों के लिए तैयार की जाएगी, जबकि दूसरी पटरी पर वाहन चलते रहेंगे। मुरादनगर गंगनहर से मुजफ्फरनगर की सीमा तक चौड़ीकरण होगा। शासन स्तर से कोरोना के चलते फाइल को मंजूरी नहीं मिल रही थी। एक साल तक फाइल लंबित रही। लेकिन शासन ने अब गंगनहर पटरी को चौड़ा करने की मंजूरी दे दी है। जिस पटरी पर काम होना है वह एक लेन है, इसे अब दो लेन किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन मनीष वर्मा ने बताया कि शासन से पांच करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। इसी माह में चौड़ीकरण का काम शुरू करा दिया जाएगा।

कांवड़ियों को मिलेगा सीधा रास्ता

गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण के बाद कांवड़ यात्रा एकदम आसान हो जाएगी। कांवड़ियों को हरिद्वार से आने के लिए एकदम सीधा रास्ता मिल जाएगा।

इससे यूपी ही नहीं दिल्ली और हरियाणा के कांवड़ियों को भी लाभ मिलेगा। पाइपलाइन से भी बड़ी संख्या में कांवड़ियां दिल्ली जाते हैं। गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण का काम तीन जनपद में होगा। गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर अपने क्षेत्र में चौड़ीकरण का काम करेंगे। मेरठ लोक निर्माण विभाग को नोडल बनाया गया है। मुरादनगर से लेकर मुजफ्फरनगर तक गंगनहर पटरी करीब 109 किलोमीटर है।

अलीगढ़ के बरौली से भाजपा विधायक को हुआ ब्रेन स्ट्रोक

वैशाली के मैक्स हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विधायक दलबीर सिंह

अलीगढ़ के बरौली से भाजपा विधायक ठाकुर दलबीर सिंह को ब्रेन स्ट्रोक होने के बाद गंभीर हालत में वैशाली स्थित मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी व अन्य विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुट गई है।

प्रदेश में शिक्षा सुधार को लेकर मुखर रहने वाले विधायक ठाकुर दलबीर सिंह की तबियत रविवार को अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर वैशाली स्थित मैक्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे हैं। उनका शूगर लेवल बढ़ने के चलते उनकी उंगलियों में सूजन भी आ गई थी। डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया कि हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी व अन्य विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम विधायक के उपचार में जुटी है। उन्होंने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक के चलते उनकी स्थिति गंभीर है। डॉक्टरों द्वारा यह देखा जा रहा है कि उनके सिर में किस जगह खून के थक्के जमे हैं। इसके साथ ही उनके उपचार व देखरेख में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

अश्विन का पंजा, भारत ने कसा शिकंजा

एजेंसी। चेन्नई

रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहली पारी में सस्ते में समेटकर रविवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच पर दूसरे दिन ही मजबूत शिकंजा कस दिया। अश्विन (43 रन देकर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी तथा दूसरे छोर से अक्षर पटेल (40 रन देकर दो) और इशांत शर्मा (22 रन देकर दो) के अच्छे सहयोग से भारत ने इंग्लैंड को 134 रन पर आउट करके पहली पारी में 195 रन की बढ़त हासिल की।

अपनी पहली पारी में 329 रन बनाने वाले भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 54 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 249 रन की हो गई है। भारत ने सुबह छह विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और 29 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चारों विकेट गंवाए। ऋषभ पंत 77 गेंदों पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। चेपॉक की पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और दूसरे दिन कुल 217 रन बने और इस बीच 15 विकेट गिरे। भारत ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (14) का विकेट गंवाया, जिन्होंने जैक लीच की पगबाधा की सफल अपील पर रिव्यू गंवाया लेकिन पहली पारी के शतकवीर रोहित शर्मा (नाबाद 25) ने डीआरएस का सफल उपयोग करके अपना विकेट बचाया। पहली पारी में हाथ में चोट लगने के कारण क्षेत्ररक्षण नहीं कर पाने वाले चेतेश्वर पुजारा सात रन बनाकर खेल रहे हैं। इशांत के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले अश्विन ने 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास उनकी बलखाती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत इस बीच केवल डीआरएस के मामले में बैकफुट पर रहा। उसने अपने तीनों रिव्यू गंवाए।

बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फॉक्स (नाबाद 42) को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों को विश्वास के साथ नहीं खेल पाया। उसने लंच से पहले ही 39 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। दूसरे सत्र में भी उसके चार बल्लेबाज पवेलियन पहुंचे जबकि चाय के विश्राम के बाद उसकी पारी सिमटने में देर नहीं लगी। इशांत ने रोरी बर्न्स (शून्य) को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। दूसरे सलामी बल्लेबाज डॉम सिब्ली (16) आउट होने वाले अगले बल्लेबाज थे। अश्विन की गेंद पर कप्तान विराट कोहली ने लेग स्लिप में उनका कैच लिया। यहां पर भारत का रिव्यू सही साबित हुआ था। पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की जीत के नायक रहे जो रूट (छह) का महत्वपूर्ण विकेट अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे पटेल ने लिया। इंग्लैंड के कप्तान ने टर्न लेती गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया और शार्ट फाइन लेग पर अश्विन को आसान कैच थमाया। अश्विन (15 रन देकर दो विकेट) लंच से ठीक पहले डैन लॉरेन्स (नौ) को शार्ट लेग पर शुभमन गिल के हाथों कैच कराया और फिर दूसरे सत्र के शुरू में बेन स्टोक्स (18) को कोण लेती गेंद पर चकमा देकर बोल्ड किया। मोहम्मद सिराज ने घरेलू सरजमीं पर अपनी पहली गेंद पर ही ओली पोप (22) का विकेट लेकर फॉक्स के साथ उनकी 35 रन की साझेदारी तोड़ी। पंत अपनी बाईं तरफ डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लिया। अश्विन और पटेल के दोबारा आक्रमण पर आने के बाद इंग्लैंड पर फालोऑन का संकट मंडरा दिया था। पटेल के दूसरे स्पैल की पहली गेंद ही मोईन अली (छह) के बल्ले को चूमकर पंत के थाई पैड से टकरागर हवा में उछली जिसे स्लिप में अंजिक्य रहाणे ने बड़ी खूबसूरती में कैच में बदला। अश्विन ने ओली स्टोन (एक) को चाय के विश्राम से ठीक पहले आसान कैच देने के लिए मजबूर किया और स्टुअर्ट ब्रॉड को बोल्ड करके अपना पांचवां विकेट लेने के साथ इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

इससे पहले सुबह भारत ने अपने शनिवार के स्कोर में जो 29 रन जोड़े उनमें से 25 रन पंत के बल्ले से निकले। उन्होंने इस बीच दो चौके और दो छक्के लगाए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टोन ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑफ स्पिनर मोईन (128 रन देकर चार) उसके सबसे सफल गेंदबाज रहे लेकिन उन्होंने काफी रन लुटाए। लीच (78 रन देकर दो) और रूट (23 रन देकर एक) सफलता हासिल करने वाले अन्य गेंदबाज थे। भारत ने दिन के दूसरे ओवर में दो विकेट गंवाए जबकि मोईन ने तीन गेंद के अंदर पटेल (पांच) और इशांत (शून्य) को आउट किया। इस मैच में वापसी करने वाले कुलदीप यादव भी खाता नहीं खोल पाए लेकिन उन्होंने 14 गेंदें खेली और पंत के साथ 24 रन जोड़ने में मदद की। इंग्लैंड ने 95.5 ओवरों में एक भी अतिरिक्त रन नहीं दिया। टेस्ट इतिहास में यह इस तरह का केवल चौथा मौका है।

स्कोर बार्ड

भारत पहली पारी: 329
इंग्लैंड पहली पारी: 134
भारत दूसरी पारी:

रोहित शर्मा खेल रहे हैं	25
शुभमन गिल पगबाधा लीच	14
चेतेश्वर पुजारा खेल रहे हैं	07

अतिरिक्त : (बाई 05, लेग बाई 03): 08
कुल (18 ओवर में एक विकेट पर): 54 रन
विकेट पतन: 1-42
गेंदबाजी:

स्टोन	2-0-8-0
लीच	9-2-19-1
मोईन	7-2-19-0

पहली पारी में भारत ने 195 रन की बढ़त हासिल की

हाथ में चोट लगने के कारण क्षेत्ररक्षण करने नहीं उतरे पुजारा

चेन्नई। भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण रविवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी में क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे। पुजारा ने 58 गेंदों का सामना करके 21 रन बनाए थे। भारतीय टीम के सुबह के सत्र में 329 रन पर आउट होने के बाद पुजारा की जगह सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने क्षेत्ररक्षण किया। बीसीसीआई के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करते समय चेतेश्वर पुजारा के दाहिने हाथ में चोट लग गई थी। बाद में उन्हें दर्द महसूस हुआ। वह आज क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे। पुजारा ने हाल के आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान विशेषकर ब्रिस्बेन में चौथे टेस्ट मैच में कई गेंदें अपने शरीर पर झेली थी लेकिन वह क्रीज पर डटे रहे और भारत की शानदार जीत में अहम योगदान दिया।

अश्विन ने हरभजन को छोड़ा पीछे

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रविवार को हरभजन सिंह को पीछे छोड़कर भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपनी बेहरतीन ऑफ स्पिन से बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद हरभजन को पीछे छोड़ा जिनके नाम 28.76 के औसत से 265 विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने घरेलू सरजमीं पर 266 विकेट 22.67 के औसत से चटकाए हैं। महान स्पिनर अनिल कुंबले भारत में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 24.88 के औसत से 350 विकेट लिए हैं। कुंबले भारत के टेस्ट मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिनके नाम 619 विकेट हैं। हरभजन इस सूची में 417 विकेट से तीसरे और 400 विकेट के करीब बढ़ रहे अश्विन चौथे स्थान पर हैं।



मोदी ने विमान से लिया चेपॉक मैदान का फोटो ट्विटर पर किया साझा

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस शहर के दौरे के दौरान विमान से लिया गया एम ए चिदंबरम स्टेडियम का फोटो सोशल मीडिया पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने जब यह फोटो साझा किया उस समय चेन्नई के इस मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच के दूसरे दिन का खेल चल रहा था। इस ट्वीट में मैदान का फोटो दिख रहा जिसमें कुछ क्षेत्ररक्षक भी दिख रहे है। उन्होने तस्वीर के साथ भारत और इंग्लैंड के झंडे को साझा करते हुए लिखा, चेन्नई में चल रहे रोमांचक टेस्ट मैच को विमान से देखने का मौका मिला।

पहले टेस्ट में पारी घोषित न करके भारत को कड़ा संदेश देने से चूक गए रूट

एजेंसी। नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के दिग्गज इयान चैपल का मानना है कि पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दूसरी पारी को समाप्त घोषित नहीं करके इंग्लैंड के कप्तान जो रूट भारत को कड़ा संदेश देने से चूक गए जिससे श्रृंखला में बाद में उन्हें मनोवैज्ञानिक फायदा मिलता। इंग्लैंड ने टूटती पिच पर कुल बढ़त 350 रन से अधिक होने के बावजूद अपनी दूसरी पारी समाप्त घोषित नहीं की थी।

चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कालम में लिखा, पहले टेस्ट में बेहतरीन आलराउंड खेल के बावजूद रूट महत्वपूर्ण मौके पर इंग्लैंड की मजबूती का पूरा फायदा उठाने में विफल रहे। उन्होंने कहा, दूसरी पारी में आक्रमण और रक्षण के बीच असमंजस की स्थिति में पड़ने के बजाय इंग्लैंड को पारी समाप्त घोषित करके आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पूरी बल्लेबाजी की और आखिर में भारत के सामने 420 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की टीम ने हालांकि काफी समय रहते हुए जीत दर्ज की थी। लेकिन आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल ने कहा, इससे (पारी समाप्त घोषित करने) भारत के पास कड़ा संदेश जाता कि हम उनकी मजबूत बल्लेबाजी को लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, रूट अगर पारी समाप्त होने का इंतजार करने के बजाय पारी समाप्त घोषित करते तो इसका उन्हें श्रृंखला में बाद में मनोवैज्ञानिक फायदा मिलता।

संक्षिप्त समाचार

मैनचेस्टर सिटी की आसान जीत, फिर हारा लिवरपूल

लंदन। मैनचेस्टर सिटी ने इलके गुंडोगन के दो गोल की मदद से टोटेनहैम पर 3-0 से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि लिवरपूल को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने सभी टूर्नामेंटों में लगातार 16वीं जीत हासिल की। जर्मनी के मिडफील्डर गुंडोगन ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ में किए। उन्होंने इस सत्र में अब तक 13 गोल दाग दिए हैं। सिटी की तरफ से पहला गोल रोड्री ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर किया था। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 23 मैचों में 53 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लीस्टर सिटी (24 मैच में 46 अंक) से सात अंक आगे हो गया है। लीस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में लिवरपूल को 3-1 से हराया। लिवरपूल के अब 24 मैचों में 40 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है।

करीबी जीत से शीर्ष पर पहुंचा पीएसजी

पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने नीस पर 2-1 से करीबी जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया, जबकि लियोन को मोंटपेलियर के हाथों अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों परिणामों के बाद लिली को अब शीर्ष पर पहुंचने के लिए ब्रेस्ट के खिलाफ केवल ड्रा की जरूरत पड़ेगी। पीएसजी की तरफ से जुलियन ड्रैक्स्लर (22वें मिनट) और मोइस कीन (76वें मिनट) ने गोल किए। नीस के लिए रोनी लोपेस (50वें मिनट) ने गोल दागा। इस जीत से पीएसजी के 25 मैचों में 54 अंक हो गए हैं और वह लिली से गोल अंतर के कारण आगे है। लिली के 24 मैचों में 54 अंक हैं। पिछले पांच मैचों में जीत दर्ज करने वाले लियोन को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। वह मोंटपेलियर के मिडफील्डर तेजी सेवनियर के 19वें मिनट में किए गए गोल से पिछड़ गया। ब्राजीली मिडफील्डर लुकास पाक्वेटा ने मध्यांतर से ठीक पहले बराबरी का गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न इली वाही ने मोंटपेलियर की तरफ से विजई गोल दाग दिया। लियोन अब 25 मैचों में 52 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया है। मोंटपेलियर के 35 अंक हैं और वह आठवें स्थान पर पहुंच गया है।

इंडियन एरोज ने आई लीग सत्र की पहली जीत दर्ज की

कोलकाता। गुरपंतजीत सिंह के गोल की मदद से इंडियन एरोज ने रविवार को यहां कोलकाता के बड़े फुटबॉल क्लब मोहम्मडन एससी को 1-0 से हराकर आई लीग सत्र की पहली जीत हासिल की। एआईएफएफ की डेवलपमेंटल टीम ने शानदार डिफेंस और गोलकीपिंग का प्रदर्शन किया। गुरपंतजीत के 26वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत इंडियन एरोज दोनों टीमों के बीच पहले मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही। मोहम्मडन एससी ने हमले जारी रखे, लेकिन टीम आखिरी मिनट तक कोई गोल नहीं कर सकी और हार गई।

सीनियर महिला शिविर के लिए 25 खिलाड़ियों की घोषणा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने तोक्यो ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 25 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। अर्जेंटीना दौरे से लौटकर दो सप्ताह के विश्राम के बाद ए खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू केंद्र में एकत्रित होकर अनिवार्य पृथकवास पर रहेंगी। इन 25 खिलाड़ियों में गोलकीपर के रूप में सविता, रजनी इतिमारपु और बिछु देवी खरिबाम जबकि रक्षापंक्ति की खिलाड़ियों दीप ग्रेस एक्का, रीना खोकर, सलीमा टेटे, मनप्रीत कौर, गुरजीत कौर और निशा शामिल हैं। मध्य पंक्ति में निक्की प्रधान, मोनिका, नेहा, लिलिमा मिंज, सुशीला चानू और नमिता टोप्पो जबकि अग्रिम पंक्ति में रानी, लालरेमसियामी, वंदना कटारिया, नवजोत कौर, नवनीत कौर, राजविंदर कौर, ज्योति, शर्मिला देवी, उदिता, रश्मिता मिंज शामिल हैं। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर सात अप्रैल तक चलेगा।

मनीष ने शुरुआती 35 किमी पैदल चाल का स्वर्ण जीता

एजेंसी। रांची

ओलंपियन मनीष रावत ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल चैंपियनशप के दूसरे और अंतिम दिन पुरुष वर्ग की शुरुआती 35 किमी स्पर्धा में जीत हासिल की। उत्तराखंड के रावत ने तमिलनाडु के गणपति कृष्णन को नौ मिनट के अंतर से आसानी से पीछे छोड़ा दी। उन्होंने दो घंटे 49 मिनट 12 सेकेंड का समय निकाला, हालांकि वह अगले साल की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मानक दो घंटे 35 मिनट के समय से बाहर ही रहे।

विश्व एथलेटिक्स के टोक्यो ओलंपिक के बाद 50 किमी पैदल चाल स्पर्धा हटाने के फैसले को देखते हुए भारत में पहली बार 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रविष्टियों की कमी की वजह से महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा आयोजित नहीं की जा सकी। पंजाब के 36 वर्षीय गुरप्रीत सिंह ने पुरुषों की 50 किमी पैदल चाल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने तीन घंटे 59 मिनट 42 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। वह चार घंटे से कम समय में यह दूरी पार करने वाले पांचवें भारतीय बन गए। गुरप्रीत का समय हालांकि टोक्यो ओलंपिक के क्वालीफाइंग समय तीन घंटे 50 मिनट से नौ मिनट ज्यादा रहा। उत्तर प्रदेश के राम बाबू ने दूसरे और गुजरात के सागर जोशी तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की अंडर-20 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा में मध्यप्रदेश के विश्वेंद्र सिंह ने 42 मिनट 14 सेकेंड से स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिशी दूसरे और मध्यप्रदेश के बजरंगी प्रजापति तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में उत्तराखंड की रेशमा पटेल (49:28) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजस्थान की गीता लोहार और उत्तर प्रदेश की मुनीता प्रजापति ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

प्रवीण-निषाद ने एशियाई रिकार्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी। दुबई

ऊंची कूद के युवा खिलाड़ी प्रवीण कुमार और निषाद कुमार ने अपने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन से 12वीं फाजा अंतरराष्ट्रीय विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में रविवार को एशियाई रिकार्ड कायम करने के साथ अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रवीण और निषाद के स्वर्ण पदक से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपने अभियान को 23 पदकों के साथ खत्म किया। थाईलैंड ने 34 जबकि तुर्की, कीनिया और भारत के नाम एक समान 23 पदक रहे। मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के नाम 14 पदक रहे।

प्रवीण ने पुरुषों के एफ 42/44/64 ऊंची कूद प्रतियोगिता में 2.05 मीटर की कूद लगाकर एशियाई रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने भारत के पूर्व एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी शरद कुमार (1.76 मीटर) और हमादा हसन (1.76 मीटर) को पछाड़ा। दिन के आखिरी प्रतियोगता में 2019 में टोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके निषाद ने 2.06 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ टी 46/47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने थाईलैंड के अंगकर्न चनाबून (1.93 मीटर) और उजबेकिस्तान के ओमादबेक खासानोव (1.90 मीटर) को पछाडा। इससे पहले महिलाओं के 400 मीटर दौड के टी-13 वर्ग के स्पर्धा में सिमरन ने 1:01.56 मिनट के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। वह टी-13 वर्ग के 100 मीटर स्पर्धा में इससे से पहले स्वर्ण जीत चुकी है। महिलाओं के एफ-34 वर्ग के गोला फेंक में भारतीय खिलाड़ी भाग्यश्री महावर ने 6.18 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुषों के एफ-57 वर्ग के चक्का फेंक में अतुल कौशिक ने 42 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक जीता।

भारत ने 23 पदक के साथ खत्म किया अभियान

अंकिता ने फिलिप आईलैंड ट्रॉफी के पहले दौर में जीत दर्ज की

मेलबर्न। भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने डब्ल्यूटीए टूर प्रतियोगिता के एकल मुख्य ड्रा में एलिसबेट्टा कोकिएरेटो को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर रविवार को पहली जीत दर्ज की। अंकिता ने 235,238 डॉलर पुरस्कार राशि वाले फिलिप आईलैंड ट्रॉफी के इस मैच के पहले सेट मे पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-7 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दो घंटे 11 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत से उन्हें रैंकिंग में फायदा होगा। वह 181वीं स्थान से करियर के सर्वश्रेष्ठ 156वें रैंकिंग पर पहुंच जाएंगी।अंकिता ने डब्ल्यूटीए टूर पर यारा वैली क्लासिक और थाईलैंड ओपन में भाग लिया था लेकिन वह दोनों टूर्नामेंटों के पहले दौर में हार गई थी। इस 28 साल की खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा कि यहां परिस्थितियां काफी मुश्किल थी लेकिन उन्होंने इससे निपटने का तरीका ढूंढ लिया था। उन्होंने कहा, यहां काफी तेज हवा चल रही थी। मैंने अच्छी शुरूआत की थी लेकिन वह पहले सेट में लय में थी। मैं दूसरे और तीसरे सेट में अच्छा खेली।

वेस्टइंडीज 17 रन से जीता श्रृंखला 2-0 से क्लीन स्वीप की

ढाका। वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश पर 17 रन की रोमांचक जीत हासिल कर श्रृंखला क्लीन स्वीप की। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट 395 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट से जीता था। ऑफ स्पिनर रहकीम कोर्नवाल ने मैच में अहम भूमिका अदा की जिन्होंने 179 रन देकर नौ विकेट हासिल किए जिससे वेस्टइंडीज ने मेहदी हसन द्वारा दिखाए गए जज्बे के बावजूद श्रृंखला जीत ली। कोर्नवाल ने पहली पारी में 74 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे और उन्होंने दूसरी पारी में 105 रन देकर चार विकेट हासिल किए जिससे बांग्लादेश की टीम 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 213 रन पर सिमट गई। इस ऑफ स्पिनर ने मैच के विभिन्न चरणों में कई अहम भागीदारियां तोड़ी और अपनी टीम को जीत की ओर बढ़ाया।

मेस्सी ने रिकार्ड मैच में दोगे दो गोल, बार्सिलोना को दिखाई बड़ी जीत

बार्सिलोना। लियोनेल मेस्सी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने रिकार्ड 505वें मैच में दो गोल दागे जिससे बार्सिलोना ने अलावेस पर 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की। मेस्सी ने बार्सिलोना की तरफ से लीग में सर्वाधिक मैच खेलने के झावी हर्नांडेज के रिकार्ड की बराबरी की और इस मैच को यादगार बनाने में कसर नहीं छोड़ी। इस स्टार स्ट्राइकर ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम और फिर 75वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने भी दो गोल किए जबकि जूनियर फिर्पो ने टीम की तरफ से आखिरी गोल किया। बार्सिलोना के 22 मैचों में 46 अंक हो गए हैं और अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड की बराबरी पर पहुंच गया है, लेकिन गोल अंतर में उससे आगे दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड ने ग्रेनाडा पर 2-1 से जीत दर्ज करके शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एटलेटिको के 21 मैचों में 54 अंक हैं। उसकी तरफ से मार्कोस लोरेंटे और एंजेल कोरिया ने गोल दागे। अन्य मैचों में सेविला ने हुएस्का को 1-0 से हराया जबकि इबार और वल्लाडोलिड का मैच 1-1 से ड्रा रहा।

सेरेना और ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। मेलबर्न

सेरेना विलियम्स और नाओमी ओसाका ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले मैचों में जीत दर्ज करके आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थीम का सफर चौथे दौर में थम गया। सेरेना ने सातवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 6-4, 2-6, 6-4 से हराकर रिकार्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। उन्होंने इससे पहले आखिरी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट 2017 में आस्ट्रेलियाई ओपन में ही जीता था।

सेरेना का यह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में चौथे दौर का 62वां मैच था, जबकि सबालेंका इस दौर में अपना केवल दूसरा मैच खेल रही थी। इन दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन आखिर में सेरेना का अनुभव उनके काम आया। क्वार्टर फाइनल में वह सिमोना हालेप या इगा स्वितेक के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

सेरेना ने सातवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 6-4, 2-6, 6-4 से हराया

नाओमी ओसाका ने गर्बाइन मुगुरुजा का 4-6, 6-4, 7-5 से हराया

ताइवान की सी सु वेई से भिड़ेंगी ओसाका

ओसाका अब ताइवान की 35 वर्षीय सी सु वेई से भिड़ेगी। गैरवरीयता प्राप्त सु वेई ने 2019 की फ्रेंच ओपन की फाइनलिस्ट मार्केटा वांड्रोसोवा को 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह ओपन युग में अपने पहले ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी भी बन गई हैं। इस बीच पुरुष वर्ग में रूस के क्वालीफायर असलान करातसेव ने 20वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगुर अलिसामी को 3-6, 1-6, 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह पुरुष एकल में 1996 के बाद पहला मौका जबकि किसी खिलाड़ी ने ग्रैंडस्लैम में पदार्पण करते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। इससे पहले अलेक्स रादुलेस्कु ने 1996 में विंबलडन में यह करिश्मा दिखाया था।

आस्ट्रेलियाई ओपन 2020 के उप विजेता और यूएस ओपन चैंपियन डोमिनिक थीम हालांकि ग्रिगोर दिमित्रोव से 6-4, 6-4, 6-0 से हारकर बाहर हो गए। इससे पहले तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका ने दो मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की और गर्बाइन मुगुरुजा को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया। उन्होंने आखिरी चार गेम जीतकर शानदार वापसी की। आस्ट्रेलियाई ओपन में 2019 की चैंपियन ओसाका आखिरी सेट में 5-3 के स्कोर पर 15-40 से पीछे थी। मुगुरुजा के पास इस तरह से दो मैच प्वाइंट थे, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाई।

लैंगिक स्तर पर ज्यादा संतुलित कार्यशक्ति निर्मित करने के प्रति कंपनियों व संस्थानों की स्वीकार्यता बढ़ने से, समानता व सुरक्षा का मुददा या तो विविधता का वास्तविक परिणाम माना गया है या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति विविधता एवं समावेशी नीतियों व कानूनों के साथ सरोकार का मसला बन गया है। अपने शोधपक अध्ययन में इस विषय की व्यापक चर्चा करती हैं रूप सेन और उमा चटर्जी।

संस्थानों में जेंडर शिष्टाचार

समाज का नजरिया भी बदलना जरूरी

जब रमेश सुब्रमण्यम भारत के एक शीर्ष प्रबंधन कॉलेज से स्नातक करने के बाद बहुराष्ट्रीय बैंक का हिस्सा बनें तो उन्होंने ऐसी कार्यावधि की अपेक्षा थी जो उन्हें पेशेवर शिक्षण और प्रगति के अवसर प्रदान करती। वह तमिलनाडु के एक छोटे कस्बे में पले बढ़े थे और राज्य सरकार के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई की थी जहां, उन्हें लगता था, पढ़ाने की गुणवत्ता तथा प्रतिस्पर्धा सीमित थी। वह मानते थे कि यह सिर्फ समर्पण, धैर्य और कड़ी मेहनत के कारण था कि उन्होंने अपने अकादमिक कॅरियर में उन्नति प्राप्त की थी और वह इसे अपने पेशेवर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध थे। कंपनी का हिस्सा बने तीन महीने बीते थे, कि उन्हें मानव संसाधन मैनेजर का बुलावा आया जिसने उन्हें बताया कि कुछ महिला सहकर्मियों ने अपने प्रति उनके व्यवहार को लेकर शिकायत की थी और कहा कि वह महिलाओं के प्रति अपने नजरिए में यौनवादी एवं संरक्षणवादी हैं। यह एक असामान्य यौन उत्पीड़न शिकायत थी जहां शिकायतकर्ताओं ने उन्हें किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष यौन प्रस्ताव या कामुक आचरण करने का आरोप नहीं लगाया था, शिकायतकर्ता मानती थी कि वह महिलाओं को अपने से असमान समझते हैं, बौद्धिक तथा क्षमता के स्तर से हीन, और इसीलिए उत्पीड़न अपनी प्रकृति में लिंग आधारित था।

सरला तिवारी, जिनका भारतीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मानव संसाधन पेशेवर के रूप में काम करने का 25 साल का अनुभव है, बताती हैं, 'भारत में बड़ी कंपनियों के वरिष्ठ प्रबंधकों तक को नजरिए के स्तर पर पितृसत्तात्मक पाना कोई असामान्य बात नहीं है।' वह स्पष्ट करती हैं, 'मैंने एक बहुत बड़ी भारतीय कंपनी, जिसका कि तंबाकू का मुख्य कारोबार है, में देखा है कि कैसे तलाकशुदा महिलाएं कुत्सित इशारों का सामना करती हैं। हमारे छोटे शहरों या कस्बों की कंपनियों में, जहां कर्मचारी ज्यादातर स्थानीय होते हैं और ऑफिस में कम महानगरीय संस्कृति, लैंगिक नियम होते हैं, समुदाय की सामाजिक संस्कृति नजर आती है। इसलिए, अगर प्रचलित नियम घर पर महिलाओं के लिए पहले गृहिणी होना, बाद में पेशेवर होना है या महिलाएं को पुरुष आक्रामकता को झेलना पड़ता है, यही रूझान विभिन्न रूपों में काम में भी नजर आता है और जो सामान्य बात मान लिया जाता है और उसकी शिकायत दर्ज नहीं की जाती है। टकराव तब सामने आता है जब ज्यादा संकीर्णवादी समुदाय से लोग महानगरीय कार्यालयों में आते हैं तो वहां सांस्कृतिक टकराव हो सकता है।'

कार्यस्थल पर जेंडर विविधता के महत्व को 80 और 90 के दशक में जाकर ही पहचान व स्वीकार्यता हासिल हुई जहां महिलाओं ने अधिक संख्या में औपचारिक व अनौपचारिक कार्यस्थल में काम करना शुरू किया, उन्होंने पितृसत्तात्मक बंधनों को तोड़ा जिन्होंने महिलाओं का घरेलू काम, बच्चों की परवरिश तथा अवैतनिक देखभाल करने वाला श्रमिक बना रखा था। साल 2000 ने महिलाओं को वैश्विक कार्यशक्ति का 39.49 प्रतिशत हिस्सा बनते देखा जो 2019 के विश्व बैंक अध्ययन के मुताबिक 19 सालों में मामूली तौर पर घटकर 38.85 हुआ। उसके बावजूद, महिलाओं का प्रबंधन तथा बोर्ड के पदों पर भारी अल्पसंख्या में बने रहना पितृसत्तात्मक सत्ता समीकरणों का संकेत करता है, जो बताता है कि कार्पोरेट सेक्टर में महिलाओं की तुलना में पुरुष अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए, हालांकि रमेश का मामला एक अपवाद सा या विशेष मामला लग सकता है, मगर लैंगिक भेदभाव आधुनिक संस्थानों में काफी ज्यादा प्रचलित है जिसे हम स्वीकारने पर ध्यान देते हैं, सिवाय इसके कि इस संबंध में रमेश की अभिव्यक्ति ज्यादा सीधी, बेबाक व ईमानदार हो सकती है।

सामान्य जेंडर शिष्टाचार का मामला

लैंगिक स्तर पर ज्यादा संतुलित कार्यशक्ति निर्मित करने के प्रति कंपनियों और संस्थानों की स्वीकार्यता बढ़ने से, समानता व सुरक्षा का मुददा या तो विविधता का वास्तविक परिणाम माना गया है या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति विविधता एवं समावेशी नीतियों व कानूनों के साथ सरोकार का मसला बन गया है। समानता का मुद्दा अल्पसंख्यकों को समान अधिकारों व अवसरों तथा भेदभाव न किए जाने का दावा करता है, जबकि सुरक्षा का मुददा वहां हिंसा और अतिक्रमण के प्रति शून्य सहिष्णुता की घोषणा करता है जहां व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के अपमान, उत्पीड़न एवं यौन शोषण के लिए सत्ता का उपयोग करता है। दोनों उपकरणों का उददेश्य, क्या अपेक्षित है और क्या अपेक्षित नहीं है, या क्या प्रोत्साहनयोग्य होगा और क्या दंडनीय होगा, के प्रति स्पष्टता निर्मित करना है।

> **यौनिक अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के विरुद्ध पूर्वाग्रह समाप्त करने के लिए, पश्चिमी देशों या यूरोप तथा अमेरिका में बहुराष्ट्रीय मुख्यालयों में, साक्षात्कार में वैवाहिक स्थिति, घरेलू प्रबंधन, गर्भवती योजनाओं या बच्चों से संबंधित व्यक्तिगत प्रश्न पूछने पर साक्षात्कारों पर प्रतिबंध है।**

उदाहरण के लिए, अधिकांश विविधता संबंधी नीतियां नियुक्तियों और पदोन्नतियों में विविधिता को सुनिश्चित करने की प्रक्रियाओं या लक्ष्य प्रस्तावित करती हैं। यौन उत्पीड़न नीतियां उन आचरणों को परिभाषित करती हैं जो प्रकृति में अतिक्रमण मसलन पेशेवर समर्थन के आदान प्रदान में यौनिक प्रस्तावनाएं या यौनिकता संबंधी मौखिक, अमौखिक, लिखित या छवि सामग्री जो अवांछनीय हैं की शेयरिंग के रूप में देखे जाएंगे। इन नीतियों व कानूनों को कारगर होने में जो चुनौतियां हैं वो है मंशा, वर्णक्रम, अर्थ निकालना, सुरक्षा और गरिमा की पूर्वमान्यताएं या भेदभावपूर्ण सीमाएं।

युवा मार्केटिंग पेशेवर, शालिनी अग्निहोत्री, जो नोएडा में रहती हैं और जिनका कार्यालय गुरुग्राम में है, बताती हैं, 'मेरा बॉस बार बार कहता है कि अगर मैं ऑफिस में लेट हो जाती हूं, तो मुझे टेक्सी में यात्रा नहीं करनी चाहिए, या तो मैं प्राइवेट वाहन बुला लूं या अपने पति से कहूं कि वो आए और मुझे ले जाए।' वो आगे कहती हैं, 'मैं समझती हूं कि उनका इरादा शायद चिंता करना है, लेकिन वह मेरे किसी भी पुरुष सहकर्मी से कभी ऐसा नहीं कहते हैं। वह जो चीज नहीं महसूस करते हैं वो यह कि ऐसी भद्र लैंगिक भेदभाव ईर्ष्या को भड़काता है या उदार लैंगिक भेदभाव की पैरवी करता है। और मुझे नहीं मालूम कि मैं उन्हें कैसे समझाऊं कि मुझे उनकी यह सलाह नापसंद है कि मैं अपने पति से कहूं कि वो मुझे आकर ले जाए यह बात मुझे बहुत नागवार गुजरती है।' टीम में अन्य महिला सहकर्मी इस तजुर्बे को साझा नहीं करते हैं क्योंकि उनमें से ज्यादातर गुरुग्राम में रहते है और उन्हें लंबी दूरी का यात्रा नहीं करनी होती है।

कोलकाता स्थित, सबसे बड़ी वैश्विक टेक-कंपनियों में से एक में कार्यरत 24 वर्षीया सुमन बनर्जी कहती हैं, 'मुझे परेशानी होती है जब हमारा बॉस हममें से एक बनने की कोशिश करता है, और जिस तरह वह ऐसा करने की कोशिश करता है वो और भी ज्यादा विचित्र लगता है।' सुमन कहती हैं, 'वह ओहदों के बीच की असमानता को न्यूनतम करने का प्रयास करता है और इसीलिए अपने आफिस में बैठने के बजाय वह हमारे साथ, हमारे कार्यक्षेत्र में अपनी टीम के साथ बैठता है, जो बहुत अच्छी बात है। वह अपमानित हो जाता है यदि हममें से कोई सिगरेट पीने के लिए जाता है और उन्हें अपने साथ शामिल नहीं करता। इसलिए, हमने उसे अपने सुट्टापान अवकाश में शामिल करना शुरू किया। यह अजीब लगने लगा जब उसने हमारे साथ यौनिक मजाक साझा करने शुरू किए या अपने यौनिक शोषणों के बारे में बताना शुरू किया। वह मेरे पिता से थोड़ा कम उम्र है और यह मुझे बहुत असहज महसूस कराता है कि वह चाहता है कि हम अपनी अंदरूनी चर्चाओं में उसे शामिल करें। मेरे ज्यादा सहकर्मी इस पर असल में एतराज नहीं करते हैं, बल्कि उसे प्रोत्साहित करते हैं, और उसे अपने साथ जोड़ते हैं, लेकिन मेरे सामाजिक रूझान के साथ यह मेल नहीं खाता है।'

अक्सर, उन संस्थानों का, जो बुद्धिशाही के मूल्यों में विश्वास करते हैं, तर्क है कि जेंडर का व्यक्ति की पेशेवर पहचान पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए और यह कि पेशेवर को जेंडर तटस्थ होना चाहिए। तटस्थता को उन तनावों के समाधान का तरीका माना जाता है, जो जेंडर या यौनिक विविधता से उपजे हो सकते हैं। हालांकि, सुरक्षा, गरिमा, अतिक्रमण एवं अपमान की हमारी इंद्रियां दो या उससे अधिक व्यक्तियों तथा तंत्र के बीच जेंडर एवं यौनिक विविधता का क्रिया हैं। शालिनी का संदर्भ इस प्रकार कूट बद्ध है क्योंकि वह एक महिला है, क्योंकि दर्ज होने वाली अपराध सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाएं यौनिक हिंसा का कहीं ज्यादा शिकार होने के लिए संभावित होती हैं। ऐसे में स्थिति को समझना असंभव नहीं होगा, जहां शालिनी को जेंडर तटस्थता के बतौर नहीं देखा जाएगा। सुमन के मामले में, स्थिति नाटकीय ढंग से भिन्न हुई होती बशर्ते कि यदि मैनेजर किसी रूप में महिला अधीनस्थों के साथ जुड़ने का प्रयास करता।

काम पर जेंडर आयामों की धुंध से निपटने की जटिलताओं के निपटने के मामले में, व्यक्ति सामान्य शिष्टाचार की किताब चाहता है, जिसमें स्पष्ट सूची हो कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। वैश्विक स्तर पर, या शायद पश्चिमी देशों में ज्यादातर, अतिक्रमणों एवं उल्लंघनों की संभावना से निपटने का सबसे आम नजरिया सीमाएं लागू करने के जरिए है। सीमाएं सुरक्षा गढ़ने में सहायता कर सकती हैं और सीमाएं निर्मित करने से अतिक्रमण की संभावना न्यूनतमक की जा सकती है। उदाहरण के लिए, भर्ती में यौनिक अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के विरुद्ध पूर्वाग्रह समाप्न करने के लिए, पश्चिमी देशों या यूरोप तथा अमरीका में बहुराष्ट्रीय मुख्यालयों में, साक्षात्कार में वैवाहिक स्थिति, घरेलू प्रबंधन, गर्भवती योजनाओं या बच्चों से संबंधित व्यक्तिगत प्रश्न पूछने पर साक्षात्कारों पर प्रतिबंध है। इसी तरह, भारत तथा अधिकांश अन्य देशों में यौन उत्पीड़न कानून भी उन प्रतिबंधित आचरणों पर जोर देते हैं जो अतिक्रमणवादी, अपमानजनक, शोषणकारी हो सकते हैं। हालांकि, कार्यस्थलों को अधिक सुरक्षित, अधिक समावेशकारी या बहुआयामी बनाने में इन सीमाओं का असर संदिग्ध है।

जेंडर आधारित उल्लंघनों का मुद्दा मासूस अतिक्रमण से पोषित हो सकता है, जैसा कि कोई रमेश के मामले को मान सकता है जहां उसका दृष्टिकोण सामाजीकरण का उत्पाद है, या यह सोचा समझा पूर्वाग्रह का उत्पाद हो सकता है, जिसमें व्यक्ति या अनेक व्यक्ति पितृसत्तात्मक हैसियतों पर जोर देने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करते होंगे। जब यौनिक अल्पसंख्यकों के समावेशन से निपटने का प्रश्न आता है तो संस्थानों को स्वीकारना होगा और अपने कार्यबल से अपराधबोध, शर्म, भय और पूर्वाग्रह की जद्दोजहद अनुभव करने की अपेक्षा करनी होगी क्योंकि सभी संस्कृतियों में लोग समलैंगिकों के प्रति भय लेकर पले बढ़े हैं और आज भी पल बढ़ रहे हैं। इसलिए यह मानना कि प्रगतिशील नीति और सांगठनिक जोर हर किसी को इन मूल्यों से मुक्त कर देंगे और व्यक्ति का विश्व नजरिया व मूल्यों को बदल देंगे, महज एक खुशफहमी पालना है।

जेंडर शिष्टाचार का अध्ययन करना

गैरबराबरीपूर्ण सामाजीकरणों की धार को कुंद करने के लिए, जिसमें कि लोग अपने परिवार में पलते बढ़ते हैं, संस्थानों में एकरूपी आचरण के किस्सों का पीछा करने के बजाय ज्यादा उपयोगी यह हो सकता है कि समुदाय और समाज जेंडर शिष्टाचार का अध्ययन करें ताकि अंतर्निहित सामान्य माने गए विश्वासों व मूल्यों को, गरिमा और सुरक्षा की भावनाओं, लिंगों की समानता तथा विशिष्टता को समझ सकें। अमेरिकी नृविज्ञानी, सेमोर पार्कर लिखते हैं, 'जेंडर शिष्टाचार की प्रथा एक सांस्थानिक सामाजिक प्रदर्शन है जिसका सबसे छोटा तत्व, या प्रतीक, जेंडर की सामाजिक मानकी अर्थों के रूपांतरकारी वाहनों का काम करता है।' उनके मुताबिक, जरूरत है कि पारंपरिक जेंडर आचार विचारों के साथ आगे बढ़ा जाए और स्पष्ट जेंडर-भूमिका वाली सीमाओं की आवश्यकता के साथ जोड़ा जाए।

इसीलिए, प्रकल्पित अर्थ द्वारा, प्रत्येक संगठन के पास पालन हेतु अपना खुद का जेंडर शिष्टाचार होगा जो जेंडर, यौनिकता तथा जेंडर आयाम जो उन्होंने अपने समाज, समुदाय व परिवारों से हासिल किए हैं, पर इसके लोगों के समाजीकरण का उत्पाद हो सकता है। यह न केवल संस्थान के सदस्यों के बीच भूमिकाओं, आचरणों व नजरियों में नजर आएगा, बल्कि यह मूल्यों, ईमानदारी के विचारों, सीमाओं की समझ तथा गरिमा एवं प्रतिस्पर्धा एवं नेतृत्व के चिन्हकों के वर्णक्रम में भी नजर आएगा। क्योंकि विविधता की अपनी क्षमता उभारने के लिए एक संस्थान को, किसी सुधारवादी या दंडात्मक नजरिया रखने वाली किताब के बजाय, जेंडर आयामों पर तंत्र की संरचना को समझने हेतु परानुभूति तथा जिज्ञासु नजरिया रखने की आवश्यकता है।

आधार रेखा का मापने के लिए संस्थान हार्डवेयर तक सीमित नहीं रह सकते हैं मसलन अलग शौचालय, विविधतापूर्ण नीतियां, मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश तथा पालनाघर आदि जैसी प्रत्यक्ष व दिखने वाली सुविधाएं। आधार रेखा में अप्रत्यक्ष चीजों को शामिल करने की जरूरत है, मसलन लोगों का लैंगिक भेदभाव संबंधी नजरिया व मान्यताएं, गुणों संबंधी उनकी महत्ता, जो मर्दाना या नारीत्व से संबंधित हो सकती है, और ये किस तरह सांस्थानिक संस्कृति व अवचेतन व्यवहारों में बदलते हैं। शिष्टाचार का तंत्र कोई ऐसी चीज नहीं हैं जो नीति बनाकर थोपा जा सकता है, न ही संस्थान की अपने लोगों से अपेक्षाओं एकांगी, सरलीकृत हो सकती हैं कि आचरण के स्तर पर यह करो और यह न करो। एक व्यवस्था के रूप में जेंडर शिष्टाचार शायद ऐसे प्रश्नों से जूझने की प्रतिबद्धता होनी चाहिए कि किस तरह व्यवस्था अपने प्रबंधन एवं प्रशासन में मर्दानातथा नारीत्व सिद्धांतों को महत्व देती है।

-रूप सेन और उमा चटर्जी की हाल में सेज पब्लिकेशंस इंडिया से अपनी किताब पॉवर, सेक्सुएलिटी, जेंडर डायनामिक्स एट वर्क प्रकाशित हुई है।

ईश्वर हमेशा सुन रहा है

सर्वव्यापी होकर ईश्वर क्या करता है? वह देखता है, सुनता है और जानता भी है कि हम क्या सोच रहा हैं। ईश्वर ऐसा क्यों करता है क्योंकि उसे आवश्यकता पड़ने पर प्रतिउत्तर देना होता है। मान लीजिए एक छोटी लड़की अपनी बीमार मां के त्वरित उपचार के लिए अपने घर में प्रार्थना कर रही है, तो ईश्वर को कृपा करनी होगी, उसे जवाब देना होगा। ऐसा है सृष्टि विधान। वह कैसे और कब काम करेगा, यह पूरी तरह उसके ऊपर है, लेकिन वह निश्चित रूप से कुछ न कुछ करेगा। कोई भी प्रार्थना कभी बेकार नहीं जाती है। इसी प्रकार, हमारे सभी आध्यात्मिक कार्यों पर ईश्वर द्वारा ध्यान दिया जाएगा और उन्हें उचित नवाजा जाएगा, पुन: जैसा उसने आदेश दिया है। क्योंकि ईश्वर ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित करता है। यह व्यक्ति को अच्दे व्यक्ति से अलग करते हैं। ऐसी आत्माएं अच्छे व्यक्ति होने के साथ साथ आध्यात्मिक हैं। अच्छे लोग दिव्य नेमतों के साथ जन्मे होते हैं। उन्होंने अभी आध्यात्मिक स्तर तक की प्रगति नहीं की है। हालांकि, जैसे उनका शुद्धत स्तर उठता जाता है, वे अंततोगत्वा ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार करेंगे और ईश्वर के नाम का जाज जैसे आध्यात्मिक कार्य करने लगेंगे। अच्छे लोगों को दिव्य शक्तियों द्वारा उनके अच्छे कमों के लिए पुरस्कृत किया जाता है। और यदि ऐसे भले लोग कल्याणकारी कार्यों के कर्ता बन जाता हैं तो वे बुरे अंजाम तक नहीं पहुंचने के लिए सुरक्षित होते हैं।

अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि ईश्वर सर्वव्यापी एवं दाता है। परम शक्तियों द्वारा नवाजे जाने के लिए अपने कर्मों को सुधारने का काम करें

आध्यात्मिक मन के लोग इसके विपरीत ईश्वर के भक्त के रूप में जाने जाते हैं। जैसा कि ईश्वर देख रहा है, सुन रहा है और वह सबकुछ जानता है, उनके सभी आध्यात्मिक कार्यों पर ईश्वर ध्यान देता है और वह उचित पुरस्कारों के जरिए उनका संज्ञान लेता है। उदाहरण के लिए, जब राम का जाप करते हैं, तो ईश्वर इसे सुनता है। और जैसा कि ईश्वर जानता है कि ऐसा करने के पीछे आपके विचार क्या हैं, वह उचित ढंग से उत्तर देगा। जैसा कि ईश्वर असीम है, वह वो सब कुछ दे सकता है जो उसे लगता है कि उसका भक्त हकदार है। ईश्वर की प्रतिक्रिया आम व्यक्ति की प्रतिक्रिया से भिन्न होती है। मान लीजिए कोई मेरा नाम पुकारता है तो मैं सुनाई देने की दूरी के भीतर होना होगा ताकि मैं सुन पाऊं। यदि मैं सुन लेता हूं तो मुझे ऐसे कार्य के उद्देश्य को सुनिश्चित करना होता है। उसके बाद भी, मुझे तय करना होता है कि मैं उसकी मदद कर सकता हूं या करना चाहता हूं, क्योंकि हम सीमित हैं और हमारे संकीर्ण हित होते हैं, जबकि ईश्वर की ऐसी कोई सीमाएं नहीं होती हैं।

हर चीज की सजगता पाने के लिए ईश्वर की प्रेरणा की ओर लौटें। पहला है निरंतरता की आवश्यकता। सृष्टि लाखों सालों से कायम है। ईश्वर किसी ऐसे कार्य की अनुमति नहीं दे सकता जिससे सृष्टि की दीर्घजीविता खतरे में पड़े। इसीलिए, उसे हर चीज, मसलन, जो कुछ भी उसकी सृष्टि होता है, यहां तक कि जो हम सोच रहे हैं, के प्रति सजग होना होता है। ईश्वर अपनी सृष्टि को कोई गंभीर क्षति नहीं होने देगा। दूसरी प्रेरणा है प्राणियों का उचित कामकाज। इसीलिए देवी-देवता गढ़े गए हैं, ये हमसे भिन्न विशिष्ट आत्माएं हैं। वे अपने परम नियंता के तहत कर्मफल सिद्धांत का काम देखते हैं। तीसरी प्रेरणा है उन अच्छे लोगों को प्रोत्साहित करना जो सृष्टि के कामकाज में लिए उपयोगी हैं। उस दुनिया की कल्पना करें जहां सिर्फ बुरे लोग हैं यानी वे लोग जिनमें दानवी गुणों का वर्चस्व है। जो कारगर नहीं होगा। ऐसे अच्छे लोगों को दिव्य शक्तियों द्वारा उनके अच्छे कर्मों के लिए उचित सम्मानित किया जाता है।

चौथी प्रेरणा है उन भली आत्माओं को पुरस्कृत करना, जिन्होंने भलाई के स्तर से आध्यात्मिक स्तर की प्रगति की है, मसलन वे लोग जो अब आध्यात्मिक कार्यों में करने में संलिप्त भी है, जैसा कि पहले उल्लिखित है जब अच्छाई बढ़ती है, तो व्यक्ति आध्यात्मिक रूझान की ओर अग्रसर होगा, यह स्वाभाविक है और जब व्यक्ति आध्यात्मिक कार्य करता है तो अच्छाई व शुद्धता अनेक स्तरों पर फलती फूलती है। ऐसे लोग सृष्टि के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जो ईश्वर करता है क्योंकि वह उन पर ध्यान देता है। ये आध्यात्मिक कार्य ईश्वर के भक्तों को अच्छे लोगों से अलग करते हैं।